e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 50
गुरुवार
20.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

हर खुशी को खुशी मत समझो, हर गम को गम मत समझो, अगर इस दुनिया में जीना है तो खुद को किसी से कम मत समझो!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### दिल्ली का कपड़ा व्यापारी कार में जिंदा जला

**सोनीपत :** सोनीपत में बीती देर रात को दिल्ली का एक कपड़ा व्यापारी कार में जिंदा जल गया। यह हादसा खरखौदा में राष्ट्रीय राजमार्ग 334-बी पर हुआ। व्यापारी रोहतक से दिल्ली वापस जा रहा था। गांव रोहणा के पास कार में आग लगी और व्यापारी को कार से बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला और वह जल गया। व्यापारी की जलने के कारण उसकी मौत हो गई।पुलिस के अनुसार दिल्ली के रोहिणी निवासी दीपक की दिल्ली के कुतुबगढ़ गांव में मामा-भांजा के नाम से रेडीमेड कपड़ों की दुकान है। आगजनी की घटना के समय दीपक कार में अकेले थे। कार से दीपक का बुरी तरह से जला हुआ शव बरामद हुआ। कार में आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच कर रही है।

### डेढ़ किलो से अधिक गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हरिद्वार :** सिडकुल थाना पुलिस ने एक नशा तस्कर को भारी मात्रा में गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित पर पूर्व में करीब एक दर्जन मुकदमें दर्ज हैं।जानकारी के मुताबिक ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस ने चेकिंग के दौरान इंद्रलोक कॉलोनी तिराहे से पहले एचआरडीए आवासीय कॉलोनी के समीप एक आरोपित को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर आरोपित के पास से 1 किलो 736 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम पता अक्षय उर्फ टाइगर निवासी ग्राम टांडा भागमल थाना लक्सर हाल निवासी सम्राट मार्केट रावली महदूद सिडकुल हरिद्वार बताया। आरोपित पूर्व में कई बार जेल जा चुका है। आरोपित के खिलाफ थाना सिडकुल समेत अन्य थानों में दर्जन भर मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

### लखनऊ एक्सप्रेस वे पर कार हुई दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत व तीन घायल

**फिरोजाबाद :** नसीरपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बुधवार को एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत और चालक समेत तीन लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतक व घायल महाकुंभ स्नान कर दिल्ली वापस लौट रहे थे।हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर थाना नसीरपुर क्षेत्र अन्तर्गत माइलस्टोन 52.600 किलोमीटर पर बुधवार सुबह हुआ। यहां एक कार आगे चल रहे किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई, जिससे कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही यूपीडा की टीम व थाना नसीरपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल दुर्घटनाग्रस्त कार में फंसे सभी लोगों को वाहन से निकाला। कार में चालक सहित कुल छह लोग सवार थे, जिनमें से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

### मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुआ ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी की बैठक

# जमीनी स्तर पर करें पार्टी को मजबूत : खड़गे

**मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, सबसे जरूरी बात अकाउंटेबिलिटी की है. सभी अपने प्रभार वाले राज्यों के संगठन और भविष्य के चुनाव परिणामों के लिए अकाउंटेबल होंगे. उन्होंने कहा, सभी जानते हैं कि कांग्रेस का संविधान बचाओ अभियान चल रहा है. जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम को पार्टी ने बेलगांव में तय किया था.**




एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी की बैठक की अध्यक्षता की. बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी को किस तरह से मजबूत किया जाए, चुनाव के दौरान वोटर लिस्ट मैनिपुलेशन और पीएम मोदी की अमेरिका दौरे पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से प्रतिबद्ध लोगों को आगे बढ़ाना चाहिए, जो विपरीत परिस्थितियों में भी चट्टान की तरह दल के साथ खड़े हैं.मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा,सबसे जरूरी बात अकाउंटेबिलिटी की है. सभी अपने प्रभार वाले राज्यों के संगठन और भविष्य के चुनाव परिणामों के लिए अकाउंटेबल होंगे. उन्होंने कहा, सभी जानते हैं कि कांग्रेस का संविधान बचाओ अभियान चल रहा है. जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम को पार्टी ने बेलगांव में तय किया था. ये अगले एक वर्ष तक चलेगा, जिसके तहत पदयात्रा, संवाद, कॉर्नर मीटिंग, जैसी गतिविधियां चलाई जा सकती हैं, लेकिन ऐसे हर कार्यक्रम का लक्ष्य होना चाहिए संगठन का सशक्तिकरण.

#### पार्टी के सामने नई चुनौती

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा,हमारे सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है. आप जानते हैं कि इन दिनों चुनाव में वोटर लिस्ट मैनिपुलेशन का काम बड़े पैमाने पर हो रहा है. इसके बारे में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी सवाल उठाया. सभी को महसूस होगा कि आज कल हमारे समर्थकों के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए जाते हैं. या नाम हटाकर बगल के बूथ से जोड़ दिया जाता है. भारतीय जनता पार्टी की तरफ से नए नाम चुनाव के ठीक पहले जोड़े जाते हैं. इस धांधली को हर हाल में रोकना होगा.

#### मुख्य चुनाव आयुक्त के सिलेक्शन पर उठाए सवाल

खरगे बोले,सुप्रीम कोर्ट के आदेश से मुख्य चुनाव आयुक्त की सिलेक्शन कमेटी में चीफ जस्टिस को भी जोड़ा गया था. पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें भी बाहर कर दिया. सरकार को देश के चीफ जस्टिस की निष्पक्षता पर भी भरोसा नहीं है. सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई होने वाली थी, सरकार ने इसके पहले नए मुख्य चुनाव आयुक्त की घोषणा कर दी. राहुल जी ने कहा भी कि ऐसे सिलेक्शन कमेटी का क्या फायदा, जहां आप लोकसभा में विपक्ष के नेता का इस्तेमाल सिर्फ़ सर्टिफिकेशन के लिए कर रहे हैं ?

#### महंगाई और बेरोजगारी का उठाया मुद्दा

खरगे ने कहा, इन बातों के साथ देश के सामने अनगिनत चुनौतियां हैं. महंगाई और बेरोजगारी स्थाई मसला बना हुआ है. मोदी सरकार इस मामले में पूरी तरह विफल रही है. नरेंद्र मोदी की यात्रा के बावजूद अमेरिका पहले की ही तरह भारतीय नागरिकों को हथकड़ी लगा कर वापस भेज रहा है. शाकाहारी यात्रियों को मांसाहारी खाना दिया गया. हमारी सरकार इस अपमान का ठीक तरीके से विरोध जताने में भी विफल रही. आर्थिक मामलों में भी अमेरिका हम पर गहरी चोट कर रहा है. हम पर उलटा टैरिफ लगा दिया, लेकिन प्रधानमंत्री ने इसका विरोध तक नहीं किया.

## दिल्ली की मुख्यमंत्री बनेंगी रेखा गुप्ता, शपथ समारोह आज



**रेखा गुप्ता वर्तमान में केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं।**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** बीजेपी विधायक दल की बैठक में दिल्ली के मुख्यमंत्री का नाम फाइनल हो गया है। रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री घोषित किया गया है। प्रवेश वर्मा डिप्टी सीएम होंगे। बुधवार की शाम को भारतीय जनता पार्टी ने रेखा गुप्ता को दिल्ली में विधायक दल का नेता चुन लिया है। बता दें कि भाजपा ने सीएम के नाम का फैसला करने के लिए रविशंकर प्रसाद और ओपी धनखड़ के रूप में दो केंद्रीय पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया था। इसके बाद बुधवार की शाम को रेखा गुप्ता के नाम की घोषणा की गई और इसके साथ ही उनका नाम दिल्ली की अगली सीएम के रूप में तय हो गया। रेखा गुप्ता वर्तमान में केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से विधायक हैं।

वह भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी की वंदना कुमारी को 29595 वोटों से चुनाव हराया था।दिल्ली के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह आज गुरुवार को होगा। शपथग्रहण समारोह में पीएम मोदी समेत कई मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। गेस्ट लिस्ट के अनुसार, 11-12 बजे के बीच सभी गेस्ट शपथ ग्रहण समारोह में आ जाएंगे। मनोनीत मुख्यमंत्री और मंत्री पद की शपथ लेने वाले विधायक शपथग्रहण के लिए 12 बजकर 10 मिनट पर पहुंचेंगे। 12.15 मिनट पर एलजी पहुंचे। 12.120 मिनट पर केंद्रीय मंत्री, अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम पहुंचेंगे।शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए पीएम मोदी दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर पहुंचेंगे। दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर दिल्ली के नए मुख्यमंत्री पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। इसके बाद विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। एलजी वीके सक्सेना मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे।बता दें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और नए मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह 20 फरवरी को रामलीला मैदान में होगा। समारोह सुबह 11 बजे शुरू होगा। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना दोपहर 12.35 बजे मनोनीत मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री और एनडीए के मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री इस समारोह में पहुंचेंगे।

## कृषि के तौर-तरीकों को बदलें किसान : कृषि मंत्री



एजेंसी

**मेदिनीनगर :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि किसानों को समय के साथ कृषि के तौर-तरीकों को बदलना होगा। सब आधुनिकरण हो रहा है। किसानों को कृषि कार्य मजदूर की तरह नहीं व्यवसाय के रूप में करना होगा। पारंपरिक व्यवस्थाओं को बदलना होगा। धान-गेहूं की जगह संतरा, ड्रैगन फरूट आदि फल-सब्जियां आदि नगदी फसलों का उत्पादन करना होगा। माननीय मंत्री आज पलामू के शिवाजी मैदान में आयोजित प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी-2025 के अवसर पर किसानों को संबोधित कर रहीं थीं।

मेला में किसानों के बीच परिस्थितियों का भी वितरण किया गया। मंत्री सभी स्टॉल का निरीक्षण कर वहां प्रदर्शित कृषि उत्पाद एवं कृषि यंत्रों का अवलोकन किया। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को बीज-खाद का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पलामू में क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र स्थापित है। कृषि विज्ञान केन्द्र भी है। यहां के किसानों के विकास में इन्हें पूरा योगदान करना होगा। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ एक ही लाभूक को नहीं, बल्कि अलग-अलग किसानों को देना होगा।उन्होंने वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट की चर्चा करते हुए कहा कि पलामू में तेलहन की खेती की प्रबल संभावनाएं हैं। पलामू तेलहन की खेती के लिए जाना जाएगा।





## सड़क दुर्घटना में 6 की मौत



एजेंसी

**गिरिडीह :** डुमरी-गिरिडीह पथ पर बाइक और स्कॉर्पियो के बीच जबरदस्त टक्कर हुआ. इस घटना में छह लोगों की मौत हुई. मरने वालों में से चार लोग स्कॉर्पियो पर सवार थे और बाकी लोग बाइक पर सवार थे. यह घटना मधुबन थाना इलाके के लट्टकट्टो की है. बताया जाता है कि मंगलवार की मध्य रात्रि स्कॉर्पियो और बाइक विपरीत दिशा से आ रही थी.

इसी दौरान लाइट से स्कॉर्पियो चालक का संतुलन बिगड़ गया और उसने पहले बाइक सवार को धक्का मार दिया फिर पेड़ से जा टकरायी. घटना की सूचना डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार को मिली. सूचना पर मधुबन थाना की पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत से वाहन से शव को बाहर निकाला.एसडीपीओ सुमित कुमार ने बताया है कि छह लोगों की जान चली गई है. मरने वालों में चार स्कार्पियो पर सवार थे तो दो बाइक पर. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो पर सवार मृतकों की पहचान मुंगेर मुफ्फसिल थाना अंतर्गत दरियापुर निवासी रहने वाले 40 वर्षीय सोमेश चंद्रा पिता रवि शंकर प्रसाद सिंह, गोपाल कुमार पिता नरेश प्रसाद सिंह, और गुलाब कुमार के तौर पर की गई है. जबकि एक की पहचान नहीं हो सकी है.बाइक पर सवार मृतकों में मधुबन थाना इलाके के छछंदो निवासी 26 वर्षीय बबलू कुमार टुडू पिता चेतलाल टुडू तथा मधुबन थाना इलाके के धावाटांड निवासी 55 वर्षीय हुसैनी मियां पिता स्व लाटो मियां के तौर पर हुई है.



# पलामू में सतही जल को बचाने से आयेगी खुशहाली : वित्त मंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनी नगर में आयोजित कृषि मेला को संबोधित करते हुए वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि पलामू जिला का ग्रामीण अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है। किसानों की खुशहाली से पलामू का आर्थिक विकास संभव है। पलामू सुखाड़, आकाल की चपेट में रहता है। पलामू में खेती के लिए जरूरत से भी कम बारिश होती है। ऐसे में सतही जल को बचाना आवश्यक है। इसे बचा लेने से किसान हम सफल बनेंगे। सतही जल को नहीं बचाने से भूगर्भीय जल की भी संकट होगी। उन्होंने कहा कि किसानों का माइंडसेट बदलने की आवश्यकता है। धान-गेहूं की खेती से अलग होकर फल एवं सब्जियों की खेती की ओर रूख करना होगा। कृषि विश्वविद्यालय पलामू में होंगे, तो कृषि के क्षेत्र में शोध हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि यहां की अरहर दाल की गुणवत्ता बहुत बेहतर है। उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए मिल्क प्रोडक्शन को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यहां मछली पालन की भी प्रबल संभावना है। यह पठारी क्षेत्र है। यहां छोटे -छोटे चेकडैम बनाकर मछली पालन की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। मछली उत्पादन में आगे बढ़ने से दूसरे राज्यों पर से निर्भरता समाप्त होगी और पलामू दूसरे जिलों को मछली भेज सकेगा।

**सोलर पंप से खेत में पानी पहुंचाकर खेती बढ़ाया जाए**

मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि विकास के लिए खेती को आगे बढ़ाना होगा। खेती से अंतिम व्यक्ति से लेकर ऊपर तक के लोगों को लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को भारत के मानचित्र पर ले जाने के लिए प्रयत्नशील हैं। पलामू, गढ़वा व लातेहार में कृषि की कई संभावनाएं हैं। लातेहार में बेतला टूरिस्ट पैलेस है। छोटी-छोटी नदियों में सोलर पंप लगाकर किसानों के खेत में पानी पहुंचाकर खेती को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने लातेहार के मनिका विधानसभा क्षेत्र के लिए विशेष पैकेज देने की मांग की।

**पलामू के लिए स्पेशल ड्राइव चलाकर खेत में पानी पहुंचाने की पहल**

पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि पलामू आकाल व सुखाड़ झेलती रही है। इससे मुक्ति के लिए सरकार स्पेशल ड्राइव चलाएं। हमें जमीन और बंजर जमीन के लिए पानी की व्यवस्था करनी है।

**इनकी भी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, निदेशक समेति विकास कुमार, संयुक्त कृषि निदेशक शशिभूषण अग्रवाल, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद एवं अन्य जनप्रतिनिधि, माननीय विधायक के प्रतिनिधि, जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, गढ़वा के जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर कुमार एवं लातेहार के जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह सहित प्रमंडल क्षेत्र के पलामू, लातेहार एवं गढ़वा जिले के कृषि एवं पशुपालन विभाग से जुड़े पदाधिकारी एवं अन्य विभागीय पदाधिकारी, तीनों जिलों की बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष किसान उपस्थित रहे।

**16 किसानों के बीच परिसंपत्तियों का हुआ वितरण**

प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी के मौके पर माननीय मंत्री एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा सांकेतिक रूप से 16 किसानों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। पलामू के दो किसानों को किसान समृद्धि योजनाअंतर्गत चलंत सोलर पंप वितरण किया गया। वहीं एनएफएसएम अंतर्गत एक किसान को रोटावेटर एवं एक किसान को विद्युत पंप सेट दिया गया। वहीं दो किसानों को बकरा विकास योजना अंतर्गत बकरा प्रदान किए गए। दो किसानों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत गाय एवं एक किसान को मत्स्य विपणन हेतु पिकअप वैन दिया गया।गढ़वा जिले के दो किसानों को मधुमक्खी पालन हेतु किट एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत एक किसान को गाय उपलब्ध कराए गए। साथ ही लातेहार जिले के किसान को एनएफएसएम अंतर्गत मल्टीक्रॉप थ्रेशर, विद्युत पंप सेट तथा पावर नेपसैक स्प्रेयर प्रदान किया गया। इसके अलावा मत्स्य विपणन हेतु एक किसान को पिकअप वैन दिए गए।

**किसानों को किया गया पुरस्कृत**

प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी की दूसरी पहर में आयोजन स्थल शिवाजी मैदान में वैज्ञानिक किसानअंतर्रमिलन-सह-किसान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इसमें कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को उन्नत कृषि के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही किसानों ने भी अपने उन्नत खेती के बारे में अनुभव साझा किया। किसान मेला में किसानों द्वारा लाए गए विभिन्न कृषि उत्पाद (प्रदर्शन) को 30 फसलों को अलग-अलग कैटेगराइज कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त 100 से अधिक किसानों को पुरस्कृत किया गया।

## मातृ शक्ति की सम्मान से खुशहाली आएगी : पंडित मनोज



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोलडीह जगदीश पुर गांव में देवी माँ प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के तीसरे दिन देवी माँ की अधिवास की प्रक्रिया पुरी की गयी. यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उक्त अनुष्ठान पूरी की गयी. महायज्ञ के चौथे दिन बुधवार को नगर भ्रमण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. परिक्रमा करने वाले भीड़ रही. महायज्ञ के दौरान श्री धाम वृंदावन से पधारे पंडित मनोज कृष्ण जी महाराज ने प्रवचन के दौरान कहा कि माता देवी का प्राण प्रतिष्ठा की अनुष्ठान जारी है. हमे समाज को सशक्त बनाने के लिये मातृ शक्ति को सम्मान करने की जरूरत है. घर समाज मे खुशहाली के लिये यह सनातन संस्कृति की अहम फैसला है. उन्होंने कहा कि जो माँ को समझ गया. उसे परम् पिता परमेश्वर की समझ हो जाएगी. उन्होंने कहा कि परम् पिता परमेश्वर हर जगह हैं. देखने की नजरिया हो. वही सांध्य आरती को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुखमय जीवन का आधार मन को शांत रखना है. आज भौतिक संसाधनों के पीछे भाग रहा है. कुमार्ग पर चलकर धन संग्रह में जुटा है. लेकिन ऊपर की अदालत में यह काम नही आएगा. किया गया पूण्य ही साथ जाएगा. वही उन्होंने परिक्रमा व अधिवास की वैज्ञानिक व आध्यात्मिक महत्व पर विस्तृत जानकारी दी. कार्यक्रम को सफल बनाने में महायज्ञ समिति व समस्त ग्रामीण सक्रिय हैं.21 फरवरी को महा भंडारा के साथ महायज्ञ का समापन होगा।


# उपायुक्त की पहल से अनुमंडल स्तर पर अधिष्ठापित होगा कैंप कार्यालय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के उपायुक्त शशि रंजन की पहल एवं सकारात्मक सोच से आमजनों को सरकार की जनकल्याणकारी सभी योजनाओं का लाभ उनके नजदीकी अनुमंडल में ही मिलेगा। जनता को छोटे कार्यो के लिए भी जिला में आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, बल्कि प्रशासनिक पदाधिकारी उनके नजदीक पहुंचेंगे। इसे लेकर अनुमंडल स्तर पर कैंप कार्यालय अधिष्ठापित कर विभिन्न विभागीय कार्यो का निष्पादन किया जायेगा। इसके लिए उपायुक्त शशि रंजन ने निदेश जारी कर दिया है।इसकी व्यापक तैयारी भी की जाने लगी है। प्रत्येक माह के द्वितीय वृहस्पतिवार को छतरपुर एवं चतुर्थ वृहस्पतिवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय का अधिष्ठापन किया जायेगा। इसमें सभी जिला स्तरीय, संबंधित अनुमंडल स्तरीय तथा संबंधित अनुमंडल के सभी प्रखंड स्तरीय, असैनिक एवं तकनीकी पदाधिकारी निर्धारित दिवस को कैंप कार्यालय में उपस्थित होकर अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यो का निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने अनुमंडल में निधारित दिवस के लिए कैंप कार्यालय अधिष्ठापन संबंधी सभी व्यवस्था सुनिष्चित करने का निदेश दिया है। उपायुक्त ने बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालन और आम लोगों को परेषानी नहीं हो, इसके लिए कैंप कार्यालय अधिष्ठापित कर विभिन्न विभागीय कार्यो का निष्पादन किए जाने की परिकल्पना की गई है। योजनाओं का लाभ लेकर लोग अपने जीवन स्तर को बेहतर बनायेंगे। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में प्रशासन सक्रियता से कार्य कर रही है। प्रशासन की ओर से लोगों की मांगों और समस्याओं के समाधान का क्रम निरंतर जारी है।

# महाकुंभ से गायब महिला की यूपी पुलिस की तत्परता से हुई घर वापसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी थाना क्षेत्र के बिशुनिया गांव की एक महिला प्रयागराज महाकुंभ के नैनी घाट से लापता हो गई, जिससे परिजनों में गहरी चिंता फैल गई। परिवार ने तुरंत धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार और एएसआई शैलेंद्र कुमार यादव को फोन कर घटना की जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की और प्रयागराज के नैनी थाना स्थित एग्रीकल्चर ओपी को सूचित किया। नैनी थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए सर्च ऑपरेशन चलाया और अंततः महिला को सिविल लाइन चौक से बरामद कर नैनी थाना के एग्रीकल्चर ओपी में लाया गया। पुलिस की इस तत्परता से महिला के परिजनों ने राहत की सांस ली। धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में एएसआई शैलेंद्र कुमार यादव और उनकी टीम ने बेहतरीन समन्वय स्थापित किया, जिससे यह सफलता मिली। झारखंड और उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त प्रयास से महिला को सुरक्षित बरामद किया गया, जिसकी स्थानीय लोगों ने सराहना किया।धुरकी थाना क्षेत्र के लोगों ने थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार और उनकी टीम की तत्परता की जमकर सराहना की। लोगों का कहना है कि उनकी मुस्तैदी और त्वरित फैसलों के कारण महिला सुरक्षित वापस आ सकी। महिला के परिजनों और स्थानीय लोगों ने झारखंड और उत्तर प्रदेश पुलिस के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। लोगों का मानना है कि अगर पुलिस इसी तरह सक्रिय और सतर्क बनी रहे, तो इस तरह की घटनाओं को जल्द सुलझाया जा सकता है।

## तीन लाख का भेड़ चुरा ले गये अज्ञात चोर

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कुशदण्ड ग्राम स्थित छेरियाहा टोला निवासी उमेश पाल ने थाना में आवेदन देकर 50 भेड़ो की चोरी होने की शिकायत करते हुये सनहा दर्ज कराया है. थाना को दिये आवेदन में उमेश पाल ने कहा है कि अपने घर से लगभग 300 फीट की दूरी पर हर दिन की तरह 18 फरवरी की रात में जाल से घेरकर भेड़ को रखे थे. मैं भी वहीं पर सोया था. सुबह उठकर भेड़ को खिलाने के लिये गिनती करने लगे तो 50 भेड़ कम हो गये. अज्ञात चोरों ने भेड़ो की चोरी कर लिया गया, जिससे लगभग तीन लाख रुपये का नुकसान हो गया. काफी खोजबीन करने के बाद भी कहीं भेड़ो का अता पता नही चला।

## बिज़ली की पावर कट की समस्या को दुरुस्त करें : कौशल



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम आदमी पार्टी के युवा नेता कौशल किशोर बच्चन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहां है कि आए दिन पलामू में पानी और बिज़ली के लिए हाहाकार मचा रहता है।कई बार समस्याओं से परेशान लोगों द्वारा आंदोलन कर सरकार व पदाधिकारीयों का ध्यान आकर्षित कराया जाता है। लेकिन समाधान के बजाय राजनीति कर जनता को गुमराह कर दिया जाता है। पलामू के विभिन क्षेत्रों में खाश कर पांकी विधानसभा क्षेत्र में प्रचंड गर्मी पड़ती है। गर्मी शुरू होते ही पेयजल की भारी किल्लत होने लगती है। प्रशासन व सरकार को चाहिए कि विभिन्न क्षेत्रों में सर्वेक्षण कर संकट आने से पहले ही समस्या के समाधान का रूप रेखा तैयार करें। उन्होंने कहा की अभी गर्मी शुरू भी नहीं हुई कि बिज़ली की आँख मिचौली शुरू हो गई घंटों घंटों तक बिज़ली गुल हो जाती है समस्या उत्पन्न होने से पहले सर्वेक्षण कर निपटारा करना चाहिए। तार पोल जो खराब हो उसे समय रहते दुरुस्त कर लेना चाहिए ताकि किसी भी तरह की घटना दुर्घटना से बचा जा सके।

## आरपीएफ ने ऑपरेशन सतर्क के तहत सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस से भारी मात्रा में किया शराब बरामद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** गढ़वा रोड पोस्ट के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मंगलवार की रात ऑपरेशन सतर्क के तहत सिंगरौली - पटना पलामू एक्सप्रेस से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया.आरपीएफ निरीक्षक सह पोस्ट प्रभारी बनारसी यादव ने बताया कि गढवा रोड पोस्ट के क्षेत्राधिकार मे स्थित गढवा टाउन रेलवे स्टेशन पर सहायक उप निरीक्षक कृष्णानंद उपाध्याय के नेतृत्व में मंगलवार की रात को अप सिंगरौली-पटना पलामु एक्सप्रेस (ट्रेन नम्बर 13349) को पास कराने के लिए प्लेटफार्म नं0-02 व 03 पर गश्त चल रहा था.गाड़ी चेकिंग के क्रम में लावारिस हालत में पांच जुट के बोरियो में अवैध शराब बरामद हुआ. बोरा खोलने पर उसमें से जिसमें किंगफिशर का 82 केन वियर व ब्लू लाइन देशी शराब का 495 बोतल बरामद हुआ. जिसका बाजार मूल्य 79 हजार 960 रुपया है. बरामद शराब पर किसी ने अपना दावा नही किया.श्री यादव ने बताया कि ज़ब्त शराब को गढ़वा उत्पाद अधिक्षक को अग्रिम कार्यवाही वास्ते सुपुर्द किया गया.ऑपरेशन सतर्क के इस अभियान में आरक्षी रविशंकर यदुवंशी, आरक्षी विक्रम सिंह मीणा व आरक्षी देव कुमार पांडेय भी शामिल थे।

# बीमा योजना के तहत पति को मिला दो लाख रुपये का चेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जेएस एल पी एस से जुड़ी महिला की मृत्यु के बाद पीएम जेजेबीवाई बीमा योजना के तहत उसके पति को दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया.सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की पुरैनी शाखा द्वारा झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी अंतर्गत संचालित समूह संतोषी आजीविका सखी मंडल के पिंडरिया ग्राम निवासी घुरबिगन प्रसाद की पत्नी सरस्वती देवी की मृत्यु हो गई थी. उक्त बीमा के तहत दो लाख रुपये का चेक मृतका के पति घुरबिगन प्रसाद को बीडीओ रौशन कुमार तथा बैंक के शाखा प्रबंधक संजीव लंग ने प्रदान किया.इस अवसर पर बीडीओ रौशन कुमार ने सभी महिलाओं को समूह से जोड़कर उन्हें आजीविका मिशन से जोड़ने की अपील किया. उन्होंने पुरुषों को भी पीएम एस वी वाई, पीएम जे जे बी वाई, ए पी वाई बीमा कराने की जानकारी विस्तार से दिया. मौके पर जे एस एल पी एस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबन्धक अविनाश कुमार शुक्ल, फील्ड मैनेजर अम्बर कुमार मंडल, सामुदायिक समन्वयक राज कुमार राम, अनुज सिंह, नीरज मिश्रा, जाबिर अंसारी, सखी प्रीति देवी, ममता देवी, कृति राय, पूनम देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## मुखिया अनुज त्रिपाठी ने लगाई कुंभ में डुबकी



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के रजवाडीह पंचायत के मुखिया शह अधिवक्ता अनुज त्रिपाठी ने अपने फैमली के साथ प्रयागराज स्थित कुंभ मेला में गंगा, जमुना सरस्वती नदी में डुबकी लगाई और अपने क्षेत्र में अमन चैन व शांति की कामना किया। क्षेत्र में सुख समृद्धि का माहौल रहे व ऊपर वाले की कृपा बनी रहे इसकी कामना की। उन्होंने बताया की 144 साल बाद आने वाले इस महाकुंभ में डुबकी लगाना सौभाग्य की बात है।यह आस्था, भक्ति और सनातन परंपरा का महापर्व है। मान्यता है कि कुंभ स्नान करने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है और पिछले सारे पाप धुल जाते हैं।यही कारण है की इस मेले में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु और साधु संत संगम किनारे एकत्रित होकर कुंभ स्नान करते हैं। महाकुंभ में स्नान करने से व्यक्ति को यश और मान-सम्मान मिलता है। महाकुंभ संगम पर स्नान करने से व्यक्ति देवत्व से गहरा जुड़ाव महसूस करता है।उन्होंने बताया की कुंभ में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है. कुंभ के दौरान गंगा, यमुना, और सरस्वती नदियों के संगम स्थल पर स्नान करने से कई गुना अधिक पुण्य मिलता है।उन्होंने कहा की सभी लोगों को कुंभ में डुबकी लगा कर मन को पवित्र रखने की जरूरत है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के मृत सरकारी सेवक के आश्रितों की अनुकंपा पर नियुक्ति के संबंध में निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान समिति के समक्ष उपस्थापित आवेदकों के सभी 10 आवेदनों की विस्तृत रूप से जांच की गई। इस दौरान आवेदकों द्वारा दिए गए आवेदनों के साथ -साथ अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता, आवासीय, चरित्र प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, विभागीय निदेश एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र तथा अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के उपरांत अहर्ता पूर्ण कर रहे 8 आवेदन स्वीकृत करते हुए अनुकंपा पर नियुक्ति हेतु समिति ने अनुशंसा की। इस दौरान एक मामला को समिति ने अस्वीकृत कर दिया। वहीं एक मामला पर निर्णय स्थकित (लंबित) रख जरूरी दस्तावेज पूर्ण करने एवं कुछ दस्तावेजों के सत्यापन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त शशि रंजन ने संबंधित विभागों में रिक्त पदों की जानकारी ली। साथ ही समिति द्वारा अनुशंसित 8 आवेदनों पर जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश स्थापना उपसमाहर्ता को दिया। इधर, कर्मचारियों को एसीपी एवं एमएसीपी का लाभ देने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसके लिए प्राप्त 21 आवेदनों की जांचोपरांत 16 आवेदन स्वीकृत किए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, स्थापना उप समाहर्ता आदि उपस्थित थे।

## पाटन कस्तूरबा गांधी विद्यालय की लेखापाल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन के कस्तूरबा गांधी विद्यालय की लेखापाल प्रियंका कुमारी मानसिक तनाव में आकर बुधवार को स्कूल कैंपस में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के जयनगरा गांव निवासी पंचम कुमार की पत्नी प्रियंका कुमारी के रूप में की गई है।इस घटना के बारे में वार्डन सुषमा कुमारी ने बताया कि बुधवार की सुबह से दोपहर तक प्रियंका कुमारी स्कूल में दिखाई नहीं दे रही थी।इसके बाद स्कूल के सभी स्टाफ उनकी खोजबीन करने लगे।उनका कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी मशक्कत के बाद दरवाजा खोलकर देखा गया तो प्रियंका कुमारी पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद वार्डन के द्वारा इस घटना की जानकारी पाटन थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।वही इस घटना के बाद से पाटन पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना स्थल पर शोभा देवी, सीओ राकेश श्रीवास्तव, डीओ, जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, इंदल महतो, अखिलेश सिंह, समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## पुलिस की दविस को देखकर मोटरसाइकिल चोर मोटरसाइकिल छोड़कर हुआ फरार



**मेदिनीनगर(प्रभात मत्र संवाददाता):** मेदिनीनाराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बुधवार की सुबह एक व्यक्ति का मोटरसाइकिल चोरी हो गया। मोटरसाइकिल चोरी होने के बाद भुक्तभोगी ने इसकी सूचना अस्पताल पुलिस चौकी के एएसआई नीरज कुमार, सुषमा टीयू और पुलिस जवान महेंद्र कुमार को दी।सूचना मिलते ही दोनों पुलिस पदाधिकारी और पुलिस के जवान मोटरसाइकिल की खोजबीन में जुट गए। पुलिस कर्मियों द्वारा अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई तो पता चला कि मोटरसाइकिल चोर पुलिस की दविस को देख कर अस्पताल कैंपस में ही मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गया। वही मोटरसाइकिल चोरी होने की घटना के बाद से पुलिस चोर की खोजबीन में जुट गई है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### बैंक ऑफ इंडिया का हाउसिंग लोन एवं वाहन ऋण एक्सपो का आयोजन आज

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया 20 फरवरी को चिल्ड्रेन पार्क, नियर डी. ए. वी. कपिलदेव, कडरू, रांची में हाउसिंग लोन एवं वाहन ऋण एक्सपो का आयोजन कर रहा है।बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कहा की भारत मे कहीं भी मकान बनाने, फ्लैट एवं गाड़ी खरीदने के लिए लोन लेने के इच्छुक लोगों की सुविधा के लिए विशेष रूप से यह एक्सपो आयोजित किया गया है। इसमे ऋण योजनाओं और ब्याज दरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होने कहा की बैंक ऑफ इंडिया हाउसिंग लोन 8.30 प्रतिशत ब्याज दर और वाहन ऋण 8.75 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध है। हम 8.25 प्रतिशत के ब्याज दर से होम लोन टेक-ओवर भी कर रहे हैं। एक्सपो के दौरान इस तरह के ऋणों को त्वरित स्वीकृति प्रदान किया जा रहा है। विशेषज्ञों और बैंक अधिकारियों से विशेष परामर्श भी प्राप्त किया जा सकता है। इस एक्सपो का उद्देश्य ग्राहकों को उनके सपनों का घर एवं वाहन खरीदने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और ऋण विशेषज्ञ मौके पर ही ऋण से जुड़ी औपचारिकताओं को पूरा करने मे मदद करेंगे।

### चिक बड़ाईक समन्वय समिति ने राज्यपाल से किया मुलाकात

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को चिक बड़ाईक समन्वय समिति, राँची का एक शिष्टमंडल राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल को अवगत कराया कि उनके खतियान में कहीं चिक तो कहीं बड़ाइक दर्ज है और कहीं-कहीं %चिक बड़ाइक है। राज्य में चिक बड़ाइक अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल है, जबकि तीनों एक ही हैं। इस विसंगति के कारण उनके खतियान में समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं और उनकी भूमि की सुरक्षा प्रभावित हो रही है।

# 24 से विधानसभा सत्र शुरू, पेसा कानून को लेकर हो सकता है हंगामा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** षष्ठम् झारखंड विधानसभा के बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा और 27 मार्च तक चलेगा। 3 मार्च को राज्य सरकार विधानसभा के पटल पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश करेगी। 9 दिन अवकाश रहेगा। पहले दिन 24 फरवरी 2025 को राज्यपाल के अभिभाषण और शोक प्रकाश का कार्यक्रम है। सत्र के अंतिम दिन 27 मार्च को प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक और गैर सरकारी संकल्प लाए जाएंगे। इससे पहले 27 फरवरी को पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 का तीसरा अनुपूरक बजट सरकार सदन में लाएगी। देश की दिवंगत विभूतियों को इस दिन याद किया जाएगा, उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी। अगले दिन 25 फरवरी को पूरे दिन राज्यपाल



के अभिभाषण पर पक्ष-विपक्ष के सदस्य चर्चा करेंगे। अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद के लिए भी एक दिन रखा गया है। 3 मार्च को मुख्य बजट पेश किया जाएगा। इसके बाद दूसरी पाली में 24 मार्च तक चर्चा होगी। 25 मार्च को राजकीय विधेयक और राजकीय कार्य होंगे।

### हंगेमादार रहेगा सदन

इस बार विपक्ष का प्रतिपक्ष नेता कौन होंगे यह मुद्दा तो रहने की उम्मीद है तो वहीं सत्ता पक्ष यदि सत्र से पहले जेएसएससी और जेपीएससी अध्यक्ष नियुक्त नहीं करती है तो भाजपा इसको लेकर हंगामा करेगी तो वहीं अभिर्थियों को संतुष्ट करने के लिए जेएलकेम विधायक जयराम भी जेपीएससी मुद्दे पर भाजपा के शुर में शुरू मिटायेंगे। साथ आदिवासी विधायक पेसा कानून पर सदन में हंगामा होना तय है। वहीं मंईया सम्मान योजना और कई महीने से वृद्धा पेंशन नहीं मिल रहा है इसको भी सदन में जोरदार तरीके से उठाया जायेगा।

**कब क्या होगा**

25 फरवरी - प्रश्नकाल, राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद
26 फरवरी - अवकाश
27 फरवरी - प्रश्नकाल, वित्तीय वर्ष 2024-25 का तीसरा अनुपूरक बजट, राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा
28 फरवरी - प्रश्नकाल, अनुपूरक पर चर्चा, 01-02 मार्च - अवकाश
03 मार्च - वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट, 04 मार्च - प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद, 05 मार्च - प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद, 06 मार्च - प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद,07 मार्च - प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
08-09 मार्च- अवकाश
10 मार्च - प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद,11 मार्च - प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद, 12 से 16 मार्च तक - अवकाश, 17 मार्च - प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद,18 मार्च - प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद 19 मार्च - प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
20 मार्च - प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद,21 मार्च - प्रश्नकाल बजट पर वाद-विवाद , 22-23 मार्च - अवकाश
24 मार्च- प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद, विनियोग विधेयक
25 मार्च - प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक
26 मार्च - प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक व अन्य राजकीय कार्य
27 मार्च - प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक, गैर सरकारी संकल्प का दिन रहेगा।

## गोवा युनिवर्सिटी से आये छात्रों ने उलिहातू डोम्बारी बुरू, रानी फॉल का किया भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गोवा युनिवर्सिटी से रांची युनिवर्सिटी आये छात्रों ने बुधवार 19 फरवरी को खुंटी स्थित बिरसा मुंडा के जन्मस्थल उलिहातू भ्रमण किया और भगवान बिरसा मुंडा के पौत्र के साथ मिलकर बातचीत की। इसके शहीद स्थल डोम्बारी बुरु गये। मेहमान छात्रों और शिक्षकों ने रानी फॉल भी देखा और झारखंड के ग्रामीण रहन सहन को देखने के लिये मुरहू पंचायत के दिगड़ी गांव पहुंचे वहां उन्होंने मुखिया अंजना नाग के घर जाकर खेती बारी और पशुपालन देखा। मेहमान टीम डोम्बारी बुरु और झारखंड के ग्रामीण जीवन को देख कर अभिभूत थे। गोवा के शिक्षकों तथा छात्रों के साथ रांची विश्वविद्यालय के शिक्षक डा. सुमित ,डा.दीपाली, मनोज कुमार शर्मा तथा छात्र जितेंद्र भी भ्रमण कराने के लिये साथ थे। 17 फरवरी को एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत अकादमिक तथा कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम में तीन दिन के दौरे पर गोवा युनिवर्सिटी से नौ सदस्यीय टीम रांची युनिवर्सिटी पहुंची थी। जिसमें समन्वयक डा. वाल्टर मेनेजेस, डा.चिन्मय तथा छात्र छात्राये हैं। गोवा की टीम को माननीय कुलपति रांची विश्वविद्यालय प्रो. डा.अजीत कुमार सिन्हा ने झारखंड आने के लिये बधाई दी और आभार जताया।

## बेरोजगार युवाओ को जुमलेबाजी नहीं अपना हक और अधिकार चाहिए : मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत ने कुछ 100-200 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा,करोड़ों रुपये खर्च कर भव्य आयोजन किया गया। कहा कि कि हेमंत जी के चाटुकारों द्वारा सबसे ज्यादा नौकरी देने वाले मुख्यमंत्री का ढोल भी पीटा जाएगा। कहा कि लेकिन झारखंड के लाखों बेरोजगार युवाओं के कुछ सवाल हैं, जो अब भी अनसुलझे हैं। मरांडी ने पूछा कि प्रतियोगी परीक्षा कैलेंडर कब जारी होगा जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति कब होगी?, जेएसएससी, सीजीएल पेपर लीक की जांच कहां तक पहुंची। मरांडी ने पूछा कि मुख्यमंत्री जी बताएं किस नियोजन नीति के तहत नियुक्तियां कर रहे हैं? झारखंड के युवाओं को कितना आरक्षण दिया गया? उन्होंने कहा कि हेमंत जी, युवाओं का भविष्य पीआर स्टंट और दिखावों से नहीं, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही से संवरेगा। झारखंड के लाखों बेरोजगार युवा जुमलेबाजी नहीं, बल्कि अपना हक़ और अधिकार चाहते हैं।

## जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखी चिट्ठी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव और बंगाल की सह प्रभारी अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेपीएससी अध्यक्ष नियुक्त करने को लेकर चिट्ठी लिखी है। पत्र में अंबा प्रसाद ने प्रतियोगिता परीक्षाओं में देरी को देखते हुए जेपीएससी अध्यक्ष और जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं का कैलेंडर जारी करने की मांग की है। अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी बातें भी रखी है।

चिट्ठी में अंबा प्रसाद ने लिखा है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही देरी से लाखों युवाओं के भविष्य पर अनिश्चितता बनी हुई है। सरकार ने पहले ही यह प्रस्ताव पास किया है



कि एक महीने के भीतर जेएसएससी और जेपीएससी की परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया जाएगा और हमें पूरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री जी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे, जिससे राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को उनका हक मिल सके। बता दें कि जेपीएससी अध्यक्ष का पद 7 माह से अधिक समय से खाली है। लेकिन अभी तक अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पायी है। जिसके कारण कई नियुक्ति प्रक्रिया अटकी पड़ी है। 22 अगस्त 2024 को डॉ नीलिमा केरकेट्टा रिटायर हो गयीं थी तब से आयोग बिना अध्यक्ष के ही संचालित हो रहा है।

## ड्रॉप-आउट रोकने के लिए काउंसलिंग सत्र का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता और सुधार की दिशा में लगातार कार्य कर रही फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसाइटी, रांची द्वारा स्कूल ड्रॉप-आउट रोकने के अभियान के तहत ताज स्कड स्कूल,रज़ा कॉलोनी, कांटाटोली में छात्रों के अभिभावकों के साथ एक काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। इस कॉउंसलिंग कार्यक्रम में स्कूल के 29 छात्रों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। सोसाइटी का उद्देश्य केवल ड्रॉप-आउट को रोकना ही नहीं, बल्कि जरूरतमंद और होनहार छात्रों को स्कॉलरशिप प्रदान कर उनकी शिक्षा जारी रखने में सहायता करना भी है। इस अवसर पर सोसाइटी के महासचिव जनाब कमर सिद्दीकी और सचिव जनाब सुहैल अख्तर ने अहम् भूमिका निभाई। फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसाइटी पिछले कई वर्षों से झारखंड में शिक्षा के मैदान में इसके प्रसार और सामाजिक उत्थान के लिए कार्य कर रही है। इसके तहत, विभिन्न स्कूलों में जाकर अभिभावकों को जागरूक और मोटीवेट करने, बच्चों को स्कालरशिप देने और काउंसलिंग के माध्यम से उन्हें तालीम की अहमियत को समझने और इंस्पायर करने की कोशिश करते रही है।

## कोटक म्यूचुअल फंड निवेश में एसआईपी को दे रहा है बढ़ावा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कोटक म्यूचुअल फंड (केएमएफ) के लिए बीते कुछ महीने बेहद ही मजबूत रहे हैं और मौजूदा फाइनेंशियल ईयर भी उत्साह बढ़ाने वाला साबित हो रहा है। कोटक म्यूचुअल फंड की स्कीम के बेहतर प्रदर्शन और फोकस्ड प्रोडक्ट स्ट्रैटेजी (केंद्रित उत्पाद रणनीति) ने डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क में इसके फुटप्रिंट का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कंपनी के सभी एसेट क्लास में एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। 25 जनवरी, 2025 तक, कोटक म्यूचुअल फंड के पास 45 लाख से अधिक एसआईपी फोलियो हैं, जिनके माध्यम से निवेशक नियमित रूप से इसकी




म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश कर रहे हैं। कोटक फ्लेक्सी कैप फंड, कोटक ब्लूचिप फंड, कोटक इमर्जिंग इक्विटी फंड और कोटक इक्विटी अपॉर्चुनिटीज फंड जैसे प्रोडक्ट कोटक म्यूचुअल फंड निवेशकों के बीच बेहद पॉपुलर हो चुके हैं।कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के नेशनल हेड - सेल्स, मार्केटिंग एंड डिजिटल बिजनेस, मनीष मेहता ने कहा कि एसआईपी को पिछले कुछ सालों में अच्छी खासी लोकप्रियता मिली है और हम इसे और ज्यादा बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं। अस्थिरता के समय में भी, एसआईपी नियमित और अनुशासित निवेशकों के लिए बाजार में उतार-चढ़ाव को मैनेज करने के लिए बैलेंसिंग एजेंट के रूप में काम करता है। निवेशक हमारी किसी भी मौजूदा योजना का चयन कर, उसमें एसआईपी के जरिए निवेश शुरू कर सकते हैं। हमारा उद्देश्य निवेशकों को हमारे म्यूचुअल फंड प्रोडक्ट और सर्विसेज तक आसान पहुंच प्रदान करना है।

## टेक्निकल छात्र संघ प्रौद्योगिकी विवि के कुलसचिव से मिलकर की बात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** टेक्निकल छात्र संघ का एक परिमंडल अभिषेक बनर्जी के अध्यक्षता में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव निशांत कुमार से मिले उस समय कक्ष में कैरिकुलम डायरेक्टर स्नेह सर भी मौजूद थे।प्रतिमंडल ने प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 6 महीना बिलम चल एमबीए,एम.टेक,बीटेक,और डिप्लोम के परीक्षा के बारे में अवगत करवाया। बैनर्जी ने कहा की टेक्निकल विश्वविद्यालय बनने के बाद भी विश्वविद्यालय में कोई काम नहीं हो रहा है बीटेक 6 सेमेस्टर परीक्षा अगस्त में हुआ है अभी तक रिजल्ट नहीं आया है और अभी 2 दिन पहले 7 सेमेस्टर का परीक्षा का फर्म भरने का तिथि घोषित दिया गया है जिससे छात्र परेशान है। एमबीए का भी परीक्षा हुए 3 महीना होने जा रहा है उसका भी अभी तक रिजल्ट नहीं हुआ हैं।

झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की रिजल्ट जारी करने के पद्धति के ऊपर भी अभिषेक बनर्जी ने बताया की उससे घूसखोरी हो रही है । जुयूटी कोई भी सेमेस्टर कोई भी परीक्षा का रिजल्ट जारी करने से एक सप्ताह पहले रिजल्ट से मिलता हुआ प्रोविजनल रिजल्ट (रिजल्ट के जैसा ही दिखता हुआ बस उसमें अधिकारियों का हस्ताक्षर नहीं रहता है ) जारी करता है वह भी साइट में नहीं आता है (टेक्निकल विश्वविद्यालय होने के बाद भी रिजल्ट साइट में जारी नहीं होता है) कॉलेज को रिजल्ट ईमेल के द्वारा भेजा जाता है ।

अब जिस भी स्टाफ के पास उसका एक्सेस रहता है वह बच्चों को रिजल्ट में पास करवा देने के नाम पर धांधली करता है इस पर जल्दी से जल्दी लिखती में एक आवेदन देने को कहा कुलसचिव ने और कैरिकुलम डायरेक्टर सर ने सारे मुद्दों को गंभीरता से सुना।

**बैनर्जी ने कहा की टेक्निकल विश्वविद्यालय बनने के बाद भी विश्वविद्यालय में कोई काम नहीं हो रहा है बीटेक 6 सेमेस्टर परीक्षा अगस्त में हुआ है अभी तक रिजल्ट नहीं आया है**

# नवजात शिशु चोरी मामले में पुलिस के हाथ खाली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शहर के बीचों बीच भव्य सदर अस्पताल से एक नवजात शिशु के चोरी होने से अस्पताल परिसर में हडकंप मच गया। घटना बीते शाम करीब सात बजे की बताई जा रही है, पुलिस को इसकी जानकारी मंगलवार की सुबह हुई। इस संबंध में लोअर बाजार थाना प्रभारी खोजबीन में जुटे हैं, खबर लिखे जाने तक पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज के अलावा रिश्तेदारों से भी पूछताछ कर रही है। बताया गया है कि पिठोरिया थाना क्षेत्र के निवासी उमेश बेदिया की नवजात शिशु का जन्म चार दिन पूर्व ही हुआ है। सोमवार की रात शिशु रोने लगा, तो बच्चे की मौसी उसे घुमाने के बहाने अस्पताल से बाहर आ गई । इसके बाद एक महिला के साथ




बातचीत करने लगी। इसी बीच महिला मौका देख शिशु को लेकर फरार हो गई। शिशु के गायब होने के बाद उसके मां-बाप का रो-रो कर बुरा हाल है। इस मामले में पुलिस ने नवजात शिशु की मौसी को अपने साथ रखकर पूछताछ कर रही है। बुधवार शाम तक पुलिस नवजात शिशु की तलाश में जुटी हुई थी। उम्मीद है कि विधानसभा सत्र से पहले शिशु को पुलिस सकुशल बरामद कर लेगी।

# मुखिया विशेष रूप से शिक्षा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना सुनिश्चित करें : डीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, रांची के सभागार में ÷मुखिया सम्मेलन÷ जिले के सभी मुखियागण का उन्नमुखीकरण हेतु एक दिवसीय कार्यक्रम में शामिल हुए। उपायुक्त ने सभी मुखिया से विशेष रूप से कहा की आप सभी शिक्षा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। साथ ही विद्यालय के शिक्षा में कैसे सुधार हो, 100त्न प्रतिशत बच्चों का नामांकन कैसे हो, साथ ही विद्यालयों में मुखियाओं के फंड से जो कार्य किया जा रहे है, उस पर चर्चा करते हुए उन्हें योगदान देने को कहा।साथ में उन्होंने कहा की सभी मुखिया नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालय का गतिविधियों का सामाजिक अनुश्रवण करें।

**बच्चें शत प्रतिशत सुनिश्चित रूप से विद्यालय जाए:** उन्होंने कार्यक्रम में कहा की सभी पंचायतों के मुखिया की नैतिक जिम्मेदारी है, की सभी पंचायत कै बच्चें शत प्रतिशत सुनिश्चित रूप से विद्यालय जाए। साथ ही जिला के सभी विद्यालयों में गुणात्मक शिक्षा मिले इसपर सभी सम्बंधित पदाधिकारी




और शिक्षक विशेष ध्यान दे। उपायुक्त द्वारा शिक्षा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए कुछ कुल-19 मुखियाओं को सम्मानित करते हुए कहा की आपसबकी सहभागिता से कई बच्चें स्कूल जा रहें है, प्रायः देखा जाता था की ग्रामीण क्षेत्र में बच्चें विद्यालय ना जा कर अन्य कार्यो में अपने परिजन के साथ काम करने लगे। साथ ही उन्होंने सभी मुखिया को कहा की आप सभी अपनी सहभागिता निभाए ताकि निकट भविष्य में आपको भी सम्मानित करने में मुझे बहुत खुशी होगी।जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के द्वारा भी सभी माननीय मुखिया को शिक्षा के विकास हेतु मार्गदर्शन दिए गए।कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज, जिला परिषद अध्यक्ष, निर्मला भगत, उपाध्यक्ष, वीणा चौधरी एवं जिला के निर्वाचित सभी प्रखंडों के मुखियागण, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रांची, राजेश कुमार साव, जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज, जिला परियोजना कार्यालय के सभी परियोजना पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## डीसी ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा 19.02.2025 को जिला में विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव, अपर समाहर्त्ता राम नारायण सिंह, सहायक समाहर्त्ता-सह-सहायक दण्डाधिकारी श्री आदित्य पांडेय, अपर जिला दण्डाधिकारी विधि-व्यवस्था राजेश्वरनाथ आलोक एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिला दण्डाधिकारी- सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार, झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग एवं नगर विकास विभाग द्वारा जिले में किये गये कार्यो की समीक्षा की गयी। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार के कार्यो की समीक्षा करते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा खनन पट्टा पर मुद्रांक शुल्क एवं




निबंधन शुल्क के संबंध में विभागीय दिशा-निर्देशों को अनुपालन सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया। जाली मुद्रांकों के बिक्री रोकने के संबंध में उन्होंने औचक सत्यापन करने का निर्देश दिया। जिला में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत किये जानेवाले कार्यो की समीक्षा करते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा निर्धारित समय में लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया गया। कार्यादेश जारी होने के बाद किसी वेंडर द्वारा कार्य में अनियमितता तो नहीं बरती जा रही, इस संबंध में उन्होंने उपविकास आयुक्त को समीक्षा करने को कहा। अन्य विभागों के कार्यो की भी समीक्षा करते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिये गये।

## महाविद्यालय अपनी कार्यशैली में करें सुधार अन्यथा आंदोलन को रहे तैयार : अबुआ अधिकार मंच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अबूआ अधिकार मंच ने मारवाड़ी महाविद्यालय के समस्या को लेकर डीएसडब्ल्यू से मुलाकात कर उन्हें 7 सूत्री मांग पत्र सौंपा।मांग पत्र सौपते हुए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे विशाल कुमार यादव ने कहा की महाविद्यालय के पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के अनुसार पुस्तकों की कमी है जिसका खामियाजा यहां के छात्र छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है उन्हों कहा के जब भी महाविद्यालय में कोई भी परीक्षा होती है तो उस परीक्षा के दौरान महाविद्यालय की सभी कक्षाएं बंद रहती है जिसका सीधा असर यहां पढ़ने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के ऊपर पड़ता है। उन्होंने कहा की महाविद्यालय में परीक्षा कराने की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए जिससे कि परीक्षा के दौरान भी कक्षाएं सुचारू रूप से चल सके। प्रतिनिधि मंडल में शामिल प्रभात कुमार महतो ने कहा के महाविद्यालय द्वारा यूजी सत्र 22ङ्क26 सेमेस्टर 3 की परीक्षा फल का प्रकाशन किए बिना ही सेमेस्टर 4 की परीक्षा करा ली गई जो किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है एवं परीक्षा विभाग में भारी अनीता की ओर इशारा करती है उन्होंने इस मामले की निष्पक्षता से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। वही प्रतिनिधिमंडल में मौजूद अनु कुमारी ने कहा बहुत सारे विभागों में बिना सिलेबस कंप्लीट किए ही परीक्षा करवाया जा रहा है जो कि किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है, महाविद्यालय के अधिकांश वॉशरूम की स्थिति दयनीय है।

## खूंटी में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा चलाया गया सदस्यता अभियान



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज दिनाँक 19-02-2025 दिन बुधवार को समय 11 बजे से खूँटी ज़िला संयोजक मण्डली की बैठक हुई। इस बैठक में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा पार्टी के द्वारा चलाये जा रहे। सदस्यता अभियान पर विचार - विमर्श किया गया। सभी लोगों से अपील की गई कि जोर - शोर से सदस्यता अभियान झारखण्ड राज्य में चला कर। सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को पार्टी में जोड़ने का लक्ष्य रखा। जो सदस्यता रसीद ?? ले गए हैं वो आगामी बैठक में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा खूँटी ज़िला कार्यालय में जमा करा दें। इस बैठक में मुख्य रूप से खूँटी ज़िला संयोजक मण्डली प्रमुख जुबैर अहमद, मक़सूद अंसारी, सुशील पहान, भोलानाथ लाल, खूँटी विधायक राम सूर्या मुण्डा, तोरपा विधायक माननीय सुदीप गुड़िया, खूँटी प्रखण्ड संयोजक मण्डली प्रकाश नाग मुण्डा, शंकर सिंह मुण्डा, रिया लुगून आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झारखंड पब्लिक स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को झारखंड पब्लिक स्कूल केदल मे विज्ञान व कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो0 फिरोज अंसारी ने बताया कि वर्ग एक से नवम के छात्र छात्राओं ने मॉर्डन विलेज ,मॉर्डन सिटी , पर्यावरण प्रदुषण ,जल संरक्षण, सौर मंडल, मानव कंकाल तंत्र,रेन वाटर हार्वेस्टिंग,तथा ज्वाला मुखी के अलावे बहुत सारे मॉडल प्रस्तुत किया।प्रथम पुरस्कार प्रीति कुमारी के ग्रुप मॉर्डन सिटी को, द्वितीय पुरस्कार तमन्ना व ग्रुप के तितली का जीवन चक्र, तथा तृतीय पुरस्कार रौनक परवीन के ग्रुप रेन वाटर हार्वेस्टिंग को चुना गया। विद्यार्थियों ने बड़ी जोश व उत्साह के साथ अपने अपने मॉडल को प्रस्तूर किये।इस मौके पर विद्यालय के उप प्रधानाध्यापक तारिक अनवर रेशमा खातून ,रंजीत कुमार , दिव्या सोरेंज,पिंकी शर्मा अमित कुमार नौशाद अंसारी व बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

## प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बुढ़मू से मिले एके आजाद सेवा संस्थान के प्रतिनिधिमंडल



**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू के नए चिकत्सा प्रभारी डॉक्टर तारिक अनवर से एके आजाद सेवा संस्थान के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य से संबंधित चर्चाएं की। और बुढ़मू खलारी तथा हेंदगीर मुख्य मार्ग पर आए दिन एक्सीडेंट पर चिंता जाहिर करते हुए हर पंचायत के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था करने की मांग की। साथ ही बुढ़मू सीएचसी प्रभारी बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर एके आजाद सेवा संस्थान के अध्यक्ष गुलशन राजा, सचिव नौशाद अशरफ, निर्मल साहू, साकिर हुसैन, विनीता तिर्की ,मुस्ताक अंसारी, जसीम खान, जावेद अंसारी, इस्तियाक अंसारी, तबरेज अंसारी, तनवीर अंसारी, गुफरान अंसारी आदि लोग शामिल थे।

## प्रमुख विनीता कच्छप ने दो सहायिकाओं को दिया नियुक्ती पत्र



**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):**बेड़ो प्रखंड कार्यालय में बुधवार को प्रमुख विनीता कच्छप ने दो सहायिकाओं को नियुक्ती पत्र दिया। नियुक्ती पत्र बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संगीता श्रेय लता कुजूर की देखरेख में दिया गया। जिसमें पहला मुनीता कुमारी पति हिमांशु कुमार महतो, गांव कोइरी टोली मकुन्दा, नरकोपी को दिया गया। वहीं दूसरा सलोमी लकड़ा, गांव खड़देवरी तेतर टोली को दिया गया। इनका चयन 18 फरवरी 2024 को सीडीपीओ की अध्यक्षता में चयन समिति की उपस्थिति में आयोजित आम सभा की बैठक में किया गया था। जिसका उपविकास आयुक्त राँची के अनुमोदन के उपरांत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के पत्र संख्या 151 दिनांक 4 फरवरी 2025 के आधार पर दिया गया।

## सोलर प्लेट चोरी करने के आरोप में दो चोरों को भेजा गया जेल



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को डीएसपी अशोक कुमार राम के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस कर बताया गया कि थाना क्षेत्र के टूरुगुरु गांव से सोलर प्लेट एवं मोटर सेट चोरी करने के आरोप में इटकी पुलिस ने अब्बास अंसारी उम्र 26 वर्ष पिता निजाम अंसारी मसमानो निवासी ,जियाउल अंसारी उर्फ बिहारी उम्र 38 वर्ष पिता निजामुद्दीन अंसारी वर्तमान में नरकोपी निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। ज्ञात हो कि इटकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रानीखटंगा पंचायत के टूरुगुरु गांव निवासी राजन किस्पोट्टा पिता सुनील किस्पोट्टा के द्वारा रविवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ खेत से सोलर प्लेट एवं पंप सेट की चोरी करने का मामला दर्ज कराया गया था। छापामारी दल में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, एसआई सुनील कुमार मुर्मू, एसआई मणिभूषण कुमार सहित थाना के जवान शामिल थे

# पुलिस की जागरूकता लाई रंग खुद ग्रामीण नष्ट करने लगे अफीम की खेती

**सबीला खातून @प्रभात मंत्र**



**बुंडू :** रांची के ग्रामीण क्षेत्र बुंडू इलाके में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती होती है.इस खेती से ही ग्रामीण इलाके के लोग अपनी कमाई करते है. लेकिन पिछले दिनों पुलिस की कार्रवाई हुई और नसे के इस धंधे पर डंडा चला है. पिछले एक सप्ताह में 350 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट किया गया. मुख्यालय डीएसपी अमरकांत पांडे के नेतृत्व में सुदुर्वर्ती क्षेत्र में लगातार कार्रवाई जारी है. साथ ही जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है. जिससे खुद भी ग्रामीण अफीम की खेती को नष्ट कर रहे है. बुंडू इलाके में अफीम की खेती को लेकर पुलिस अधिकारी लगातार बैठक कर रहे है.

समझा रहे है कि अफीम की खेती से जमीन बंजर होती है और गैर कानूनी भी है. मुख्यालय डीएसपी अमरकांत पांडे ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में अब तस्वीर बदल रही है. लोग खुद जागरूक हुए है. इसी का परिणाम है कि जब पुलिस पहुँच रही है तो सभी ग्रामीण भी साथ आकार खेती पर डंडा चला रहे है. उन्होंने बताया कि अब तक 310 एकड़ से अधिक खेती नष्ट की गई है. जिसमें 60 एकड़ 18-02.20,55 एकड़ -17-02-25, 55 एकड़ 16-02-25, 70 एकड़ -1502.025, 70 एकड़ -14-02-25 एकड़ नष्ट किया किया गया है. अभी भी कार्रवाई जारी है.

बुंडू क्षेत्र में अफीम की खेती करने वाले कृष्णा मुंडा ने कहा कि नौकरी नहीं मिलने की वजह से अफीम की खेती कर कर रहे थे. जब इसे भी पुलिस ने मना किया तो अब खुद साथ मिल कर नष्ट करने में लगे है. पुलिस का आदेश जो है उसे सभी लोग मान रहे है.अब अफीम की खेती नहीं करेंगे. पुलिस अधिकारियों ने मानरेगा के तहत रोजगार करने की सलाह दी है. जिससे सभी को रोजगार मिल सके.

# जल व विद्युत पदाधिकारियों के साथ खिजरी विधायक ने किया समीक्षात्मक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**ओरमांझी :** प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय ओरमांझी में खिजरी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप के अध्यक्षता में प्रखण्ड स्तरीय दो विभागों के अधिकारियों एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में आवास योजना,उर्जा विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं अन्य विभागों का बारी बारी से समीक्षा किया गया। विधायक राजेश कच्छप ने उपस्थित पदाधिकारियों से कहा सरकार की सभी योजनाएं धरातल पर दिखना चाहिए. कोई भी योजना अपूर्ण नहीं होना चाहिए आम जनता को सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता को निर्देश दिया कि सभी गांवों में जल नल योजना को अतिशीघ्र पूर्ण किया जाय। राजस्व में सभी आनलाइन सुधार करने के लिए विशेष ध्यान देने की निर्देश दिया। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख अनुपमा देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी,जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा,प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया,अंचल अधिकारी उज्जवल सुरेन, सीडीपीओ लक्मी भारती एसडीओ बिजली बिभाग अनिल कुमार शर्मा,पेयजल अभियंता दिव्या कुजूर,अमाल खान एवं सभी पंचायत के मुखिया संघ के अध्यक्ष दिपक बडाइक,पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रबंधन समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बेड़ो :** बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बुधवार को प्रबंधन समिति की बैठक किया गया। बैठक में पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित थे। बैठक में बंधु तिर्की ने स्वास्थ्य केन्द्र के प्रबंधन में सुधार लाने के लिए केन्द्र के रखरखाव, वहां के कमी को चरण बद्ध तरिके से ठीक करने पर निर्देश दिया गया। दो महिने के अन्दर सभी स्वास्थ्य कर्मी आपसी समन्यवय और बेहतर प्रबंधन कर राज्य के बढ़िया स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में विकसित करने की बात कही गयी। बैठक के उपरांत बंधु तिर्की ने केन्द के प्रभारी के साथ दवा स्टोर रूम, मरीज रूम, उपकरण कक्ष, उपस्थिती पंजी का निरीक्षण किया। मौके पर अंचलाधीकारी प्रताप मिंज, प्रखंड अध्यक्ष करमा उराँव, उपप्रमुख मोद्दसिर हक, नवल किशोर सिंह, मो0 फहिम, मीर मुस्लिम, शंभु बैठा, गंगा उराँव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सिल्ली के सोमनाथ सिंह बीएफसी के फाइट नाइट में लहराया परचम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिल्ली :** सिल्ली क्षेत्र के रहने वाले सोमनाथ सिंह ने आगामी 16 फरवरी को केरला में बी एफ सी नाइट फाइट में शामिल हुए थे। बुधवार को उनके मुरी वापस आने पर खिलाड़ियों ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।सोमनाथ सिंह पिछले एक वर्ष से एम एम ए कि ट्रेनिंग कोच स्निग्धा गौरव श्रीवास्तव और मोहित कुमार के देखरेख में ले रहा थे। यह बी एफ सी फाइट नाइट जितना उनके लिए एक ट्रेनिंग प्वाइंट जैसा साबित हुआ। उनके विरुद्ध से महाराष्ट्र के खिलाड़ी को तीसरा राउंड में परास्त कर दिया। इस जीत के बाद सोमनाथ सिंह को ढेर सारी बधाई ओर शुभकामनाएं सिल्ली वासियों ने दिया ।सोमनाथ सिंह का सपना है की आगे चल कर एफ सी खेलना और अपने झारखंड समेत पुरे देश का नाम रोशन करना है। मौके पर कोच वाहीद अली,प्रशांतो गोराई समेत खिलाड़ी मौजूद थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों की अनुभवात्मक शिक्षण यात्रा


**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने 'रांची एक्वेरियम' और 'बटरफ्लाई पार्क' की शैक्षणिक यात्रा की। इस यात्रा ने छात्रों को एक संवादात्मक वातावरण में सतत विकास लक्ष्यों के साथ समुद्री जैव विविधता, पारिस्थितिकी तंत्र और संरक्षण प्रयासों का पता लगाने का अवसर प्रदान किया। बच्चों ने कई तरह की जलचर प्रजातियों को देखा और रंग-बिरंगी तितलियों की खूबसूरती का आनंद लिया। यह यात्रा न केवल उनके लिए सीखने का मौका बनी, बल्कि मनोरंजक भी रही। इससे छात्रों को प्राकृतिक संतुलन को बेहतर समझने और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका को समझने में मदद मिली। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने बताया कि ऐसी यात्राएँ बच्चों के लिए बहुत फायदेमंद होती हैं। इससे वे किताबों में पढ़ी चीजों को वास्तविक रूप से देख और समझ पाते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के अनुभव बच्चों की जिज्ञासा, ध्यान देने की क्षमता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करते हैं।

# इनमोसा पिपरवार क्षेत्रीय कार्यालय मे स्वागत सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत विहार कॉलोनी स्थित इनमोसा के पिपरवार क्षेत्रीय कार्यालय में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इनमोसा के पिपरवार क्षेत्रीय अध्यक्ष एसडी राम और संचालन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने किया।इस कार्यक्रम में पिपरवार क्षेत्र के सीनियर ओभरमैन संजय कुमार चौधरी को अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी प्रकट किया गया।साथ ही कार्यक्रम में मौजूद संजय कुमार चौधरी का माला पहनाकर स्वागत किया गया,जबकि फूलों का गुलदस्ता देकर उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा पिपरवार क्षेत्र के सीनियर ओभरमैन संजय कुमार चौधरी को बीएमएस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है जो इनमोसा व पिपरवार क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।कार्यक्रम में सभी लोगों ने उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के लिए बधाई दी।इस अवसर पर कार्यक्रम में इनमोसा के द्वारा 24 फरवरी से होने वाले सीसीएल स्तरीय आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। वक्ताओं ने कहा कि इनमोसा से जुड़े लोगों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चार चरणों में सीसीएल स्तरीय आंदोलन का आह्वान किया गया है,जिसकी शुरुआत 24 फरवरी से की जाएगी।इस आंदोलन को पिपरवार मे सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।कार्यक्रम मे मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष एसडी राम, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन,क्षेत्रीय सचिव अनिल कुमार कुवंर,रूपलाल महतो,संजय कुमार महतो,केशव प्रसाद यादव,जितेंद्र कुमार, निवास प्रसाद,सुरेंद्र प्रसाद,मुजाहिद इमाम, एसके सिंह, एसएन सिंह,मनोज कुमार सिंह, सुबोधकांत वर्मा,शत्रुघ्न विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## धानामुंजी गांव समीप हथियार दिखाकर मवेशी व्यापारियों से साढ़े लाख रूपया का लूट

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कर्रा थाना क्षेत्र के जलटंडा टुपूदाना रांची मुख्य सड़क के धानामूंजी गांव समीप बुधवार सुबह करीब 11.30 बजे को मवेशी बेचकर लौट रहे व्यापारियों से हथियार दिखाकर चार अज्ञात अपराधियों ने करीब साढ़े चार लाख रूपया लुट लिया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को सप्ताहिक जलटंडा बाजार से खस्सी बिक्री करके चतरा जिला के टंडवा थाना निवासी प्रेम यादव अपने बेटा रवि कुमार यादव के साथ सवारी गाड़ी से घर लौट रहा था तभी जलटंडा- टुपूदाना सड़क के धानामुंजी गांव के समीप दो बाईक पर चार नकाबपोश हथियार बंद अपराधी हथियार लहराते हुए मवेशी व्यापारी प्रेम यादव व रवि कुमार यादव से साढ़े चार लाख रूपया लूटपाट कर लिया. मवेशी व्यापारी रवि कुमार यादव? ने बताया चारों अपराधियों मुंह पर कपड़ा बंधा हुआ था और चारों अपराधियों के पास छोटा हथियार था एक बाईक सिल्वर क्लर को आर एस पल्सर व दूसरा बाईक लाल एवं काला क्लर में साईन होंडा था लूटपाट करने के बाद एक बाईक लोधमा कि ओर व दूसरा बाईक जलटंडा कि ओर चला गया. हम अपने परिवार आजिविका मवेशी बेचकर करते थें लेकिन भारी रकम लूटपाट हमारा पूरा व्यापार ही खत्म हो गया है अभी बहुत सारे मवेशी का पैसा किसानों को देना बाकी है. सवारी गाड़ी में मवेशी बेचकर प्रेम यादव बेटा रवि कुमार यादव व चालक आशिष कुमार लौट रहे थे वही लूटपाट के मवेशी व्यापारी रवि कुमार यादव द्वारा कर्रा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने हेतू आवेदन दिया गया है।

## बचरा के मुख्य बाजारो से कोल वाहनो के परिचालन से बढ़ी दुर्धटना की आशंका

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक के मुख्य बाजारो के सड़को से इन दोनों कोल वाहनों के परिचालन से आम जनता काफी परेशान है।बचरा की सड़को पर नो इंट्री के बावजुद कोल वाहनो का परिचालन बेरोक टोक जारी है,जिसके कारण जहां एक तरफ लोग परेशान है वहीं दूसरी ओर दुर्घटना की भी आशंका बढ़ गई है।सुबह व शाम मे बचरा के चौक चोराहो व बाजारो मे काफी भीड़ लगी हुई रहती है,ऐसे मे हाईवा डम्पर और ट्रको के परिचालन से हादसे का डर बना हुआ रहता है।इस संबंध मे स्थानीय लोगो ने इस पर प्रशासन व प्रबधंन से रोक लगाने की मांग की है।लोगो ने कहा कि टंडवा एनटीपीसी से हो रही फ्लाई ऐश की ढुलाई मे लगे हाईवा फलाई ऐश अनलोड कर अधिकांश हाईवा जल्दबाजी के चक्कर मे बचरा के बाजारो के रास्ते से गुजर रही है।वही कई कोयला लदे ट्रक कोयला खाली करने के बाद बचरा के रास्ते आवागमन कर रही है।हाईवा एंव ट्रको के परिचालन से जहां लोग धुल गर्द एंव प्रदुषण से परेशान है तो वही दुसरी ओर दुर्धटना की आंशका भी बनी रहती है।बताया गया कि बचरा चार नंबर चौक एवं डीएवी स्कूल के समीप दो जगह पर सीसीएल प्रबंधन के द्वारा बैरियर लगाया गया था,लेकिन अज्ञात वाहन ने बैरियर को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया था,जिसके बाद से अभी तक बैरियर नहीं लगाया गया है।इसका फायदा उठाते हुए कुछ हाइवा डंपर एवं ट्रक चालक के द्वारा बचरा के मुख्य मार्ग से कोल वाहनो का परिचालन कर रहे हैं।ज्ञात हो कि बचरा चार नंबर चौक पर सड़क के किनारे कई लोगों के द्वारा सब्जी की दुकान भी लगाया गया जा रहा है,जिसके कारण भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।पिपरवार थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में कई बार इस मामले को उठाया गया,लेकिन इस पर किसी तरह का पहल नहीं किया गया है।यदि जल्द इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।स्थानीय लोगो ने सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन एवं स्थानीय पिपरवार पुलिस से इस गंभीर मामले पर पहल करते हुए इस पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।साथ ही पूर्व में लगाए गए चार नंबर चौक एवं डीएवी स्कूल के पास बैरियर को पुनः लगाने की मांग की है।

## यौनशोषण के आरोपी और पिता को भेजा गया जेल

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कुल्ली भंडरा निवासी 15 वर्षीय नाबालिग को स्कूल जाने के क्रम में अपरहण कर तीन माह तक यौनशोषण करने और फ़िर आरोपी के पिता द्वारा छोटा जाती कहकर घर से निकाल देने के आरोप में पिता पुत्र को बुधवार को इटकी पुलिस ने मुख्य न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस संबंध में इटकी थाना क्षेत्र के भंडरा गांव के रामेश्वर गोप व उसके पिता देवनाथ गोप पर नाबालिग के पिता द्वारा न्यायालय में वाद दर्ज कराया था। वादी ने जानकारी दी है कि रामेश्वर गोप ने स्कूल जाने के क्रम में नाबालिग को अगवा कर चेन्नई ले गया था। वहां तीन महीना उसके साथ यौन शोषण करने के बाद नाबालिक को वापस अपने घर ले आया। जहां आरोपी के पिता ने नाबालिग को घर से निकाल दिया। जिसकी शिकायत इटकी पुलिस को की गई। पुलिस ने नाबालिग को महिला मुखिया के सुपुर्द किया था। नाबालिग के साथ यौन शोषण और शादी से इनकार किए जाने के बाद अदालत में पॉक्सो एक्ट के तहत धारा 137(द्व) 64 बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## अखबार एजेंट को मातृ शोक, क्षेत्र में शोक की लहर

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी निवासी राजकुमार सिंह जो अखबार के एजेंसी वर्षो से चला रहे है उनकी माता देवन्ती देवी उम्र सौ वर्ष के लगभग की मृत्यु मंगलवार की शाम अपने निवास स्थान पर हो गई। वह काफी दिनों से बीमार चल रही थी। बुधवार को मुरी स्थित स्वर्ण रेखा नदी के घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस घटना से क्षेत्र में एवं पत्रकारों में शोक की लहर है।

## बुढ़मू पुलिस ने की बड़ी करवाई, दो बाईक चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):**बुढ़मू पुलिस ने दो बाईक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, दोनों चोर क्रमशः विशाल कुमार तुरी उर्फ़ फॉलो मिंज(20 वर्ष )खलारी निवासी व समीर मुंडा(19वर्ष )बरियातु निवासी शामिल है.खलारी एसडीपीओ एस. एन. चौधरी ने बताया की बुधवार की शाम बुढ़मू थाना अंतर्गत चौकीटांड (तीरु फॉल ) के समीप एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार व स्कूटी सवार व्यक्ति को तेजी से आते हुए वाहन को रुकने का इशारा करने पर दोनों अचानक पुलिस पार्टी को देखकर सड़क पर वाहन छोड़ जंगल की और भागने लगे,जिसे देख पुलिस ने खदेड कर पकड़ा, पकड़े गए युवकों से कड़ाई से ज़ब पूछताछ की गई तो अपना नाम विशाल कुमार तुरी उर्फ़ फॉलो मिंज पिता स्व नरेश राम , निवास स्थान सीसीएल कॉलनी, खलारी व समीर मुंडा पिता भजु मुंडा, देशवाली टोली बरियातु बताया. दोनों के पास से दो मोटरसाइकिल को पुलिस ने जप्त किया है.पूर्व मे भी विशाल कुमार तुरी के विरुद्ध खलारी मे कांड संख्या 81/19 दि. 10/11/019 धारा -341/324/307/504/506//323/326 व 40/22 दि. 7/8/022- धारा 324/307/386/387/504 दर्ज है.अपराधियों को गिरफ्तार करने मे थाना प्रभारी बुढ़मू रितेश कुमार महतो, पु. अ. नि. बुढ़मू संजीव कुमार व पुलिस बल की सराहनीय भूमिका रहीं।

# धतकीडीह में मुन्ना घोष के बेटे शिवम घोष पर चली ताबड़तोड़ गोली, स्थिति गंभीर

## धतकीडीह मुखी बस्ती के सैकड़ों लोगों ने किया घंटों सड़क जाम, सिटी एसपी पहुंचे घटनास्थल






प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** धतकीडीह मेन रोड पर बुधवार को दिन के समय एक घातक घटना में शिवम घोष नामक युवक को अपराधियों द्वारा गोली मार दी गई। शिवम, जिनका आपराधिक पृष्ठभूमि रहा है और जो पहले भी हत्या समेत कई वारदातों में शामिल हैं, अपने दोस्तों के साथ पैदल चलते समय इस हमले का शिकार हुआ। बताया जा रहा है कि स्कूटी पर सवार अपराधियों ने उन्हें रोका और कई गोलियां चला दीं। जैसे ही शिवम जमीन पर गिर पड़े, अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने शिवम को टाटा मेन हॉस्पिटल में भर्ती कराया हैं। बुधवार को समाचार लिखे जाने तक बेहतर इलाज के लिए कोलकात्ता ले जाने की बात पर चर्चा हो रही हैं। गोली लगने की खबर जैसे ही इलाके में फैली, भीड़ में उत्तेजना मच गई। धतकीडीह मुखी बस्ती के सैकड़ों लोगों ने सड़क पर उतर कर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और अपराधियों की सख्त गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इसी बीच सिटी एसपी कुमार शिवाशीष घटनास्थल पर पहुंचे और भीड़ को समझाते हुए शांत कराने का प्रयास किया। करीब एक घंटे बाद जाम हटाने में सफलता मिली। शिवम घोष धतकीडीह के रहने वाले मुन्ना घोष का पुत्र हैं। वर्ष 2021 में शिवम पर अपनी चाची, जूली घोष की हत्या का आरोप भी लगा था, जब वह घर में सोई हुई चाची पर हमला कर दी थी। उस घटना के चलते जनाक्रोश की लहर दौड़ गई थी और भारी दबाव में पुलिस ने कुछ दिनों बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा था। शिवम के पिता मुन्ना घोष की भी आपराधिक पृष्ठभूमि रही है। सूत्रों का मानना है कि यह गोली कांड आपराधिक वर्चस्व की लड़ाई का हिस्सा हो सकती है।

## दोमुहानी संगम घाट पर पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता करेंगे स्वर्णरेखा महाआरती



**जमशेदपुर :** महाशिवरात्री के अवसर पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के अगुवाई में सोनारी दोमुहानी संगम घाट पर स्वर्णरेखा महाआरती का आयोजन किया जा रहा है. आज आमंत्रण पत्र वितरण के कार्य का शुभारंभ करने से पहले रंकिणी मंदिर कदमा में कार्यकर्ताओं ने पूजा अर्चना कर महादेव को प्रथम आमंत्रण पत्र समर्पित किया. इस दौरान मनोज झा, बबुआ झा, राजा मंडल, रोशन सिंह, किट्टू पाजी, आशीष मलिक सहित बहुत सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## टाटानगर आरपीएफ ने छात्रा का खोया हुआ बैग लौटाया



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटानगर आरपीएफ ने एक छात्रा का खोया हुआ बैग रिकवर करके मंगलवार को वापस लौटाया। शहर के गोलपहाड़ी की रहने वाली रितिका पॉल 13 फरवरी को धालभूमगढ़ जाना था, गलती से वह टाटा-गुवा पैसेंजर में चढ़ गई। ट्रेन जब आदित्यपुर पहुंची तो वह हड़बड़ी में उतर गई, पर अपना बैग छोड़ दी। इसके बाद छात्रा ने आदित्यपुर स्टेशन पर आरपीएफ के अधिकारी को जानकारी दी और आरपीएफ टाटानगर पहुंचकर मामले की सूचना दी, और रेल मदद एप में शिकायत की। आरपीएफ ने चाईबासा स्टेशन से बैग को उतार लिया। इसके बाद मंगलवार को टाटानगर आरपीएफ थाना बुलाकर बैग को वापस कर दिया।

## आदित्यपुर में झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झामुमो की ओर से बुधवार को आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के वार्ड 6 से 8 तक सदस्यता अभियान चलाया गया। आदित्यपुर नगर संयोजक शंकर मुखी के नेतृत्व में चलाए गए इस कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान करीब 500 महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया जिसका मौके पर उपस्थित झामुमो जिला संयोजक डॉ शुभेन्दू महतो और पूर्व प्रत्याशी गणेश महाली ने स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के क्रम में जिले के सभी गांवों से काफी संख्या में युवा और महिलाएं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कार्यो से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इस मौके पर झामुमो महिला नेत्री कविता दास, सुशीला तांती, सोनामनी समेत कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने पुराने कटे फटे नोट बदलने का लगाया शिविर



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बिस्टुपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा द्वारा आज बिस्टुपुर बाजार मे कटे फटे पुराने नोटों के बदलने के लिए एक शिविर का आयोजन कर व्यापारियों के बीच पुराने नोटों के बदले नये का बदलने का कार्य किया गया। इस दौरान काफी संख्या मे लोग लाइन लगा कर पुराने कटे एवं फटे नोटों के बदले नये नोट लिया। उक्त जानकारी देते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा, बिष्टुपुर मुख्य शाखा के वरीय प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार ने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार यह पुराने एवं कटे फटे नोटों के बदले नये नोट को देने हेतु शिविर का आयोजन किया गया था। उक्त अवसर पर तरुण कुमार दत्ता का भी सक्रिय योगदान रहा।

## गुड़ाबांदा थाना में भूमि समाधान दिवस आयोजित




**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुड़ाबांदा थाना परिसर में बुधवार को भूमि विवाद समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंचल अधिकारी मनोहर लिंडा और थाना प्रभारी सन्नी टोप्पो ने ग्रामीणों की भूमि संबंधित विवादों को सुना। कई ग्रामीण अपनी भूमि संबंधित समस्या लेकर पहुंचे। अंचल अधिकारी ने ग्रामीणों से कहा कि भूमि विवाद से जुड़े दूसरे पक्षों के लोगों को सूचना देकर बुलाया जायेगा। दोनों पक्षों की उपस्थिति में विवाद के समाधान का प्रयास किया जायेगा।

## पारगामा में कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ नवान्न परायण महायज्ञ

**पारगामा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत पारगामा गांव में कल बुधवार को कलश यात्रा के साथ श्री श्री नवान्न परायण महायज्ञ शुरू किया गया। पारगामा सोलोआना कमिटी के तत्वावधान में आयोजित यह सार्वजनिक धार्मिक अनुष्ठान अगले नौ दिनों तक गांव के प्राचीनकालीन शिव मंदिर प्रांगण में अनवरत रूप से चलेगी। कुकड़ू, चौका, रांची और बाघमुंडी से आमंत्रित कथावाचक अपने-अपने प्रवचनों से भक्तवृंदों में ज्ञान गंगा बहाएंगे। उक्त महायज्ञ का जागरण रात्रि पच्चीस जबकि पुर्णाहुति और कलश विसर्जन अठाईस फरवरी को निर्धारित है। कल कलश यात्रा के दौरान पुर्व मुखिया मनोरंजन सिंह सरदार, पुर्व उपमुखिया महेश्वर महतो, उपमुखिया महेंद्रनाथ महतो, प्रफुल्ल महतो, कांचन दादू, राकेश कुमार महतो, रवींद्र कुमार नाथ महतो, आशुतोष महतो, जागरु, बिराज, धनपति , उत्तम आदि मौजूद रहे।

## बकाया मजदूरी मांगने पर किया हमला, मामला दर्ज

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा थाना क्षेत्र के लच्छीपुर गांव निवासी बाबुलाल सिंह ने उसी गांव के रहने वाले रूप सिंह व उनकी पत्नी सारथी सिंह, पुत्र बाबुराम सिंह एवं पुत्रवधू उर्मिला सिंह के खिलाफ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में सोमवार को पटमदा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मामला रविवार शाम की बताई गई है। इस संबंध में बाबूलाल सिंह ने कहा कि रविवार की शाम को वह रूप सिंह के पास अपनी बकाया मजदूरी को लेने के लिए गया था। लेकिन रूप सिंह उसे बकाया राशि देने के बदले शराब पीने के लिए दबाव दे रहा था। इस बात को लेकर दोनों में पहले बकझक हुई। इसके बाद रूप सिंह समेत अन्य तीन लोगों ने बाबुलाल पर हमला कर दिया और इस घटना में मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। परिजनों द्वारा पटमदा के माचा स्थित सीएचसी अस्पताल में इलाज करवाया गया।

## बंगाल जाने के क्रम में काटिन चौक पर विधायक जयराम का स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम में आयोजित एक कार्यक्रम में जाने के क्रम में बुधवार को पटमदा के काटिन चौक पर जेएलकेएम सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो का पार्टी कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस संबंध में जिला प्रवक्ता सुब्रत महतो ने बताया कि पार्टी सुप्रीमो पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम के साधु रामचांद मुर्मू विश्वविद्यालय में कुड़माली विभाग के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकले थे। इस दौरान सुप्रीमो ने काटिन चौक स्थित शहीद मूर्तियों पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस दौरान कई लोगों ने उनसे मिलकर क्षेत्र की समस्याओं को रखते हुए समाधान की मांग की। उन्होंने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर पटमदा प्रखंड अध्यक्ष अनिल बास्के, जिला प्रवक्ता सुब्रत महतो, फनी महतो, जिला महामंत्री अजित महतो, मृत्युंजय महतो, श्याम सुंदर महतो, दयासागर महतो, भैरव महतो, प्रदीप महतो, राजेश कुंभकार, निर्मल महतो, अंकुर महतो, राजेश महतो, शिवशंकर महतो, हरेकृष्ण महतो, छुटुलाल महतो, पंचानन महतो व भक्तरंजन महतो आदि उपस्थित थे।

## गम्हरिया प्रखंड में डायन प्रथा उन्मूलन पर कार्यक्रम आयोजित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से गम्हरिया प्रखंड के जयकान पंचायत सचिवालय में डायन प्रथा उन्मूलन को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से पद्मश्री छुटनी महतो को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। उन्होंने अपने सम्बोधन में डायन प्रथा को समाज के लिए अभिशाप बताया। कहा कि किसी भी महिला को डायन घोषित कर उसे प्रताड़ित करने का यह एक माध्यम बन गया है। इसके लिए सभी महिलाओं को एकजुट होकर विरोध करने की जरूरत है। इस मौके पर सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी ने उपस्थित ग्रामीणों को डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम- 200 की जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि पदमश्री छुटने महतो जीवन भर डायन प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ती रही हैं। अभी भी कहीं से भी उन्हें इसकी जानकारी मिलती है तो वह इस लड़ाई को जारी रखने में आगे रहती हैं। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी।

## 3 एकड़ जमीन पर लगे अफीम खेती को ईचागढ़ पुलिस ने किया नष्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** थाना क्षेत्र के सोड़ो पंचायत अंतर्गत हाड़ात गांव के जंगल झाड़ी में लगे करीब 3 एकड़ जमीन पर अफीम खेती को ईचागढ़ पुलिस द्वारा बुधवार को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर करीब 3 एकड़ जमीन पर लगे अफीम खेती को लाठी चलाकर नष्ट किया गया एवं खेती करने वाले को चिन्हित कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने थाना क्षेत्र में अफीम खेती करने वाले किसानों को अफीम खेती नहीं करने और वैकल्पिक खेती को अपनाने का अपील किया। उन्होंने कहा कि अफीम खेती के खिलाफ लगातार नष्टीकरण अभियान जारी रहेगा। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के बीहड़ गांवों में धड़ल्ले से अफीम खेती किया जा रहा है और प्रशासन के चेतावनी के बाद भी लोग अपने अफीम खेती को नष्ट नहीं कर रहे हैं, जिससे पुलिस को सख्ती बरतनी पढ़ रही है।

## टाटा स्टील के एफएएमडी ने सीएनजी ट्रक के ज़रिए पहली बार फेरो क्रोम निर्यात का किया परीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के फेरो अलॉयज़ और मिनरल्स डिवीज़न ( एफएएमडी) ने बुधवार को जाजपुर में अपने फेरो अलॉयज़ प्लांट से निर्यात के लिए एक संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) ट्रक में फेरो क्रोम की पहली बार ढुलाई का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इस अग्रणी कदम में एफएपी जाजपुर से विशाखापटन तक सीएनजी ट्रकों में फेरो अलॉय की ढुलाई शामिल है, जिससे हाई-स्पीड डीज़ल ट्रकों की तुलना में सीओ2 में लगभग 20-25 फीसदी की कमी आई है। इसे वन सप्लाई चेन और टाटा स्टील की खरीद टीम और मेसर्स सीजे डार्कल टीम के सहयोग से क्रियान्वित किया गया है। लॉजिस्टिक्स (एफएएमडी) के प्रमुख अमित चौबे ने कंपनी के फेरो अलॉय प्लांट में एफएपी जाजपुर के प्रमुख आलोक कुमार पांडा, लॉजिस्टिक्स-एफजी (एफएएमडी) के वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक सौम्या बसु, खरीद, परिवहन (कच्चा माल) के वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक मुनमुन ताह और मेसर्स सीजे डार्कल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इस खेप को हरी झंडी दिखाई। एफएएमडी के कार्यकारी-प्रभारी पंकज सतीजा ने कहा, हम अपने प्लांट संचालन में स्वच्छ ईंधन की दिशा में काम कर रहे हैं और हम आपूर्ति श्रृंखला में भी योगदान देना चाहते हैं। यह ट्रायल रन मूल्य श्रृंखला में उत्सर्जन को कम करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## जमशेदपुर में छत्तीसगढ़ी फिल्म लॉकडाउन के मया का पोस्टर लॉन्च



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** छत्तीसगढ़ी फिल्म लॉकडाउन के मया का पोस्टर लॉन्च बुधवार को गोलमुरी स्थित एक होटल में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पूर्णिमा साहू और विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता दिनेश कुमार उपस्थित रहे। फिल्म निर्माता डॉ. जे.के. देवांगन ने बताया कि लॉकडाउन के मया आगामी 21 मार्च 2025 को जमशेदपुर के मिराज सिनेमा हॉल (गोलमुरी) में रिलीज होगी। फिल्म के सह-निर्माता डॉ. प्रतिमा देवांगन, निर्देशक एवं लेखक एम.डी. हबीब, तथा प्रोडक्शन मैनेजर उदय साहू हैं। फिल्म में ज्यादातर कलाकार छत्तीसगढ़ से हैं, जबकि कुछ जमशेदपुर के भी हैं। मुख्य भूमिकाओं में अभिनेता शीवा साहू, नितिन ग्वाला और अभिनेत्री स्नेहा देवांगन नजर आएंगी, जो इस फिल्म से डेब्यू कर रही हैं। फिल्म की 90 प्रतिशत शूटिंग जमशेदपुर में हुई है और यह लॉकडाउन के दौरान लोगों की आपसी मदद की कहानी को दर्शाती है। फिल्म में पारिवारिक मनोरंजन के साथ-साथ एक रोमांचक त्रिकोणीय प्रेम कहानी देखने को मिलेगी, जिसमें कॉमेडी, इमोशन, रोमांस और एक्शन का समावेश होगा। फिल्म के गाने पहले ही लोकप्रिय हो चुके हैं, जिनमें मार डारे और प्रियदर्शिनी विशेष रूप से चर्चा में हैं। ये गाने एन माही फिल्म यूट्यूब चौनल पर उपलब्ध हैं। जमशेदपुर में लगभग 25 वर्षों के बाद छत्तीसगढ़ी फिल्म रिलीज हो रही है, जिसे लेकर दर्शकों में उत्साह है। पोस्टर लॉन्च कार्यक्रम में डॉ. जे.के. देवांगन, डॉ. प्रतिमा देवांगन, स्नेहा देवांगन, एम.डी. हबीब, दिनेश साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कुचाई में नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी ने किसानों को दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** झारखंड नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (ज्रेडा) की ओर से बुधवार को कुचाई प्रखंड सभागार में किसानों के बीच एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बीडीओ साधु चरण देवगम, बीएओ लिमुनस हेंब्रम, बीटीएम राजेश कुमार,ज्रेड़ा के प्रशिक्षिक चिरंजीव सिंह, किसान सलाहकार समिति अध्यक्ष मंगल सिंह मुंडा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बीडीओ ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान तकनीकी युग में कृषि के क्षेत्र में नई तकनीकों के साथ ऊर्जा का कुशलतापूर्वक उपयोग करना चुनौती है। किसानों को कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि आज के समय में कृषि कार्य में सोलर सिस्टम पंपसेट की उपयोगिता बढ़ गई है। बीटीएम राजेश कुमार ने कहा कि जेआरईडीए की ओर से किसानो को तीन तरह का सोलर पंप सेट 90 प्रतिशत अनुदान पर दिया जा रहा है। जिसमें 2 एचपी के लिए 5 हजार 3 एचपी के लिए 7 हजार 5 एचपी के लिए 10 हजार रुपया कृषक अंशदान लगता है। इसके लिए आवेदन प्रज्ञा केंद्र से ऑनलाइन करवा सकते है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंगल सिंह मुंडा, बुंदिराम सोय, कारु मुंडा रासाय मुंडा संतोष मुंडा आदि उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय प्रदर्शनी रेडिएंट झारखंड का आयोजन आज से, सांसद करेंगे उद्घाटन



**जमशेदपुर:** झारखंड की धरती पर पहली बार जमशेदपुर में विजुअल मिथ्स् द्वारा तीन दिवसीय मेगा प्रदर्शनी रेडिएंट झारखंड का आयोजन होटल रमाडा में किया गया है. प्रदर्शनी का उद्घाटन जमशेदपुर के सांसद बिद्युत बरन महतो 20 फरवरी को करेंगे. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू और जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय उपस्थित रहेंगे. प्रदर्शनी का आयोजन 20 से 22 फरवरी 2025 तक होटल रमाडा में किया गया है. प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क है. जो प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आम लोगों के लिए खुली रहेगी.

**रेडिएंट झारखंड प्रदर्शनी का उद्देश्य**

तीन दिवसीय मेगा प्रदर्शनी रेडिएंट झारखंड का उद्देश्य के संबंध में आयोजक विजुअल मिथ्स के वनिश गुप्ता ने बताया कि समाज के हर तबके के लोगों को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरुक करना है. इसके साथ ही युवाओं को शिक्षा और रोजगार के नए अवसरों की जानकारी उपलब्ध कराना, सरकार द्वारा समाज एवं देश के विकास के लिए किए जा रहे कार्यो की महत्वपूर्ण जानकारी लोगों से साक्षा करना है. प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहा महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है. श्री गुप्ता ने बताया कि यह प्रदर्शनी स्थानीय शिल्पकारों के लिए एक मंच प्रदान करेगा जहां स्थानीय शिल्पकार व हस्त शिल्प से जुड़ें कारीगर अपने वस्तुओं का प्रदर्शन करेंगे. वहीं विभिन्न सरकारी विभागों के स्टॉल रहेंगे, जहां लोग उस विभाग से संबंधित जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे. इसके अलावा आम लोग पूरे आयोजन के दौरान मुफ्त आधार कार्ड अपडेट का लाभ उठा सकते है.

**इन विभागों के लगेंगे स्टॉल**

प्रदर्शनी में विभिन्न सरकारी विभागों और संस्थानों की भागीदारी होगी, जिनमें डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद , बोस संस्थान, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद , भारतीय रिज़र्व बैंक , लघु उद्योग विकास बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण , भारतीय मानक ब्यूरो, सीएसआईआर - खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान, सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, परमाणु ऊर्जा विभाग, दक्षिण पूर्वी रेलवे, जन-औषधि, पौध किस्म और किसान अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, जल शक्ति मंत्रालय, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित एवं विकास निगम, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण, जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ , केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन और आधार आदि.

विचार प्रवाह

संपादकीय

# वक्फ पर सियासी बवाल

**भारत** एक लोकतांत्रिक और संवैधानिक राष्ट्र है। कानून का राज है, तटस्थ और विवेकी न्यायपालिका है। इस देश में वक्फ बोर्ड भी है। वह जिस इमारत, जमीन, गांव और सैकड़ों साल पुराने मंदिर और मठ की तरफ अपनी उंगली उठाता है, तो वह उसकी संपत्ति मान ली जाती है। बेशक विवादों के लिए एक ट्रिब्यूनल भी है, लेकिन उसमें 40,950 से अधिक मामले अब भी लंबित पड़े हैं। 9942 मामले ऐसे भी हैं, जो मुसलमान वादियों ने ही वक्फ के खिलाफ कर रखे हैं। देश में सेना और रेलवे के बाद सबसे अधिक वक्फ बोर्ड के अधीन 9.40 लाख एकड़ जमीन है। आर्थिक विश्लेषण किया जाए, तो उस जमीन से 1.25 लाख करोड़ रुपए की आमदनी होनी चाहिए। वक्फ जमीन के कब्जेबाज सिर्फ 200 करोड़ रुपए की आमदनी ही मानते रहे हैं। क्या यह किसी घोटाले की ओर संकेत करता है? क्या ऐसी निरंकुशता और कानूनहीनता किसी संवैधानिक देश में स्वीकार्य हो सकती है? यह बुनियादी आधार है, जिस पर वक्फ बोर्ड के नए कानून, नए नियमों और पूरी तरह कानूनी प्रारूप के लिए मौजूदा कानून में संशोधन अनिवार्य है। भारत में सेंट्रल और राज्य के कुल 30 बोर्ड कार्यरत हैं। लाखों संपत्तियां वक्फ बोर्ड के अधीन हैं, लेकिन आम मुसलमान के लिए कोई फायदा नहीं। आम मुसलमान के लिए कोई अधिकृत अस्पताल नहीं। आधुनिक स्कूल, कॉलेज नहीं हैं। जरूरतमंद के लिए आर्थिक मदद की कोई विशेष योजना नहीं है। मुसलमानों की स्थिति पर सच्चर कमेटी की रपट में भी वक्फ पर कई गंभीर और तल्ख टिप्पणियां की गई थीं। दरअसल एक ताकतवर तबके के वक्फ बोर्ड के जरिए लाखों संपत्तियों पर अवैध कब्जे हैं। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 29 के तहत न तो किसी के मौलिक अधिकार छीने जा रहे हैं, न मजहबी आजादी को 'गुलाम' बनाया जा रहा है और न ही सरकार किसी मस्जिद, इबादतगाह, दरगाह, मदरसों, कब्रिस्तानों आदि पर कब्जे के मंसूबे पाले बैठी है। संविधान और प्रभावशाली न्यायपालिका के देश में यह करना संभव भी नहीं है। मुस्लिम सांसद ओवैसी साक्ष्यों और अतीत की घटनाओं के आधार पर यह साबित करें कि सरकार वक्फ संशोधन कानून इसलिए बनाना चाहती है, ताकि मुसलमानों की वक्फ परिसंपत्तियों को हड़पा जा सके। मुस्लिम और उनके वोट बैंक पर जिंदा राजनीतिक दलों के नेता औसत मुसलमान को भडक़ाने और आंदोलित करने की सियासत कर रहे हैं, लिहाजा राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने वक्फ बिल पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की 655 पन्नों की रपट को 'फर्जी' करार दिया है। उसे अलोकतांत्रिक, संविधान-विरोधी और प्रक्रिया-विरोधी भी माना है। लोकतांत्रिक भारत में 'असंवैधानिक' तो यह है कि वक्फ संपत्तियों का कोई 'सेंट्रल डाटा' ही उपलब्ध नहीं है। वक्फ वाले तो संसद भवन की जमीन को भी वक्फ की संपत्ति मानते हैं। शुक्र है कि अभी राष्ट्रपति भवन उनकी निगाहों से बचा हुआ है। वक्फ को लालकिला और कुतुब मीनार की जमीन को भी वक्फ की संपत्ति मानने में कितना वक्त लग सकता है? हैरान व्यवस्था है कि वक्फ ट्रिब्यूनल के फैसले को किसी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती! अब संशोधित बिल के अनुसार ट्रिब्यूनल के फैसले को राजस्व अदालत, सिविल कोर्ट और उच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी। वक्फ में ऐसे कई बिंदु और व्यवस्थाएं हैं, जिन्हें कानून के दायरे में लाना संसद का दायित्व है।

वक्फ जमीन के कब्जेबाज सिर्फ 200 करोड़ रुपए की आमदनी ही मानते रहे हैं। क्या यह किसी घोटाले की ओर संकेत करता है? क्या ऐसी निरंकुशता और कानूनहीनता किसी संवैधानिक देश में स्वीकार्य हो सकती है? यह बुनियादी आधार है, जिस पर वक्फ बोर्ड के नए कानून, नए नियमों और पूरी तरह कानूनी प्रारूप के लिए मौजूदा कानून में संशोधन अनिवार्य है। भारत में सेंट्रल और राज्य के कुल 30 बोर्ड कार्यरत हैं। लाखों संपत्तियां वक्फ बोर्ड के अधीन हैं, लेकिन आम मुसलमान के लिए कोई फायदा नहीं। आम मुसलमान के लिए कोई अधिकृत अस्पताल नहीं। आधुनिक स्कूल, कॉलेज नहीं हैं। जरूरतमंद के लिए आर्थिक मदद की कोई विशेष योजना नहीं है। मुसलमानों की स्थिति पर सच्चर कमेटी की रपट में भी वक्फ पर कई गंभीर और तल्ख टिप्पणियां की गई थीं। दरअसल एक ताकतवर तबके के वक्फ बोर्ड के जरिए लाखों संपत्तियों पर अवैध कब्जे हैं। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 29 के तहत न तो किसी के मौलिक अधिकार छीने जा रहे हैं, न मजहबी आजादी को 'गुलाम' बनाया जा रहा है और न ही सरकार किसी मस्जिद, इबादतगाह, दरगाह, मदरसों, कब्रिस्तानों आदि पर कब्जे के मंसूबे पाले बैठी है। संविधान और प्रभावशाली न्यायपालिका के देश में यह करना संभव भी नहीं है।


### आपसी तालमेल बनाए रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना जरूरी है

# भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व करे

ललित गर्ग

एआई से बदलती दुनिया के चमत्कार वरदान से कम नहीं है, लेकिन इससे जुड़ी चुनौतियां एवं खतरे इसे अभिशाप में भी बदल सकते हैं। बहुत आवश्यक है कि इसके उपयोग के संदर्भ में कोई वैश्विक ढांचा एवं नियंत्रण का केन्द्र एवं नीति बने। क्योंकि एआई के दुरुपयोग के खतरे किसी से छिपे नहीं। अभी एआई का उपयोग अपने प्रारंभिक चरण में ही है, लेकिन उससे पैदा होने वाली कई चुनौतियों एवं खतरों ने सिर उठा लिया है।

**पेरिस** में हुए दो दिवसीय एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) एक्शन समिट ने जहां दुनिया के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के महत्व को उजागर किया, वहीं यह भी साफ कर दिया कि इस मामले में होड़ के बावजूद सभी देशों का आपसी तालमेल बनाए रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना जरूरी है। एआई से बदलती दुनिया के चमत्कार वरदान से कम नहीं है, लेकिन इससे जुड़ी चुनौतियां एवं खतरे इसे अभिशाप में भी बदल सकते हैं। बहुत आवश्यक है कि इसके उपयोग के संदर्भ में कोई वैश्विक ढांचा एवं नियंत्रण का केन्द्र एवं नीति बने। क्योंकि एआई के दुरुपयोग के खतरे किसी से छिपे नहीं। अभी एआई का उपयोग अपने प्रारंभिक चरण में ही है, लेकिन उससे पैदा होने वाली कई चुनौतियों एवं खतरों ने सिर उठा लिया है। लेकिन इस नई तकनीक से जीवनशैली, शिक्षा, चिकित्सा, युद्ध, सेना, शासन-प्रशासन, चुनाव, व्यापार, विचार आदि में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। भारत एआई को लेकर बहुत उत्साहित है और दुनिया में एआई का सबसे बड़ा केन्द्र बनने को भी तैयार है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ इस शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता की बल्कि अगली शिखर बैठक की मेजबानी करने की पेशकश भी करते हुए बता दिया कि भारत इस पहल को कितनी गंभीरता से लेता है। भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए तकनीकी विकास की दृष्टि से भी सफलता के नये झंडे गाड रहा है। एआई को लेकर भारत की सोच सकारात्मक एवं विकासमूलक है इसीलिये प्रधानमंत्री मोदी ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है। उनके एकाधिकार और उनकी मनमानी से निपटना विश्व के तमाम देशों के लिए मुश्किल हो रहा है। यदि इसी तरह का एकाधिकार एआई कंपनियों ने भी स्थापित कर लिया तो फिर समस्या गंभीर हो जाएगी। सबसे अधिक समस्या विकासशील




और निर्धन देशों को होगी, जो पहले से ही चुनिंदा तकनीकी कंपनियों के वर्चस्व तले दबी हुई है। मोदी ने एआई तकनीक के संतुलित एवं विवेकसम्मत उपयोग एवं विकास की आवश्यकता को भी व्यक्त किया। क्योंकि यह उन्नत तकनीक बनाने वाली कुछ कंपनियां उसे अपने हिसाब से संचालित करती हुई भी दिख रही हैं। इस तकनीक का मनमाना इस्तेमाल न होने पाए, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रभावी कदम उठाने होंगे। यह एआई एक्शन समिट ऐसे समय हो रही है, जब चीनी कंपनी डीपसीक दुनिया को एक जबर्दस्त झटका दे चुकी है। भारत एआई की चुनौतियों एवं खतरों को लेकर सतर्क है। क्योंकि एआई द्वारा प्रस्तुत चुनौतियाँ बहुआयामी हैं और लगातार विकसित हो रही हैं। उदाहरण के लिए डीपफेक, जो डिजिटल मीडिया हैं-वीडियो, ऑडियो और चित्र-जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके संपादित और हेरफेर किया जाता है, हाइपर-रियलिस्टिक डिजिटल मिथ्याकरण को शामिल करते हैं। इसका संभावित रूप से प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने, सबूत गढ़ने और लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास को कम करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। जबकि डीपफेक का इस्तेमाल चुनावों जैसे कुछ मामलों में किया गया है, उनका उपयोग विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से देखा जा रहा है। डीपफेक के अलावा, एआई से जुड़े अन्य जोखिम भी हैं। इनमें गोपनीयता, पूर्वाग्रह, पारदर्शिता, जवाबदेही और दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए एआई के संभावित दुरुपयोग से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। भारत सरकार इन मुद्दों को सलाह और विनियमों के माध्यम से नियोजित एवं नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है जो पारदर्शिता, सामग्री मॉडरेशन, सहमति तंत्र और डीपफेक पहचान पर जोर देते हैं ताकि जिम्मेदार एआई तैनाती सुनिश्चित हो और चुनावी अखंडता की रक्षा हो सके। यह एक सतत प्रयास है और जैसे-जैसे आगे बढ़ेंगे, इन चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक मजबूत तंत्र के विकास के साथ सक्षम होने की अपेक्षा रहेगी। एआई विकसित होता रहेगा, नये-नये करिश्माई एवं चमत्कारी आयाम उससे जुड़ते रहेंगे और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह ऐसे तरीके से हो जो सभी के लिए सुरक्षित, नैतिक और लाभकारी हो। आवश्यक बुनियादी ढांचे, हार्डवेयर और क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमताओं के विकास में सहायता के लिए निवेश महत्वपूर्ण है। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग से आवश्यक पूंजी जुटाई जा सकती है। यह संयुक्त प्रयास एआई नवाचार, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे सकेगा और जिससे भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व कर सकेगा। इसी पहलू को रेखांकित करती है यह पेरिस की तीसरी एआई एक्शन समिट, जिसमें दुनिया भर के 90 देशों और तमाम बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस हमारे भविष्य का अनिवार्य हिस्सा है, लेकिन किसी भी वजह से इसकी ग्रोथ को बेकाबू होने दिया गया तो उसके परिणाम खतरनाक साबित हो सकते हैं। भारत की भूमिका को खास बनाता है इसका असाधारण टैलंट पूल, इसके वे इंजिनियर और वैज्ञानिक जो नाम मात्र की लागत पर बड़े-बड़े अंतरिक्ष अभियान को अंजाम देते रहे हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में भारत की पहल बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती। बेहतर होगा कि केंद्र सरकार एक स्वतंत्र मंत्रालय बनाकर इस तकनीक को लेकर अपनी प्राथमिकता तय करे। इनोवेशन में भारत को हर जोखिम को उठाने के लिये स्वयं को सक्षम करना होगा। एआई का समुचित लाभ उठाने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है।

दृश्टि कोण

# भ्रष्टाचार मिटाने को जिम्मेदारी तय हो

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने संसद में कहा था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए एजेंसियों को खुली छूट दे दी है और इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार एक दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है और वह देश को इस बुराई से मुक्त करने के लिए पूरे मनोयोग से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के इस दृढ़निश्चय के बावजूद भारत में भ्रष्टाचार कैंसर की तरह फैलता जा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार हो या राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें, सभी भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़े दावे-वादे करती रही हैं, किंतु यह समस्या सुरसा के मुंह की तरह विकराल होती जा रही है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 की भ्रष्टाचार की सूची वाले देशों में भारत 96वें पायदान पर पहुंच गया है। साल 2023 में भारत की रैंक 93 थी। भारत इस सूची मे पड़ोसी देशों की ज्यादा बुरी हालत पर कुछ राहत महसूस कर सकता है। भ्रष्टाचार की इस सूची में भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान 135 नंबर पर और श्रीलंका 121 पर हैं, जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर चली गई है। इस लिस्ट में चीन 76वें स्थान पर है। डेनमार्क सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र होने की सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर हैं। 1995 से 2024 तक भारत में भ्रष्टाचार की औसत दर 78.03 रही, जो 2024 में 96.00 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और 1995 में 35.00 के रिकॉर्ड निम्नतम स्तर पर पहुंच गई थी। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक यानी सीपीआई दुनिया में सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली वैश्विक भ्रष्टाचार रैंकिंग है। यह मापता है कि विशेषज्ञों और व्यवसायियों के अनुसार प्रत्येक देश का सार्वजनिक क्षेत्र कितना भ्रष्ट है। प्रत्येक देश का स्कोर 13 विभिन्न भ्रष्टाचार सर्वेक्षणों और आकलनों से प्राप्त कम से कम 3 डेटा स्रोतों से लिया जाता है। ये सोर्स विश्व बैंक और विश्व आर्थिक मंच सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा एकत्र किए जाते हैं। सीपीआई की गणना करने की प्रक्रिया की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जारी की जाने वाली सूची यथासंभव मजबूत और सुसंगत है या नहीं? भारत में विदेशी निवेश अपेक्षाकृत नहीं आने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार के कारण भारत की अंतरराष्ट्रीय साख कमजोर है। विदेशी कंपनियां यहां निवेश करने से कतराती हैं। देश के उद्योगपति और लघु व मध्यम व्यवसायी इसकी मार से बच नहीं सके हैं। भारत एक तरफ वैश्विक ताकत बनने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार की जंजीर इसके बढ़ते कदम को रोक रही है। ऐसा देश का शायद ही कोई चुनाव होगा जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं किया हो। मोदी ने लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार पर प्रहार करने में कसर बाकी नहीं रखी। संसद में दिए गए भाषण में उन्होंने कहा था कि मेरे लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई चुनावी जीत या हार के पैमाने पर नहीं है। मैं चुनाव जीतने या हारने के लिए भ्रष्टाचार से नहीं लड़ रहा हूं। यह मेरा मिशन है, मेरा विश्वास है। मेरा मानना है कि भ्रष्टाचार एक ऐसा दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है। मैं इस देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने और आम लोगों के मन में भ्रष्टाचार के खिलाफ नफरत पैदा करने के लिए पूरे दिल से काम कर रहा हूं। प्रधानमंत्री के देश से पूरी तरह भ्रष्टाचार के खात्मे के प्रति प्रतिज्ञा लेने के बावजूद यदि यह संक्रामक रोग की तरह बढ़ता ही जा रहा है, तो इसके लिए ज्यादातर राजनीतिक दल जिम्मेदार हैं। क्षेत्रीय दलों की हालत यह है कि उनका एकमात्र मकसद किसी भी हालत में सत्ता में बने रहना है। इसके लिए बेशक भ्रष्टाचार से किसी भी हद तक समझौता क्यों न करना पड़े। यही वजह रही है कि इंडिया गठबंधन लगातार चुनावों में शिकस्त खाता रहा है। आश्चर्य यह है कि लोकसभा चुनावों और राज्यों के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बावजूद विपक्षी दलों ने भ्रष्टाचार को कभी भी प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं बनाया। भ्रष्टाचार को लेकर हालात ये हैं कि जैसे ही कोई भी विपक्षी दल भ्रष्टाचार का जिक्र करता है, तत्काल सत्तारूढ़ दल न सिर्फ उसके बचाव में उतर आता है, बल्कि विपक्षी दल के कारनामे गिनाने लगता है। यही वजह है कि क्षेत्रीय दल अपने राज्यों में मनमानी करने पर आमदा हैं। यदि केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय कोई कार्रवाई करता है, तो राज्य के सत्तारूढ़ दल इसे बदले की कार्रवाई करार देने लगते हैं। इसका उदाहरण पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी सरकार, तमिलनाडु की स्टालिन सरकार और कर्नाटक की सिद्धारमैया की सरकार है। इतना ही नहीं, राजनीतिक दलों का भरसक प्रयास होता है कि अदालतों में चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों को भी प्रभावित किया जाए। गौरतलब है कि सीनियर वकील हरीश साल्वे सहित देश के 600 से ज्यादा वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर सवाल उठाने को लेकर चिंता जाहिर की थी। सीजेआई को लिखी चिट्ठी में वकीलों ने कहा था कि ये समूह न्यायिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए दबाव की रणनीति अपना रहा है और ऐसा खासकर सियासी हस्तियों और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े मामलों में हो रहा है। चिट्ठी में कहा गया है कि ये समूह ऐसे बयान देते हैं जो सही नहीं होते हैं और ये राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा करते हैं।

कुछ अलग

# कॉमन सैंस का सवाल है...

**वे** दोनों निहायत ही कॉमन आदमी थे। लिहाजा तिकड़म से भी दूर थे। किसी भी स्तर के लीडर के साथ उनकी कोई भी सैटिंग नहीं थी। यहां तक कि अफसरशाही में भी उनका कोई टांका फिट नहीं था। अपने हर काम के लिए उन्हें लाईन में लगना पड़ता था। वे बस टिकट लेने के लिए भी लाईन में लगते थे और पीछे से आए लोग उनके आगे खड़े होकर उन्हें बार-बार पीछे धकेल देते थे। बसों में आरक्षित सीटों पर दूसरी किस्म के यात्रियों को आराम से टांगें फैलाकर यात्रा करते देखना उनकी नियति में शुमार था। वे चलती बस में हैंडल पकडक़र झूलते हुए अक्सर यह सोचा करते थे कि वह दिन कब आएगा जब हर बस में यह लिखा होगा कि 'सारी सीटें कॉमन आदमी के लिए आरक्षित हैं।' एक दिन उनके कान में उड़ते-उड़ते कहीं से यह खबर पहुंची कि 'सरकार अब सारे फैसले कॉमन आदमी के हितों को सामने रख कर लेगी।' पहले तो उन्हें इस खबर पर विश्वास नहीं हुआ। लेकिन जब उन्होंने अखबारों में इस बाबत खबर पढ़ी तो उनकी हैरत और बढ़ी। दोनों चूंकि कॉमन आदमी थे, लिहाजा बौद्धिक और वैचारिक रूप से भी कॉमन थे। उन्होंने अपने हिसाब से इस खबर का विश्लेषण करना शुरू किया। पहले कॉमन आदमी ने दूसरे कॉमन आदमी से कहा- इसका मतलब है कि सरकार को अब पता चल गया है कि कॉमन आदमी का भी कोई हित होता है? दूसरे ने कान खुजलाते हुए कहा कि, 'लेकिन सरकार को यह बात किसने बताई होगी कि कॉमन आदमी का भी कोई हित होता है?' पहले ने इस पर अनभिज्ञता जताते हुए कहा- 'जरूर सरकार को इस बारे कोई इल्म हुआ होगा या कोई आकाशवाणी सरकार के कानों ने सुनी होगी, वरना अपनी समझ के मुताबिक तो इस व्यवस्था में कॉमन आदमी के नसीब में सिर्फ धक्के खाना ही लिखा है।' दूसरे आदमी ने कुछ देर सोचने के बाद कहा, 'लेकिन मेरी कॉमन सैंस तो यही कहती है कि जिस तरह राष्ट्रहित नाम की कोई चीज होती है, उसी तरह उनके लिए 'कॉमन मैन का हित' नाम की चीज जरूर होती होगी।' पहले आदमी ने भी इस सवाल पर कुछ देर चिंतन मुद्रा बनाए रखी और फिर कहा, 'अगर मैं अपनी कॉमन सैंस पर यकीन करूं तो नेताओं के लिए राष्ट्रहित और कॉमन आदमी के हित दोनों बेकार की चीजें हैं। नेता राष्ट्रहित से भी खिलवाड़ करते आए हैं और कॉमन आदमी के हित से भी।' दूसरे आदमी ने पहले आदमी के इस विचार को सिरे से खारिज करते हुए कहा- 'जब सरकार कॉमन आदमी के हित सामने रखने की बात कह रही है, तो जरूर व्यवस्था में कुछ नया होने वाला होगा।' पहले आदमी ने खिल्ली उड़ाते हुए कहा, 'क्या तुम समझते हो कि सरकार अब पैट्रोल, डीजल और खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ाने से पहले कामन आदमी से पूछा करेगी? घोटालों को अंजाम देने से पहले कॉमन आदमी को विश्वास में लिया करेगी? डील-शील करने से पहले कॉमन आदमी का भी उसमें हिस्सा पती रखा करेगी? कॉमन आदमी के काम बिना रिश्वत लिए प्राथमिकता के आधार पर हुआ करेंगे?' दूसरे आदमी ने पहले आदमी की बात बीच में काटते हुए कहा, 'अगर सरकार कॉमन आदमी के लिए इतना सब कुछ करने लग गई तो फिर अपने लिए क्या करेगी? अगर कॉमन आदमी को सरकार वीआईपी सुविधाएं देने लग गई, तो फिर वीआईपी और कॉमन मैन के बीच क्या फर्क होगा। वीआईपी को फिर कौन घास डालेगा?' अब ताव में आने की बारी पहले आदमी की थी।

देश दुनीया से

# केंद्रीय बजट और हमारा प्रदेश

**केंद्रीय** बजट पर देश के प्रत्येक राज्य व समाज के प्रत्येक वर्ग की निगाहें टिकी रहती हैं कि उन्हें इससे क्या मिला? केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी 2025 को 2025-26 का बजट लोकसभा में प्रस्तुत करते हुए देश के विकास और कल्याण के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। लेकिन बिहार और असम के सिवाय किसी राज्य का विशेष जिक्र नहीं हुआ। जब बिहार में मखाना बोर्ड और असम में यूरिया संयंत्र स्थापित करने का विशेष उल्लेख किया गया, तो हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्य कह उठे कि हमारे राज्य को तो कुछ नहीं मिला। लेकिन ऐसा कहना सही नहीं होगा। राष्ट्रीय योजनाओं व कार्यक्रमों से हर राज्य को लाभ मिलता आया है और मिलता ही रहेगा। आखिर हमारा भारत, संघीय ढांचा ही तो है। राज्यों को मिल कर ही देश बना है। देश में एक ही तो नागरिकता है। जो देश का है वह राज्यों का भी है। यहां बजट में की गई कुछ घोषणाओं का जिक्र करना जरूरी है, जिससे अन्य राज्यों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश को भी बहुत फायदा मिलने वाला है। कृषि व बागवानी : प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना लागू करने की घोषणा हुई है जिसमें कम उत्पादकता, कम फसलों की बुआई और औसत से कम ऋण मानदंडों वाले 100 जिलों में उत्पादकता व भंडारण बढ़ाने के लिए विशेष प्रयत्न किए जाएंगे। सिंचाई सुधार के साथ-साथ किसानों को दीर्घ व लघु अवधि के ऋण उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस योजना से देश के 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। हिमाचल प्रदेश से भी इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसी एक जिले को चुने जाने की संभावना है। पहले भी सबसे कम विकसित जिलों की आर्थिक प्रगति के लिए चलाई गई एकांक्षी जिला योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला को चुना गया था। फल व सब्जी उत्पादन व खाद्य और फल प्रसंस्करण के लिए भी देश में व्यापक कार्यक्रम चलाए जाने का प्रस्ताव है। हिमाचल प्रदेश, देश के फल राज्यों में से एक है। राज्य में सेब की पैदावार सबसे अधिक होने के कारण इसे सेब राज्य की संज्ञा दी गई है। हिमाचल प्रदेश को गैर मौसमी सब्जियां उगाने की भी महारत हासिल है। ऐसे में हमारे बागवानों और सब्जी उत्पादकों को भी लाभ मिलना सुनिश्चित है। केंद्रीय बजट में किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को दिए जाने वाले ऋणों की ऋण सीमा तीन लाख से पांच लाख तक बढ़ाए जाने की घोषणा की गई है। हिमाचल में 10 लाख के करीब सीमांत, लघु, मझोली और बड़ी किसानी जोते हैं। इस बढ़ोतरी का लाभ हिमाचल के खेती किसानों, डेयरी किसानों और यहां तक कि मछुआरे भी उठा सकते हैं। प्रदेश में 13000 के लगभग मछुआरे हैं। एमएसएमई और स्टार्टअप (सूक्षम और मध्यम उद्यम), एमएसएमई व स्टार्टअप के लिए वर्गीकरण से संबंधित निवेश और कारोबार की सीमाओं को 2.5 व 2.0 गुणा बढ़ाया जा रहा है। उन्हें ऋण तक पहुंच बनाने के लिए ऋण गारंटी कवर बढ़ाने की घोषणा भी हुई है। सूक्षम और लघु उद्यमों के लिए रुपए 5 करोड़ से रुपए 10 करोड़, स्टार्टअप के लिए 10 करोड़ से बढ़ा कर 20 करोड़, उत्तम चल रहे निर्यातक एमएसएमई के लिए रुपए 20 करोड़ के सावधि ऋण की व्यवस्था की जा रही है। हिमाचल प्रदेश के उद्यमियों को भी इससे लाभ पहुंचेगा और उद्यमियों के साथ-साथ प्रदेश में युवाओं के लिए भी रोजगार बढ़ेगा। प्रदेश में इस समय 136000 उद्यम पंजीकृत हैं जिसमें 97.5 प्रतिशत सूक्ष्म, 2.37 प्रतिशत लघु और 0.28 प्रतिशत मध्यम किस्म के हैं। शिक्षा और कौशल विकास : बच्चों में जिज्ञासा और नवाचार की भावना उत्पन्न करने की उद्देश्य से देश में पहले से ही अटल टिंकरिंग लैब कार्यक्रम चल रहा है। अगले पांच सालों में 50000 और अटल टिंकरिंग लैब खोले जाने का प्रस्ताव है। निश्चित तौर पर हिमाचल प्रदेश के कई विद्यालय इस सुविधा को प्राप्त कर सकेंगे। भारतीय नेट परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी माध्यम पाठशालाओं को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी जिसमें हिमाचल के भी कई स्कूलों को कनेक्टिविटी मिलेगी। भारतीय भाषा पुस्तक स्कीम के तहत स्कूल और उच्चत्तर में शिक्षा के लिए भारतीय भाषाओं में डिजिटल रूप में पुस्तकें प्रदान की जाएंगी जिससे प्रदेश के विद्यार्थी भी लाभान्वित होंगे। आईआईटी में प्रवेश के लिए आगामी वर्ष 6500 अतिरिक्त सीटें और मेडिकल कॉलेजों में 10000 नई सीटें सृजित होंगी। मेडिकल कॉलेजों में आगामी पांच सालों में 75000 नए प्रवेश दिए जाने का प्रस्ताव है, जिससे हिमाचल प्रदेश के इच्छुक विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। इसी तरह कौशल निर्माण के लिए देश में राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्र खोले जा रहे हैं जिससे राज्य के युवक भी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। स्वास्थ्य : केंद्रीय बजट में कैंसर व अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को राहत देने के उद्देश्य से 36 जीवन रक्षक दवाइयों को बुनियादी सीमा शुल्क में पूरी तरह से छूट दी गई है। कुछ अन्य जीवनरक्षक दवाइयों को 5 फीसदी रियायती सीमा शुल्क की सूची में डाला गया है। इससे रोगियों को सस्ती दवाइयां उपलब्ध होंगी। अगले तीन सालों में देश के प्रत्येक जिले के अस्पतालों में डे-केयर सेंटर स्थापित होंगे। जाहिर है कि हिमाचल के भी सभी जिले चरणबद्ध तरीके से इससे लाभान्वित होंगे। ऑनलाइन कंपनियों में डिलीवरी के साथ जुड़े या अन्य अस्थायी कर्मचारी जिन्हें गिग वर्कर्स कहा जाता है, को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लाए जाने का प्रस्ताव है जो अत्यंत सुखद है। पर्यटन : केंद्रीय बजट में देश में 50 पर्यटक स्थलों को विकसित किया जा रहा है। इसमें राज्यों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। उड़ान योजना में देश में 120 नए गंतव्यों को कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए हेलिपैड या छोटे हवाई अड्डे बनाने का प्रावधान किया गया है। आशा की जानी चाहिए कि प्रदेश के तीर्थों, देवस्थलों के विकास व उनकी कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए केंद्र से उचित सहायता प्राप्त होगी। पहाड़ी क्षेत्रों में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने का भी विचार है। हिमाचल का स्वच्छ पर्यावरण मेडिकल अर्थात हेल्थ पर्यटन के लिए बहुत ही अनुकूल है। केंद्रीय बजट मध्यम वर्ग को राहत देने वाला है।

आप का नजरीया

# धार तेज है

**शिमला** में हेयर ड्रेसर ने अपने हुनर की धार को अपराध में लगा दिया। यह घिनौनी वारदात है जो बता रही है कि इनसानी गिले-शिकवे कितने घातक हो सकते हैं। कुछ दिन पहले एसडीएम मंडी को खनन माफिया के प्रहार से दो-चार होना पड़ा था। ऐसे में स्थितियों के भीतर कानून व्यवस्था का माहौल लाचार दिखाई देता है। इन सबके बीच हम राज्य को या तो राजनीतिक भंवर में देखते हैं या इसके दाग, उसके दागों से बेहतर साबित करने में लगे हैं। प्रदेश की प्रशंसा की धार भी तेज है और काम का सलीका भी तेज है। कहना न होगा कि प्रदेश में सबसे अधिक पुष्प हार यहां इस्तेमाल होते हैं, क्योंकि गर्दनें बताती हैं कि कितना वजन उठा सकती हैं, लेकिन समाज की गर्दनों पर चिट्टे की सवारी नजर नहीं आती। यहां अब एक खरीद-फरोख्त की धार है। एक अजीब नशे का उपभोक्तावाद है, जहां आने वाली पीढ़ी के खिलाफ माफिया की धार तेज है। कभी हिमाचल में जनता पैदल चलती थी। पत्थरों के रास्ते पर कोई प्याऊ मिल जाता था। इनसानी सफर में प्यास को बुझाने का सामाजिक दायित्व अंगीकार होता था। अब हम स्वीकार कर चुके हैं कि चिट्टा यूं ही आता रहेगा, इस रंग भरे समाज के सामने। हमारे सामने पूरी व्यवस्था एक ऐसी धारा है, जहां हर कोई अपनी धार तेज कर रहा है। कभी देखना जेसीबी की धार जिसने तमाम 'धारें' नोच लीं। पहाड़ को समतल बनाने की धार कितनी प्रभावशाली होगी और यही नहीं, अब तो नदियों की धारा को मोडऩे की धार भी हमने पैदा कर ली। गगल अभी एयरपोर्ट विस्तार में उजड़ा नहीं, लेकिन एक बाहरी संसार अपनी-अपनी धार में बसने लगा है। टीलों पर खड़े लोग खड्डों में जमीन टटोल रहे हैं, पानी को फांसी देने का मुकदमा नंगे पहाड़ की अदालत में। गगल-चैतड़ू मार्ग पर कुछ साल पहले बरसात की धार और धारा ने जिन खड्डों को समुद्र बनाया था, वहां कयामत को रोकने के लिए एक बस्ती बसाई जा रही है। खड्ड के उसूल और एनजीटी के कबूल से कहीं दूर अगर धार तेज है, तो चैतड़ू की इस कालोनी के लिए खड्ड से लड़ते पत्थरों की अनूठी किस्मत देख लीजिए। आश्चर्य यह कि पीने के पानी के लिए लड़ते लोग शिमला जिला के एसडीएस को अपनी धार बता रहे हैं। क्या वर्तमान सिस्टम के किसी अधिकारी में कोई धार बची रह सकती है। प्रदेश में ट्रैफिक जाम में कुम्हलाई व्यवस्था की धार क्यों नहीं हो सकती है। राज्य के बार्डर एरिया में घुसते नशे के व्यापार के खिलाफ कानून-व्यवस्था की धार क्यों नहीं हो सकती। धार शिक्षा के पाठ्यक्रम में, नवाचार के क्रम में और रोजगार के दम में क्यों नहीं हो सकती। हमने धार को गलत बना दिया, प्रदेश का प्रभाव और प्रभुत्व बना दिया। अगर पूरे प्रदेश के अतिक्रमण का हिसाब लगाएंगे तो मालूम हो जाएगा कि हर गांव से शहर तक, कूहल से नदी तक और कायदे से कानून तक कुछ धारदार लोग धड़ल्ले से कब्जा जमा रहे हैं। कब्जा जमाने वालों ने सरकारी नौकरी में आकर भी ट्रांसफर नीति को अपनी धार से बार-बार काट दिया। किसी सरकार में यह धार नहीं रही कि स्थानांतरण नियमों को पैना करे। अब तो राजनीति की धार भी कुंद है, क्योंकि न जाने कब कौन, सत्ता से विपक्ष और विपक्ष से सत्ता पक्ष हो जाए। अब धार नहीं राजनीति एक धारावाहिक है जहां चरित्र अपने लिए एपिसोड बना रहे हैं।

# कृषक पाठशाला के तहत ग्रामीणों को मशरूम खेती का मिला प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड के आत्मा एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनाओं के तहत कृषक पाठशाला कार्यक्रम में प्रशिक्षक नरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा मशरूम की खेती करने के लिए प्रखंड के जांगी पंचायत स्थित चाडरम गांव में ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया गया। जहां एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि मशरूम कई किस्म का होता है और इसका मूल्य भी अलग-अलग है, एवं इसकी खेती करने में अधिक खर्च नहीं आता है। परंतु इसकी खेती कर ग्रामीण अपनी आय में काफी इजाफा कर सकते हैं। साथ ही अपने परिवार के साथ इसका सेवन कर सकते हैं। यह काफी पौष्टिक होता है। प्रशिक्षण में बताया गया कि प्लास्टिक के बड़े बैग में किस प्रकार पुआल के छोटे-छोटे टुकड़े काटकर एवं उसे भीगा कर बैग में भरा जाता है, एवं उस प्लास्टिक बैग में कितनी कितनी दूरी पर छेद बनाए जाते हैं एवं उसे बांधने की विधि क्या है। बैग तैयार हो जाने पर उसे किस तरह ठंडी और सुरक्षित जगह पर टांगना है एवं इसका लगातार ध्यान रखना है। देखा जा रहा है कि कुछ वर्षों से मशरूम खाने का प्रचलन काफी बढ़ गया है, बड़े एवं छोटे सभी रेस्टोरेंट एवं होटल में यह काफी महंगा परोसा जाता है?। जिसे काफी चाव से ग्राहक खाते हैं, साथ ही इसे लोग घर पर भी अपने परिवार के साथ खाना पसंद करते हैं। परंतु समस्या यह है कि मशरूम की उपलब्धता अब भी हर जगह नहीं है। मशरूम की खेती के लिए इस तरह के प्रशिक्षण से इसे काफी बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण इसकी खेती कर अच्छे आमदनी कर सकेंगे। पाठशाला का संचालन प्रभारी बीटीएम राजेश कुमार, एटीएम सुधीर कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर पंचायत प्रतिनिधि, सखी मंडल की महिलाएँ, किसान मित्र सहित अनेकों किसान मौजूद थे।

## एसआर कलेक्शन कपड़ा दुकान को मनोज चंद्रा ने फीता काट कर किया उद्घाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के टंडवा रोड हसमुद्दीन वस्त्रालय के ऊपर बिल्डिंग में एसआर कलेक्शन कपड़ा दुकान का उद्घाटन जेएमएम के सिमरिया विधान सभा पूर्व प्रत्याशी सह केंद्रीय सचिव मनोज चंद्रा ने विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत मनोज चंद्रा ने उक्त दुकान को फूलों फलों की कामना किया और कहा कि ज्यादा कपड़ा का दुकान खुलने से कपड़े की वैरायटी या एक से एक कपड़े का कलेक्शन मिलेगा। जिससे कहीं बाहर जाना लोगों को नहीं पड़ेगा। और आसानी से अपनी जरुरते पूरी करेंगे। वहीं एसआर कलेक्शन के संचालक मोहम्मद रियासत ने बताया कि हमारे यहां सभी तरह का कपड़े का कलेक्शन मौजूद है। और उचित दामों में उपलब्ध है। एक बार मेरे दुकान में आवे और सेवा करने का मौका दें दुबारा पुनः खुद मेरे दुकान में चल कर आवेंगे। यह मेरा गारेंटी है। मौके पर मो ऐनुल हक, मो फारुक, चंद्रदेव साहू, जलाल मियां, हसमुद्दीन मियां, ईखलाकुर रहमान के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

## हरदिया टांड़ रेलवे ट्रैक से अज्ञात महिला का शव बरामद, सनसनी



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया थाना के शिला ओपी थाना क्षेत्र के चौपे बडगांव के हरदिया टांड़ रेलवे ट्रैक के बगल में एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। बरामद शव कहां का है यह अभी तक खुलासा नहीं हो पाई है। जिस तरह शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है ।उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि उक्त महिला को हत्या कर साक्ष्य को छुपाने के लिए रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया है। शव मिलने से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। इधर शव को शिला ओपी प्रभारी राहुल कुमार दुबे ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा अज्ञात महिला का शव हरदिया बडगांव रेलवे ट्रैक के बगल में फेंका हुआ देख ग्रामीणों ने जानकारी दिया ।जानकारी के बाद दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उक्त महिला सलवार समीज पहनी हुई है लगभग 40से 45 वर्ष आयु की लग रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि जिस परिजन को लगे कि यह महिला उसके परिवार का है तो अविलंब शिला ओपी थाना में संपर्क कर शव ले जा सकते हैं।

## राजकीय इटखोरी महोत्सव का हुआ आगाज, पर्यटन विभाग मंत्री श्री सुदिव्य कुमार सोनू ने किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राज्य के पर्यटन विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने आज चतरा जिला के इटखोरी प्रखंड स्थित विश्व प्रसिद्ध माँ भद्रकाली मंदिर परिसर में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का पूर्व मंत्री सत्यानन्द भोगता के गरिमामयी उपस्थिति में माँ की पूजा अर्चना कर एवं दीप प्रज्वलित कर भव्य शुभारंभ किया। कार्यक्रम को मंत्री सुदिव्य कुमार एवं पूर्व मंत्री श्री भोगता सम्बोधित कर सभी को महोत्सव की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी। उक्त कार्यक्रम में उपायुक्त रमेश घोलप, पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय, जिलापरिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा रश्मि प्रकाश, सिमरिया विधानसभा पूर्व प्रत्याशी मनोज चंद्रा, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, बौद्ध जैन धर्मावलंबी गुरु समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

# गैरमजूरुआ भूमि पर किया गया बाउंड्रीवाल और घर को सिंघम सीओ गौरव कुमार ने तोड़ा

➲डाड़ी पंचायत भवन के बगल में जीएम भूमि को किया गया था घर मकान बना कब्जा

➲सिंघम सीओ के कारनामे से क्षेत्र में चर्चा, दिया बधाई और सराहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया अंचल के डाडी पंचायत भवन के करीब मौजा डाड़ी के खाता 117 प्लॉट 1989 रकबा 4 एकड़ 50 डिसमिल भूमि में कुछ ग्रामीण कब्जा कर घर मकान और बाउंड्रीवाल के कब्जा जमाए हुए था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों से मिलने के बाद सिंघम सीओ गौरव कुमार ने जेसीबी के माध्यम से उक्त बाउंड्री को ध्वस्त कर दिया है। वहीं उक्त प्लॉट पर बने मकान मालिकों को दो दिन के अंदर खुद से तोड़ कर हटा लेने की हिदायत दी गई है। यदि दो दिन के अंदर उक्त खाता 117 प्लॉट 1989 पर बने घर मकान को स्वेच्छा से नहीं तोड़ा गया तो प्रशासन जेसीबी लगा कर तोड़ कर अतिक्रमण मुक्त करेगा जिसका खर्च उक्त लोगों को वहन करना पड़ेगा। सिंघम सीओ गौरव कुमार ने बताया कि उक्त खाता 117 प्लॉट 1989 रकबा लगभग 4 एकड़ 50 डिसमिल भूमि गैरमजूरुआ भूमि है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने किया था कि उक्त भूमि पर बाज़बरन घर मकान बना दिया गया है। जिसे लेकर उक्त खाता प्लॉट पर जेसीबी चला कर अतिक्रमण मुक्ता किया गया है। वहीं ग्रामीणों से कहा है कि यदि आपके आस पास गैरमजूरुआ भूमि जो बड़ा रकबा प्लॉट हो आप लिखित आवेदन दें उस पर कारवाई करते हुए खाली करवाया जाएगा। छोटी मोटी प्लॉट छोड़ कर। चुकी आने वाला समय में आपके पंचायत में गांव में सरकारी योजनाएं से लेकर सरकारी भवन बनाया जाएगा। जो विकास का गति प्रदान करेगा। इधर सिंघम सीओ गौरव कुमार के इस तरह लगातार कारवाई से वैसे लोगों में दहशत व्याप्त है। जो चर्चा का विषय है।

## अनियंत्रित बाइक सवार युवक गिर कर गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड कार्यालय के समीप बारियातू-डाढा ग्रामीण सड़क पर एक मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर गिरकर , गंभीर रूप से घायल हो गया. मौके पर सुचना पाकर सालवे पंचायत मुखिया सह प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष राजीव भगत तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे.व तत्परता दिखाते हुए108 एंबुलेंस को बुलाकर घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया जहाँ डॉ धुर्व सत्य महतो ने प्राथमिक उपचार कर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रिम्स रांची रेफर कर दिया .घायल युवक की पहचान शत्रोधन लोहरा (24 वर्ष), पिता कुलेश्वर लोहरा, ग्राम टोंटी, थाना बारियातू के रूप में हुई है. परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, शत्रधन अपने नानी घर लाटू से घर टोंटी लौट रहा था इसी क्रम में सड़क की खराब स्थिति के कारण यह दुर्घटना घटी. इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में सड़क की खराब स्थिति को लेकर आक्रोश देखा गया. प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष राजीव भगत ने प्रशासन से अनुरोध कर जल्द से जल्द इस रोड को ठीक करने की मांग की है वही ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क मरम्मत के दौरान नियमित पानी का छीडकाव कराने की मांग की है।

## मनरेगा योजनाओं में लूट की खुली छूट : सुशीला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता की तो खबरें आती ही रहती है पर मनरेगा नियमों का माखौल उड़ानें की खबर भी खुल कर सामने आ रही है। जहां बुधवार को प्रखंड के प्रमुख सुशीला देवी व उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल मिली शिकायत के आधार पर प्रखंड अंतर्गत पंचायत केचकी का दौरा किया जिसमें क्रियान्वित कई मनरेगा योजनाओं की जांच की जिसमें पाया गया कि एक ही भूमि पर कई लाभुकों का कार्य क्रियान्वित हो रहा है और वह अधिकांश लाभुक घर के है परिवारों में से हैं।इस संबंध में प्रमुख सुशीला देवी ने कहा कि क्रियान्वित मनरेगा योजनाओं में लूट की खुली छूट चल रहा है। उन्होंने कहा कि एक एकड़ जमीन पर आधे अधूरे इसीबी मेढ़बंदी निर्माण कार्य किया जा रहा है, कहीं कहीं तो योजनाएं धरातल पर ही नहीं है। उन्होंने कहा कि रविन्द्र प्रसाद का हरित आम बागवानी महज बीस डिसमिल जमीन पर है,इसी तरह लगभग एक एकड़ भूमि पर बाप बेटे के नाम आम बागवानी कार्य चल रहा है जो जांच का विषय है।इस संबंध में उन्होंने मनरेगा लोकपाल संतोष कुमार पंडित से दूरभाष पर अवगत कराया। वहीं उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल ने कहा कि मनरेगा के गाइडलाइंस का माखौल उड़ाते लाभुक ग्राम सरईडीह निवासी सुबचनी देवी के नाम दो वित्तीय वर्ष में दीदी बाड़ी योजना का लाभ दिया गया है और दोनों में हजारों रुपए का भुगतान किया गया है जबकि यह योजना तीन वर्ष का है।

## पुलिस अधीक्षक लातेहार ने किया महुआडांड़ थाना का औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** पुलिस अधीक्षक लातेहार कुमार गौरव ने बुधवार को महुआडांड़ थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस कार्यालय में मासिक कार्य विवरणी, मलखाना चार्ज, स्टेशन डायरी समेत अभिलेखों की जांच की। साथ ही थाना क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए अपराधों में अंकुश लगाने को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। इस दौरान थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मामलों में अनुसंधानकर्ताओं से बारी-बारी से कांड के बारे में जानकारी लेते हुए कई आवश्यक निर्देश भी दिए।उन्होंनें कहा कि जितने भी केस पेंडिंग उसे जल्द से जल्द निष्पादन करने की बात कही।इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया, थाना प्रभारी अवनीश कुमार, पुअनि बंधन तिर्की, पुअनि अरविंद होरेंग समेत कई अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## झारोटेफ की जिला इकाई का शिष्टाचार भेंट



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारोटेफ की जिला इकाई लातेहार की टीम शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात किया और उन्हें झारोटेफ का कैलेंडर भेंट स्वरूप प्रदान किया ।साथ ही झारोटेफ की उत्पत्ति, संघर्ष, अचीवमेंट और नए लक्ष्य पर चर्चा किया साथ ही अपने अधिकारियों से आग्रह किया गया कि आप लोग भी झारोटेफ के अंग है आप हमारे अभिभावक है आप हमें संरक्षण दें जिन पर अधिकारियों ने उन्हें पूर्ण सहयोग की बात कही अधिकारियों के साथ नए लक्ष्य को लेकर भी चर्चा किया गया मिलने वाले में लातेहार जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, सचिव प्रदीप कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष शिवकास कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष संजीव कुमार जिला कार्यकारिणी सदस्य पिंटू कुमार शामिल थे।

### महुआडांड़ के सुदूरवर्ती डुंबरडीह ग्राम में पानी की समस्या विकराल बनी है

## वर्षो से चुआंड़ी का पानी पी रहे हैं डुंबरडीह ग्राम वासी

### गांव में एक ही है चुवाड़ी, जहां सुबह से शाम तक लम्बी कतार बनी रहती है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** प्रखड के ओरसा पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती डुंबरडीह ग्राम में पानी की समस्या विकराल बनी है. प्रखंड मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर और छत्तीसगढ़ सीमा से लगभग 4 किलोमीटर दूरी पर अवस्थित डुंबरडीह गांव में आदिवासी जाति के करीब 100 घर है. यहां करीब एक हजार लोग निवास करते हैं. विडंबना यह है कि आजादी के 75 सालों के बाद भी इस गांव के लोग बरसाती नाला और चुआड़ी का दूषित पानी पीने को विवश है. **गाँव में लगे 12 जलमीनार सभी खराब पड़े है** प्राप्त जानकारी अनुसार गाँव में 12 जलमीनार लगाए तो गए थे परन्तु अब वे सभी हाथी के दाँत बनकर खड़े हैं. ग्रामीणों में शत्रुधन यादव, देवलाल यादव, अशोक यादव, धनंजय यादव, धनसाय नगेशिया, सुलेन नगेशिया, सुखसेवन राम, संजय राम बताते हैं कि डुमरडीह गाँव के अंतर्गत 5 टोला आते हैं. जहाँ एक ही चुवाड़ी है. सभी टोले के लोग पानी के लिए 2 से 3 किलोमीटर दूरी तय करते हैं. तब जाकर कहीं पानी का जुगाड़ हो पाता हैं. इतना ही नहीं गाँव में एक ही चुवाड़ी है जहाँ सुबह से लेकर रात 8 बजे तक पानी के लिए ग्रामीणों की लम्बी कतार लगी रहती है. अब गर्मी का मौसम आने वाला है चुवाड़ी भी सूखने के कगार पर आ जाती है.समस्या इतनी भयावह होती है कि लोग पानी के लिए तरस खा जाते हैं। **प्रखंड के पठारी क्षेत्र में पेयजल की गंभीर समस्या** प्रखंड के पठारी क्षेत्र में इस भीषण गर्मी में पीने के पानी समस्या बढ़ गई है. नेतरहाट पंचायत के ग्राम आधे कोरोगी, सिरसी, नैना व अक्सी पंचायत के ग्राम तिसिया, जामडीह, बंदुआ व ओरसापाठ, चापीपाठ, चोरमुंडा और आराहंस जैसे पठरी क्षेत्र में ग्रामीण नदी में चुआं व प्राकृतिक चुआड़ी से पानी लाकर पी रहे हैं. पठार क्षेत्र में लगे लगभग सभी चापाकल व पंचायत मद से लगाये गये अधिकतर जलमीनार खराब हो गये हैं. चम्पा पंचायत के ग्वालखाड़ गांव में आज भी लोग वर्षो से प्राकृतिक चुआड़ी से ही पानी पीने को मजबूर हैं ।

# मंत्री श्योगेंद्र प्रसाद ने एसएलआरएम प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** टाउन हॉल, लातेहार में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) के तहत 10 दिवसीय आवासीय जलसहिया / मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री श्योगेंद्र प्रसाद, विभाग के प्रधान सचिव मस्त राम मीणा, स्वच्छ भारत मिशन की डायरेक्टर डॉ. नेहा अरोड़ा तथा भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक एवं सलाहकार सी. श्रीनिवासन का पौधा देकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मंत्री योगेंद्र प्रसाद, डायरेक्टर डॉ. नेहा अरोड़ा, परियोजना निदेशक सी. श्रीनिवासन एवं उपायुक्त लातेहार उत्कर्ष गुप्ता द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त लातेहार ने मंत्री को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि लातेहार झारखंड का पहला जिला होगा, जहां सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि वे 45-50 दिनों के भीतर लातेहार दोबारा आएंगे और इस कार्यक्रम की प्रगति को देखेंगे।डॉ. अरोड़ा ने विश्वास जताया कि अगले एक वर्ष में लातेहार स्वच्छता के सभी मानदंडों को पूरा कर 5-स्टार जिला के रूप में विकसित होगा। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जिले को शून्य-अपशिष्ट बनाने के लक्ष्य पर बल दिया। कहा कि इस अभियान के तहत जिले को कचरे के उचित प्रबंधन से पर्यावरण प्रदूषण की समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे जिले में स्वच्छता के साथ-साथ सतत विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।230 जलसहिया व 60 सात्त महिलाओं को मिल रहा प्रशिक्षण 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी पंचायतों से 230 जलसहिया एवं नगर पंचायत की 60 सात्त महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ये प्रशिक्षु मास्टर ट्रेनर के रूप में अपने-अपने क्षेत्रों में अन्य लोगों को भी प्रशिक्षित करेंगे, जिससे यह कार्यक्रम जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से लागू हो सके। इस अवसर पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्कुमार गौरव, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगरई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेम्ब्रम, उपनिर्वाचन पदाधिकारी श्मेरी मड़की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता दीपक महतो, गोपनीय पदाधिकारी श्रेयांस सहित अन्य उपस्थित थें।

# उप विकास आयुक्त ने किया टाटीझरिया एवं दारू प्रखंड का भ्रमण, दिए कई निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विभिन्न प्रखंडों में चल रही विकासात्मक कार्यों व कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के उद्देश्य से आज उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने आज 19 फरवरी को टाटीझरिया व दारू प्रखंड का भ्रमण किया। उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में सभी विभागो के प्रखण्ड कर्मी के साथ प्रखण्ड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक मे मुख्यतः निम्न मुद्दों पर उप विकास आयुक्त द्वारा निदेशित किया गया उन्होंने पंचायत भवन को सुदृढ़ करने हेतु पंचायत में कर्मियो का रोस्टर तैयार कर अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। पंचायत भवन में प्रज्ञा केन्द्र संचालक सहित सभी पंचायत स्तरीय कर्मियों का नाम, मोबाइल नंबर लिखने को



कहा।जिन पंचायतों में मिनी आंगनबाड़ी का प्रस्ताव है वहाँ ग्राम सभा के माध्यम से सेविका का चयन कर, जिला को प्रतिवेदित करने की बात कही। डीडीसी ने कुडा कचरा प्रबंधन हेतु जिला से कुछ पंचायतों को कूड़ा पृथिकरण शेड,ट्राई साइकल प्राप्त है,उन्हे जेएसएलपीएस के महिला ग्रुप द्वारा संचालित करने का निदेश दिया गया। पंचायतों को प्रति पंचायत कम से कम 10 सोख्ता गढ्ढा,एक भस्मक 15वें वित आयोग से निर्माण करने का निदेश दिया। उन्होंने अपूर्ण आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा अबुआ अवास मे ग्रामीणों द्वारा खुद से रजिस्ट्रेशन करने हेतु जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी को एनएमएमएस के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने, ए.बी.पी.एस 100त्न करना,आम बागवानी एंव दीदी बाड़ी योजना हेतु जेएसएलपीएस से आवाश्यक सहयोग लेने हेतु निदेशित किया। प्रखंड में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में लाइफ सेविंग ड्रग की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु तथा बिजली एवं फ्रीज की व्यवस्था हेतु उचित कारवाई हेतु निदेशित किया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डाहरबंदा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की तर्ज पर विकसित करने का निर्देश दिया साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस संबंध सभी आवश्यकताओं का जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अन्य सभी विभागों को भी ससमय कार्यो को निष्पादित करने हेतु निदेशित किया गया।

# बड़कागांव के मिर्जापुर पुल का एक पाया क्षतिग्रस्त, दो स्पेन पुल दबा, पुल का मरम्मत कार्य नहीं हुआ तो हो सकती है बड़ी घटना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत कांडतरी पंचायत स्थित मिर्जापुर कांडतरी के बीच मिर्जापुर नदी पर बना पुल पर खतरा मंडरा रहा है। कभी भी अनहोनी घटना हो सकती है। एक पाया क्षतिग्रस्त होकर टूट जाने के कारण दो स्पेन झुक गया है। पुल अंदर ही अंदर खोखला हो गया है। ऐसे में करोड़ों की लागत से निर्मित पुल कभी भी ध्वस्त हो सकता है। यह पुल क्षेत्र का लाइफ लाइन माना जाता है।पुल क्षतिग्रस्त होने से स्थानीय लोगों को हादसे का भय सता रहा है। इधर पुल के ऊपर वाहनों का आगमन जारी है, ऐसे में कभी भी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन की ओर से अब तक मरम्मती की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है। ऐसे में यदि यह पुल टूट जाता है तो कई गांव पंचायत एवं प्रखंड मुख्यालय से कट जाएगा। बता दे कि उक्त पुल का निर्माण लगभग 15 वर्ष पूर्व कराया



गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा जैसे तैसे पुल का निर्माण कर दिया गया था और अब जाकर पुल की गुणवत्ता की पोल खुल गई है। इससे पूर्व की करोड़ों की लागत से बना हुआ पुल ध्वस्त हो जाए और आवागमन बाधित हो जाए उससे पहले प्रशासन चाहे तो जांच कर इंजीनियर की मदद से पुल को पुरी तरह टूटने से बचाया जा सकता है। जहां एक ओर ग्राम मिर्जापुर, सोनपुरा, महुदी, सतबहैया, कुंदरु, चेलंदाग, अम्बा टोला, देवगढ़ झिकझोर आदी दर्जनों गांव के लोग सीधे प्रखंड मुख्यालय बड़कागांव इसी पुल से होकर जाते हैं। वहीं इसी पुल से ग्राम सिरमा, छवनिया, खैरातरी, कांडतरी सहित अन्य गांव के लोग सीधे रांची या हेंदेगिर रेलवे स्टेशन जाते हैं।पुल का जांच कर उचित कार्य करने की मांग ग्रामीणों ने की है। मांग करने वालों में मुख्य रूप से बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, कांडतरी पंचायत प्रभारी मुखिया राजदेव महतो, पंसस रंजीत चौबे, पूर्व मुखिया पारसनाथ प्रसाद, पूर्व पंसस टिकी देवी, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, समाज सेवी भवानी प्रसाद दांगी, प्रवीण कुमार, शमशेर आलम, खेमलाल राम , मो. इमरान, सुरेंद्र महतो, भोला प्रसाद दांगी, राजनाथ कुमार, मोहित कुमार, मो. यूनुस, सीताराम राणा, आजाद आलम, मोहम्मद इसराइल, अहमद रजा, मो. इलियास, रामवृक्ष राम, त्रिभुवन महतो, प्रेम कुमार राणा, रिजवान अंसारी, तनवीर आलम सहित ग्रामीणों शामिल हैं।

## 14 वां 1008 शतचंडी महायज्ञ महोत्सव को लेकर की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के धनबाद रोड स्थित परम आस्था के प्रतीक व प्राचीन मां भगवती मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 वां श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ महोत्सव मनाने को लेकर बैठक की गई, जिनमें कई सामाजिक एवं प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी भुनेश्वर साव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह यज्ञ समिति के संरक्षक रमेश ठाकुर व अन्य प्रबुद्ध लोगों ने अपनेङ्कअपने विचार दिए। जिसके बाद यज्ञ समिति का गठन किया गया, जिसमें 28 लोगों को मुख्य रूप से यज्ञ समिति में शामिल किया गया। मौके पर निर्णय लिया गया कि महायज्ञ की शुरुवात आगामी 4 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ होंगी। वही मुख्य



संरक्षक विधायक मनोज कुमार यादव, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, सुरेंद्र रजक, भुनेश्वर साव को बनाया गया। वही यज्ञ समिति का अध्यक्ष विपिन सिन्हा को बनाया गया। इसके साथ ही सचिव बलराम केशरी, महासचिव भगवान केशरी और कोषाध्यक्ष ब्रजेश ठाकुर को बनाया गया। वहीं 21 लोगों उपाध्यक्ष बनाया गया। जिनमें राजकुमार यादव, प्रमोद सिंह, शिवा निषाद, सिक्की यादव, मेवालाल केशरी, मनोज उपाध्याय, संतोष निषाद, पंकज वर्णवाल, किशोरी सिंह, अमित सोनी, आकाश जायसवाल, गुरुदेव गुप्ता, वीरेंद्र कुमार रवि, अनुज रविदास अभिषेक निषाद अमित रविदास, अजीत रविदास, छोटू सिंह, जयप्रकाश केशरी, संजय केशरी, युगल यादव, अशोक यादव आदि शामिल है।

## बरही प्रखंड सभागार मे प्रखंड स्तरीय बैंकिंग कमिटी की बैठक सम्पन्न, कई महत्पूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बुधवार को अग्रणी जिला प्रबंधक हजारीबाग व प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने विभिन्न बैंक के शाखा प्रबंधक के साथ बैठक किया। जिसमें सभी बैंक के शाखा प्रबंधक, संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कृषक मित्र आदि उपस्थित रहे। मौके पर विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बीडीओ ने बताया गया की अभी मईया सम्मान योजना मे तीस हजार, वृद्धा पेंशन अंतर्गत पंद्रह हजार लाभुकों का भुगतान डीबीटी से हो रहा है, जिसमे लभूको के भुगतान मे काफी समास्या का सामना करना पर रहा है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी शाखा प्रबंधक को मार्च के प्रथम सप्ताह में प्रखंड मे कैंप लगाकर ईकेवाईसी करने की बात कही गई। जिसपर



सभी ने सहमति दी। वही बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड मे 1 लाख तक कोई एलपीसी नही लगेगा, साथ ही अगर किसान प्रति वर्ष पैसा का लेन देन एक बार भी करता है, उस परिस्थिति मे ब्याज़ दर एक भी पैसा नही देना होगा। शाखा प्रबंधक दवारा कृषक मित्र को पहचान हेतु आईडी कार्ड निर्गत की बात कही गई, जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सहमति देते हुए प्रखंड तकनीकी प्रबंधक को निर्देश दिया गया। जेएसएलपीएस को बीडीओ ने निर्देशित किया की अभियान चलाकर सभी ग्राम मे एक एक लाभुकों को पशुपालन के लिए ऋण बैंक के सहयोग से करवाना सुनिश्चित करे। वहीं सुरक्षा बीमा एवम जीवन ज्योति योजना का लाभ दिलाने की बात कही गई।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर की गई बैठक, 88 लाभुकों का किया गया चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बुधवार को प्रखंड सभागार बरही में वित्तीय वर्ष 2024 -25 के अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख मनोज रजक ने किया। बैठक में जिप जिला उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ जयपाल महतो, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, प्रखंड पशुपालन प्राधिकारी अमन कुमार आदि उपस्थित हुए। मौके पर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में एकत्रित आवेदनों में से योग्य लाभुकों का चयन के किया गया। जिसमें बकरा विकास योजना के तहत 60, सुकर योजना के तहत 5, लेयर कुक्कुट योजना के तहत 4, ब्रॉयलर योजना के तहत 15 और दो गाय, पांच गाय, 10 गाय योजना के तहत कुल 88 लाभकों का चयन किया गया।

## अवैध कोयला कारोबार के मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अवैध कोयला कारोबार के मामले में एक प्राथमिकी अभियुक्त को बड़कागांव पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया की बड़कागांव थाना कांड संख्या 58/23 के प्राथमिकी अभियुक्त गुड्डन सिंह विगत कई वर्षों से फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी दल में मुख्य रूप से बड़कागांव एएसआई हादी खान, एएसआई रामनिवास सिंह, एएसआई दीपक रोशन लकड़ा सहित बड़कागांव पुलिस सशस्त्र बल शामिल थे।



## मंत्री सुदिव्य कुमार से मिले झामुमो नेता संजय सिंह



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, पर्यटक कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार से झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह, युवा नेता गौरव पटेल एवं विकास राणा ने सर्किट हाउस में मुलाकात कर बुके देकर अभिनंदन किया। मौके पर संजय सिंह ने बड़कागांव और केरेडारी में कोल खनन कंपनियो के बारे कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया। मंत्री सुदिव्य कुमार ने आश्वासन देते हुए कहा कि निश्चित तौर इस समस्या को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष में रखूंगा और समाधान करने का प्रयास करूंगा।

## मिलावटी, एक्सपायरी अथवा किसी प्रकार का अवमानक खाद्य सामग्री बेचने पर होगी कार्रवाई

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने सूचना जारी कर बताया कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर सभी खाद्य कारोबारी यथा मिठाई दुकान संचालक, रेस्टोरेंट/ढ़ाबा/होटल संचालक, थोक विक्रेता, खुदरा एवं फुटकर विक्रेता, वितरक, फल/सब्जी विक्रेता, दवा विक्रेता, मीट/मुर्गा/मछली विक्रेता एवं फास्ट फूड विक्रेता आदि मिठाईयों को सुरक्षित एवं अत्याधिक आकर्षक बनाने एवं रखने के लिए अवांछित केमिकल एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालने वाले अखाद्य/औद्योगिक रंगों का उपयोग नहीं करेंगे। अधिकृत प्राकृतिक एवं कृत्रिम रंगों का मिठाईयों में उपयोग तय मानक के अनुरूप ही करेंगे। वहीं विभिन्न प्रकार के मिठाईयों में जैसेः- खोवा/मावा/रसगुल्ला/छेना में आरारोट/आटा/मैदा/सूजी इत्यादि, काजू बर्फी में गुलकोज, आटा, मैदा एवं घी में रिफाइन/तेल इत्यादि का मिलावट नहीं करेंगे। सभी दुकानदार अपने-अपने खाद्य प्रतिष्ठानों में अधिकृत प्रमाण-पत्र अपने परिसर के प्रमुख स्थान पर दर्शाना सुनिश्चित करेंगे। विभिन्न खाद्य पदार्थो का निर्माण करते समय सभी कर्मियों के द्वारा संबंधित मिठाई/रेस्तराँ/होटल/ढ़ाबा में आदि का उपयोग करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही खाद्य परिसर का समुचित साफ-सफाई रखना सुनिश्चित करेंगे। सभी खाद्य पदार्थो को केवल लाइसेंस प्राप्त या रजिस्टर्ड विक्रेताओं से ही खरीदने एवं बेचने के साथ ही इसका रिकॉर्ड रखना सुनिश्चित करेंगे। तले भुने हुए गर्म खाद्य पदार्थों जैसे-समोसे, पकौडे, जलेबी, कचरी, बरा, ढुसका आदि को अखबार, प्रिन्टेंड पेपर एवं प्लास्टिक/पॉलिथीन में देना सख्त मना है। सभी होटल एवं रेस्टोरेंट के संचालको द्वारा उनके यहाँ कार्यरत कर्मियों का नियमानुकुल वार्षिक स्वास्थ्य जाँच कराना एवं मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र रखना आवश्यक है। साथ ही पानी की गुणवत्ता की जाँच ससमय करवाना सुनिश्चित करेंगें। होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई विक्रेता एवं अन्य फास्ट फूड दुकानदार विशेष रूप से दूध, पनीर, खोवा/मावा, इत्यादि फूड लाईसेंसधारी वेंडर से ही लेंगे एवं उक्त वेंडर का फूड लाईसेंस व बिल दुकान में रखना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के क्रम में अज्ञात स्रोत से प्राप्त सामग्रियों को जाँच कर, जप्त एवं नष्ट करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

## छत्रपति शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

- **मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप प्रसाद ने विद्यार्थियों को दिया सफलता का मंत्र**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** प्रखंड के बड़वार में छत्रपति शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने शिवाजी महाराज के साहस, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए कहा की छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं बल्कि एक कुशल प्रशासक और आदर्श नेतृत्वकर्ता भी थे। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने लक्ष्य की ओर समर्पण के साथ बढ़ना चाहिए। विधायक प्रदीप प्रसाद जी ने विद्यालय प्रशासन की सराहना करते हुए कहा की कम संसाधनों के



बावजूद विद्यालय का संचालन जिस कुशलता और प्रतिबद्धता के साथ किया जा रहा है, वह सराहनीय है। विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और प्रबंधन समिति बधाई के पात्र हैं, जो बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य,गीत और नाटक की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। इनमें देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की बच्चों की यह ऊर्जा, आत्मविश्वास और समर्पण ही उन्हें आगे चलकर जीवन में सफल बनाएगा। उनकी मेहनत और लगन से क्षेत्र का नाम रोशन होगा। विद्यालय प्रशासन और विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने आश्वासन दिया कि विद्यालय के विकास के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और देश की प्रगति की नींव है। संसाधनों की कोई कमी विद्यार्थियों की शिक्षा में बाधा नहीं बनने दी जाएगी। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन समिति ने विधायक प्रदीप प्रसाद का विद्यालय में आगमन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, भाजपा नेता सुरेश प्रसाद, महामंत्री संजय कुशवाहा, उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष बंसत राणा, विक्की कुमार, संतोष राणा, मनोज प्रसाद ,अनिल कुशवाहा, छकौडी महतो, नवल किशोर, भरत प्रसाद अभिभावक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## श्रम अधीक्षक ने बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जांच अभियान चलाया



- **दस वर्षीय बाल श्रमिक को कराया गया विमुक्त**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन के नेतृत्व में बुधवार को बाल श्रम उन्मूलन को लेकर हजारीबाग़ शहर के दर्ज़नों होटल रेस्तराँ एवम् विभिन्न प्रतिष्ठानों में छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मुफ़्फ़सिल थाना क्षेत्र के लालपुर चौक के सुरेन्द्र होटल से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। इस बाल श्रमिक की उम्र 10 वर्ष है। श्रम अधीक्षक ने बताया कि अल्पव्यस्क बाल श्रमिक(प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अन्तर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बालक से काम लेना कानूनी अपराध हैं। अगर कोई नियोजक 14 वर्ष के कम उम्र के बच्चों से काम लेते हैं तो उनको 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास या 20000 रुपए से लेकर 50000 रुपया तक जुर्माना या दोनो हो सकता है। बाल श्रम से विमुक्त कराए गए के बालक के नियोजक के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जा रही हैं साथ ही बालक के विद्यालय में नामांकन एवं उनके परिवार के पुनर्वास की कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में श्रम अधीक्षक के साथ ज़िला बाल संरक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद ,चाईल्ड हेल्पलाइन से सागर कुमार राणा उपस्थित थे।

## सांसद ने भेंट किया शिव परिवार की प्रतिमा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनबरसा नगर में नवनिर्मित मंदिर में शिव परिवार की प्रतिमा भेंट की गई। सांसद मनीष जायसवाल के सांसद सेवा कार्यालय परिसर में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह ने मंदिर निर्माण समिति सह ग्रामीणों को यह शिव परिवार का प्रतिमा सौंपा और उन्हें सांसद मनीष जायसवाल की ओर से मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की अग्रिम शुभकामनाएं दी। मौके पर विशेष रूप से भाजपा नेता जयनारायण मेहता, विजय वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## कांग्रेस के ओबीसी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर सुरजीत नागवाला का सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस कार्यालय हजारीबाग में झारखंड प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के नव नियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता ने की, कार्यक्रम का संचालन ओबीसी के प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गोप तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने की ।इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने माला पहनाकर सुरजीत नागवाला जी का स्वागत किया ,और कहां की कांग्रेस पार्टी हमेशा से वैसे कार्यकर्ताओं को त तरजीह देती है जो संगठन के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं आज उसी का प्रतिफल है कि हजारीबाग के सुरजीत नागवाला जैसे कार्यकर्ता को कांग्रेस की एक बड़ी जवाबदेही है दी गई है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार जी ने भी फूल और बुके देकर नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष का स्वागत किया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के डॉक्टर प्रकाश कुमार,रेणु कुमारी, प्रदेश महासचिव रीतलाल मंडल और जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने माला पहनकर और बुके देकर भी स्वागत करने का काम किया। स्वागत समारोह के इस कार्यक्रम में नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नागवाला ने कहा कि हजारीबाग के कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं के इस स्वागत से मैं अभीभूत हूं, प्रदेश नेतृत्व और जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने जो मुझ पर भरोसा जताया है उसे मैं जमीन पर उतरने का काम करूंगा, और पूरे झारखंड के 24 जिला में लोगों को ओबीसी कांग्रेस से जोड़ने का काम करूंगा। आने वाले दिनों में झारखंड में ओबीसी और मजबूत स्थिति में दिखेगी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता ने कहा की



स्वागत समारोह में सबों का अभिनंदन करते हुए कहा कि सुरजीत नागवाला आंदोलन करने वाले नेता है जिन्हें प्रदेश नेतृत्व ने उनके कार्यशैली को देख बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है और हजारीबाग के लिए गर्व की बात है। स्वागत समारोह के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में ओबीसी संगठन को लेकर पूरे राज्य का भ्रमण करेंगे और जो 27 प्रतिशत आरक्षण का मामला माननीय राज्यपाल के यहां लंबित है ,उसके लिए हम लोग सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने का काम करेंगे। झील सुंदरीकरण पर जो 14 करोड रुपए का जो आवंटन हुआ है उसके लिए नगर निगम से भी आग्रह किया गया है कि इस काम आवंटन के बाद उपयोगिता प्रमाण पत्र भी हम लोगों को उपलब्ध करावे ताकि यह राशि की सदुपयोगिता देखी जा सके। झील परिसर में जो सूखा हुआ पेड़ है उसे भी जल्द से जल्द काटा जाए ताकि कोई दुर्घटना घटित ना हो। बड़ा झील की जो सफाई नहीं हुई है नगर निगम की प्रशंसक से आग्रह की गई है कि बड़ा झील की भी सफाई अभिलंब कराई जाए। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग मेंडॉक्टर की ड्यूटी चार्ट सभी वार्डो में सार्वजनिक लगाई जाए। आउटसोर्सिंग कंपनी का टेंडर का जो समय सीमा समाप्त हो गया है , उसमें नया टेंडर निकाला जाए और जो कंपनी ब्लैकलिस्टेड हो गई है उसको अभिलंब कार्य से हटाया जाए। पर्ची काउंटर पर सीनियर सिटीजन और महिला के लिए अलग पर्ची काउंटर अस्पताल परिसर में उपलब्ध कराया जाए। यूरिन कल्चर और थायराइड की जांच की व्यवस्था हो। जितने भी अस्पताल कर्मी जो बिना डिप्लोमा के बहाल है उसकी जांच हो और उन पर कार्रवाई हो। 3 वर्षो से अधिक समय सीमा जिसकी हो गई है वैसे क्लर्क को अनयंत्र स्थानांतरित किया जाए। सरकारी जमीन नदी नाला और तालाब को अतिक्रमण मुक्त करायाजाए। ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू हो, जाम से निजात मिले, पार्किंग स्थल बढ़ाया जाए। इन सभी बिंदुओं को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है और जल्द ही इस पूरे मामले को लेकर पूरे डाटा के साथ झारखंड कांग्रेस प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष और संबंधित विभाग के मंत्री को अपना पत्र सौंपेंगे और कार्रवाई के लिए आग्रह करेंगे। झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार है या आम जनों के लिए प्रयासरत है इसलिए किसी भी पदाधिकारी को सरकार की छवि खराब करने नहीं दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव भीम कुमार, ओबीसी प्रदेश पदाधिकारी डॉ प्रकाश कुमार रीतलाल मंडल, रेणु कुमारी, वरिष्ठ कांग्रेसी जमुना यादव, अशोक देव, अजय गुप्ता, संजय गुप्ता, आबिद अंसारी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बेबीदेवी, किसान मोर्चा अध्यक्ष ज्ञानी मेहता आदि कई वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया। सभी लोगों ने आज खुशी जाहिर की की हजारीबाग के लिए गर्व का विषय है और सभी लोगों ने फूल माला देकर नवनीत कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया और कहा कि आज हजारीबाग में नये सिरे से मजबूत हुई है और पूरे झारखंड में जल्द ही एक नया तेवर और कलेवर देखने को मिलेगा।

# सांसद मनीष जायसवाल का प्रयास लाया रंग, चुटुपालू घाटी हुआ रौशन

# जनहित में क्षेत्र की हर छोटी- बड़ी समस्याओं के निदान का प्रयास है जारी : मनीष जायसवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तीन प्रमुख ब्लैक स्पॉट जो खून की प्यासी बनकर मौत का घाटी के रूप में लोगों के जेहन में बसने लगा और इन स्पॉट पर कमोवेश हर दिन सड़क दुर्घटना होने की वजह से कई लोगों ने अपनी जान गंवाई तो कई परिवार बर्बाद हो गए। इस गंभीर मामले को तत्परता से जब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बीते लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव एवं अन्य उच्चस्तरीय अधिकारियों से मिलकर उनके समक्ष



विस्तारपूर्वक रखा और लिखित आवेदन सौंपते हुए उनसे इन सभी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट पर तत्काल सुधार करते हुए कार्य करने का आग्रह किया। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चुटुपालू घाटी में सड़क के बीचोबीच अधिष्ठापित सैकड़ों स्ट्रीट लाइट्स खराब होने के







कारण यह क्षेत्र के अंधेरे में डूबा रहता था इस मामले को भी सांसद मनीष जायसवाल ने गंभीरता से रामगढ़ जिले के दिशा की बैठक में उठाए और संबंधित दोषी अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। सांसद मनीष जायसवाल की सक्रियता और तत्परता का जी नतीजा है कि कल तक अंधेरे में डूबा रहने वाला चुटुपालू घाटी एक बार फिर दूधिया रौशनी से पट गया है। सभी करीब 350 खराब स्ट्रीट लाइट्स को सुदृढ़ कर सुचारु कर दिया गया है। चुटुपालू घाटी के मुख्य एक्सीडेंटल जॉन में ट्रांसवर्स बार मार्किंग, रोड़ मार्किंग, सोलर स्टड्स लगाने का का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। यहां करीब 160 साइन बोर्ड, 02 पीटीजेड कैमरे, मेटल बीम क्रैश बैरियर, बम्बू क्रैश बैरियर लगाने की भी योजना है साथ ही अन्य प्रकार के कई सेफ्टी अरेंजमेंट्स किए जा रहें हैं। ऐसे ही मांडू विधानसभा क्षेत्र के चरही स्थित यूपी मोड़ पर भी सड़क विस्तारीकरण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है ।सांसद मनीष जायसवाल के पहला और संबंधित विभाग के केंद्रीय मंत्री और उच्च अधिकारी तक इस मामले के पहुंचते ही इस पर पहल शुरू हो गया और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न ब्लैक स्पॉट पर युद्धस्तर पर काम चल रहा है। निश्चित रूप से इस कार्य से इन ब्लैक स्पॉट पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यहां से गुजरने वालों को बड़ी राहत मिलेगी। सांसद मनीष जायसवाल विभिन्न ब्लैक स्पॉट पर हो रहें कार्य के बाबत बताया कि विभाग और सरकार ने जनहित के इस गंभीर मामले को बेहद ही गंभीरता से लिया और तत्काल पहल शुरू किया जो अच्छी बात है।

## राशि वसूली का आदेश





**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के छोटकीडुंडी पंचायत अंतर्गत बड़कीडूंडी में मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में अनियमिता को लेकर उपायुक्त द्वारा राशि वसूली करने का आदेश दिया गया है। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू ऋत्विक कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मांडू महेश कुमार, रोजगार सेवक छोटकीडुंडी नरेश रविदास, पंचायत सेवक छोटकीडुंडी पंचायत सुमित कुमार एवं मुखिया छोटकीडुंडी पंचायत श्री राम सेवक राम से स्पष्टीकरण पूछा है।गौरतलब हो कि मांडू प्रखंड के छोटकीडुंडी पंचायत अंतर्गत ग्राम बड़कीडूंडी में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत कम मानव दिवस सृजित किए गए एवं कार्य अधूरा रहने पर भी राज्य योजना मद की राशि का भुगतान किया गया जिस संबंध में उपायुक्त द्वारा नियमानुसार राशि वसूली का निर्देश दिया गया है साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक एवं मुखिया को दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब देने का निर्देश दिया गया है।

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु कोतो मुखिया निधि सिंह सम्मानित

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम पंचायत कोतो के मुखिया निधि सिंह



को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु रामगढ़ उपायुक्त महोदय के द्वारा प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया गया है। मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी जय प्रकाश सिंह ननकी सिंह ने कहा कि शिक्षा,स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। आज यह प्रशस्ति पत्र मिलने से पंचायत के ग्रामीणों में काफी हर्ष व उत्साह का माहौल है,इस प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो का सही मायने में हकदार पुरे पंचायत वासी हैं ईन सभी स्कूल के शिक्षक,अभिभावक है सभी प्रबंधन समिति के पदाधिकारी है जिनका परस्पर सहयोग हम सभी को सदैव मिलता रहता है।

## दो दिवसीय कोल इंडिया इंटर खेलकूद प्रतियोगिता में उरीमारी परियोजना के खिलाडी होंगे शामिल



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुठागुंडम तेलंगाना में आयोजित दो दिवसीय 22 फरवरी से 23 फरवरी तक कोल इंडिया इंटर कंपनी खेलकूद प्रतियोगिता के लिए सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के उरीमारी परियोजना कि टीम खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तेलंगाना रवाना हुए। जिसमें उरीमारी परियोजना के खिलाड़ी विनोद रजक,गोपाल मांझी रमेश बेदिया,सुनीता देवी,तूनिया,विजय मुर्मू,नरेश कुम्हार,मंजू कुमारी,सुधनी देवी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए बुधवार को तेलंगाना के लिए रवाना हुए। इस दौरान रवाना होने के पश्चात परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, खान प्रबंधक पी के सेनगुप्ता, कार्मिक प्रबंधक राजीव वर्मा,गणेश राम आदि लोगों ने टिम के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद के साथ शुभकामनाएं दी। वहीं उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि उरीमारी परियोजना में कार्यरत कर्मचारियों में प्रतिभा कूट-कूट के भरी है,हर क्षेत्र में अपने परियोजना के लोग अपना प्रतिनिधित्व कोल इंडिया स्तर तक देते रहे है। जिसमें कोई उत्पादन में सहयोग कर रहा है तो कोई परियोजना का नाम रौशन कर रहा है तो कोई खेल खुद में तो कोई रेस्क्यू में,कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है। मैं उन सभी को बधाई देता हूं। वे सभी धन्यवाद के पात्र है। इस बार कोल इंडिया स्तर में जाने वाले सभी खिलाड़ियों को एक बार फिर से शुभकामनाएं देता हु।

## केंद्रीय बजट के विरोध में वामदलों के द्वारा रामगढ़ में बजट का किया गया विरोध

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्र के मोदी सरकार द्वारा संसद में पेश केंद्रीय बजट के विरोध में और वामदलों के प्रस्तावित मुद्दों को केंद्रीय बजट में शामिल करवाने के सवाल पर वामदलों में भाकपा माले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने संयुक्त रूप से झंडा बैनर लिए नारे लगाते हुए माले कार्यालय,मेन रोड रामगढ़ से मार्च करते हुए रामगढ़ के सुभाष चौक में सभा की गई। नुक्कड़ सभा को माले जिला सचिव भुनेश्वर बेदीया, राज्य कमेटी सदस्य देवकीनंदन बेदिया, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, सीपीआईएम के आरपी सिंह चंदेल ने संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम में देवानंद गोप, नीता बेदिया विष्णु कुमार, नेमन गोप, सरयू बेदिया, चंद्रिका राम, लालमोहन मुंडा, लाल कुमार बेदिया, शैलेंद्र बेदिया, अजीत बेदिया जयकिशन बेदिया अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।

# 24 मार्च से 26 मार्च तक आकस्मिक अवकाश पर रहेंगे पोटंगा के इनमोसा के कर्मी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी परियोजना मे पोटंगा वर्क शॉप में पिट ऑफिस के समक्ष बुधवार को इनमोसा की एक बैठक हुई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष अमित कुमार रॉय एवं संचालन शाखा सचिव श्रावण कुमार ने की। वहीं इस बैठक मे सीसीएल समिति के द्वारा चरणबद्ध (स्टेज वाइज )किये जाने वाले आंदोलन पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। वहीं आंदोलन को सफल बनाने के लिए सबों ने एक स्वर मे तन, मन,धन से सहयोग करने का निर्णय लिया। जिसमें आंदोलन की रूप रेखा के तौर पर 24 फरवरी को परियोजना स्तर पर पीओ कार्यालय के समक्ष दिन के 11बजे विशाल प्रदर्शन एवं 03 मार्च को महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष





दिन के 11बजे विशाल प्रदर्शन व 10 मार्च को सीएमडी कार्यालय दरभंगा हॉउस रांची के समक्ष दिन के 11बजे विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। और साथ ही 24 मार्च से 26 मार्च तक आकस्मिक अवकाश पर इनमोसा के साथी रहेंगे। वहीं इस बैठक में यह भी तय किया गया कि अगर समस्या का समाधान नही हुआ तो किसी भी समय अनिश्चित कालीन हड़ताल पर इनमोसा के साथी चले जायेंगे। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन कि होगी। वहीं इस मौके पर सुधीर कुमार सिंह,एसपी सिंह,गणेश राम, संदीप सिंह,रमेश कुमार सिंह, संतोष कुमार,आशीष राम, राजेश सिंह,महेश प्रसाद मेहता,सुरेश प्रजापति,रवि शंकर सिंह,धर्मेंद्र कुमार,णजीत कुमार मिश्रा,राज नारायण ग्वाला,कुलदीप कुमार, रितेश कुमार पॉल,जितेंद्र कुमार सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## झारखंड प्रदेश में श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल ,रामगढ़ की छात्रा सूफ़िया नाज़ बनी विजेता, 4.0 की पुरे राज्य से बनी एक मात्र विजेता





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल की कक्षा 11 की वाणिज्य की छात्रा सूफिया नाज का चयन विजेता के रूप में किया गया । वह झारखंड की एकमात्र छात्रा थीं, जिन्हें ,रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने मातृभूमि के लिए स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत करने में स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे के योगदान पर उनके लेखन के लिए स्वर्ण पदक और ?10000 के चेक से सम्मानित किया। उन्हें उनके लेखन के अनूठे तरीके और अपने विचारों को सुंदर तरीके से प्रस्तुत करने के कारण भारत सरकार द्वारा चुना गया ।पूरे देश में 100 छात्रों का चयन किया गया । जिसके बाद इन सभी को दिल्ली में सम्मानित किया गया। उनकी मां रूमी परवीन ने अपनी बेटी को आकार देने और उसमें नैतिक मूल्यों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पुरस्कार प्राप्त करने के लिए झारखंड से नई दिल्ली तक की उनकी यात्रा उनके लिए एक अविश्वसनीय स्मृति है। स्कूल और उनके शिक्षकों ने हमेशा उनकी पढ़ाई में सहयोग किया है। प्रधानाचार्य हरजाप सिंह और स्कूल प्रबंधन समिति को सूफिया की उपलब्धि पर बेहद गर्व जताया एवं हेडमिस्ट्रेस श्रीमति मधु श्री,शिक्षक संजय कुमार दुबे , सुलेखा सिन्हा,राजेश सिंह और इंद्रपाल सिंह की सराहना की जिन्होंने इस प्रतियोगिता और बच्चों में प्रोत्साहन देने का काम किया जिससे पूरे विद्यालय का नाम राज्य में रोशन हुआ।

# पतरातू छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** हिंदू हृदय सम्राट मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवा जी महाराज की जयंती पटेल सेवा संघ पतरातु द्वारा पटेल सेवा संघ के संयोजक सुजीत कुमार पटेल के आवासीय कार्यालय में उनके चलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए दीप जलाकर मनाई गई।वही पटेल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने हीं देश को सबसे ज्यादा मुगलों के शासन से मुक्त कराया था हालांकि शिवाजी महाराज खुद समावेशी सोच के राजा थे और उनकी सेना में प्रमुख पदों पर मुस्लिम समुदाय के भी सैनिक सेनापति थे पर उन्होंने सबसे ज्यादा युद्ध मुगलों से ही किया था।और बड़े बड़े मुगल साम्राज्य को युद्ध से ध्वस्त किया था। शिवाजी महाराज खासकर गोरिल्ला छापेमारी युद्ध कौशल नीति में माहिर थे।उनकी इस युद्ध नीति को आज भी याद किया जाता है जयंती समारोह में मुख्य रूप से सुजीत कुमार पटेल,मिथिलेश कुमार सिंह,रामयज्ञ सिंह,महेन्द्र कु.महतो, देवनाथ चौधरी,रणधीर कपूर,वीरू सिंह,अनिल कुमार,संतोष,सुनील महतो,ऋषभ राज,धीरज पटेल सहित दर्जनों उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यो की जानकारी दी गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा की इस वर्ष गर्मी के मौसम में जिलेवासियों को जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अभियान मोड में कार्य करने का निर्णय लिया गया है। अभियान के तहत जिले के प्रत्येक पंचायत में कम से कम तीन-तीन जलापूर्ति योजनाओं को चिन्हित कर उनकी मरम्मती कराई जानी है। इस संबंध में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को प्रखंड विकास पदाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त हो रहे प्रतिवेदन के आधार पर सहायक अभियंताओं, कनीय अभियंताओं सहित अन्य को पंचायत वार टैग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा उपायुक्त के समक्ष कार्यालय में कर्मियों के कमी की बात को रखा गया जिस पर उपायुक्त ने



आउटसोर्स के माध्यम से प्रखंड समन्वकों की नियुक्ति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।ओडीएफ प्लस गतिविधियों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 74 वैसे गांव जिनकी वर्तमान में ओडीएफ प्लस के तहत किसी भी स्तर में रैंकिंग नहीं की गई है उन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द से सोखता गड्ढा का निर्माण सभी गांव में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने जो गांव मॉडल घोषित हो गए हैं उनके सत्यापन का कार्य अगले 15 दिनों के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया।स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज टू अंतर्गत बनाए जाने वाले शौचालय की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लाभुकों को प्रेरित करते हुए जल्द से जल्द लक्ष्य के अनुरूप शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई कि गांव में कचरा प्रबंधन हेतु वर्तमान में 66 ई रिक्शा क्रय किया गया है जिनमें 8 वाहनों का संचालन किया जा रहा है इस पर उपायुक्त में कार्यपालक अभियंता को सभी 66 वाहनों का संचालन शुरू करने को लेकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी से समन्वय करते हुए कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र निर्माण के संबंध में जानकारी देने के क्रम में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि जिले के मांडू एवं गोला प्रखंड में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र का निर्माण किया जाना है जिसमें मांडू प्रखंड में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं विद्युत कनेक्शन होने के उपरांत केंद्र का संचालन शुरू किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त ने विद्युत विभाग के साथ समन्वय करते हुए जल्द से जल्द विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करते हुए केंद्र का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया। साथ ही गोला प्रखंड में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र के निर्माण हेतु अंचल अधिकारी गोला के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया।जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिन गांवों में 80 से 99त्न तक जलापूर्ति कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण हो गया है उन गांव में विशेष ध्यान देते हुए शत प्रतिशत घरों में जलापूर्ति कनेक्शन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# सरकारी पैसा का बंदरबांट नहीं होने देंगे विधायक, ठेकेदारों पर की जायेंगी कड़ी कारवाई विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के सिकनी और चितरपुर के मध्य कोची नदी पर ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़ द्वारा क्लासिक इजिकॉम के द्वारा 2 करोड़ 57 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे पुल तथा सिकनी से चितरपुर रेलवे लाइन के समीप कोची नाला पर मैहर कंस्ट्रक्शन 3 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे पुल का आज स्थानीय विधायक ममता देवी ने औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएँ पाई गईं।

**मुख्य अनियमितताएँ में**

क्लासिक इजिकॉम द्वारा निर्मित पुल में स्लैब की मोटाई मात्र 4 इंच पाई गई, जबकि मानक अधिक होना चाहिए था। छड़ की दूरी 14 इंच पाई गई, जो तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं है। गार्डवाल की



ऊंचाई 3 मीटर के स्थान पर मात्र 1 मीटर बनाई गई। पीसीसी ढलाई मात्र 4 इंच की पाई गई, और कास्टिंग के समय क्यूब टेस्ट के लिए नमूने नहीं लिए गए। मैहर कंस्ट्रक्शन द्वारा किए जा रहे पुल निर्माण कार्य में रिजेक्टेड सीमेंट का उपयोग देखा गया। निर्माण में धूलभरी बालू (धुशबाऊ) का प्रयोग करते पाया गया।गढ़वाल निर्माण में मानक विहीन पत्थरों का प्रयोग किया जा रहा था।पुल निर्माण में उपयोग की जा रही सड़क सामग्री की मात्रा भी कम पाई गई।इन सभी गड़बड़ियों को देखते हुए विधायक ममता देवी ने मौके पर मौजूद जेई को कड़ी फटकार लगाई और स्पष्ट निर्देश दिया कि पुल निर्माण में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की जांच राज्य स्तरीय विभागीय टीम से कराई जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।विधायक ममता देवी ने संबंधित ठेकेदारों और अभियंताओं को आगाह किया कि यदि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश जेई महफुज अंसारी अमित महतो जेई महफूज अंसारी तनवीर अंसारी महताब राही उतम कुमार युगल किशोर महतो रामप्रसाद महतो गौरीशंकर महतो सागीर अंसारी तसलिम अंसारी मोहजाहि अंसारी आदि उपस्थित थे।

## टूर्नामेंट से क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मिलेगा आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर : ममता देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के सिकनी में आयोजित प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का समापन मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ममता देवी तथा विशिष्ट अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश महताब राही तनवीर अंसारी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। विधायक ममता देवी जी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर स्वयं बल्लेबाजी करते हुए मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मुकाबला होन्हे बनाम सिकनी के बीच खेला गया, जिसमें होन्हे की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 81 रन बनाए। जवाब में सिकनी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 ओवर में 4 विकेट खोकर मैच जीत लिया।इस अवसर पर विधायक ममता देवी जी ने खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के टूर्नामेंट से क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा।बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम है, मौके कांग्रेस मोजाहिद दानिश रजा अशरफ अली शमशाद आलम पिन्टू कमरान ईन्जी अरशद शमसुल ईनतेखाब साकीर महफुज बोल्ट सोएब अल्ताफ मिस्टर उतम महतो युगल किशोर महतो रामप्रसाद महतो कार्यक्रम में बड़ी संख्या मे खेल प्रेमी, ग्रामीण व उपस्थित थे।

# कुंभ यात्रा के कारण अचानक रद्द कर दी जा रही है नियमित ट्रेनें, यात्री परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले यात्रियों का उत्साह बढ़ता ही जा रहा है। यात्रियों की भीड़ धनबाद स्टेशन पर रेलवे की परीक्षा ले रही है। प्रयागराज जाने के लिए पहुंचने वाली भीड़ ना तो आरक्षण को समझ रही है और ना ही किसी इंतजाम को। जहां जो भी ट्रेन मिली रही यह भीड़ चढ़ जा रही है। मंगलवार की रात 8 बजे जैसे ही धनबाद के प्लेटफार्म नंबर तीन पर हावड़ा-राजधानी एक्सप्रेस पहुंची, दो दर्जन से अधिक बेटिकेट यात्री राजधानी एक्सप्रेस पर सवार हो गए। सुरक्षा जवानों को जब इसकी भनक लगी तो जवानों को उन्हें ट्रेन से नीचे उतारा। भीड़ की स्थिति यह थी कि मंगलवार को धनबाद स्टेशन से प्रयागराज या कानपुर के लिए तीन स्पेशल ट्रेन चली। हावड़ा से भी चल कर एक ट्रेन वाया धनबाद प्रयागराज की ओर गई।

**एक दिन में खुली तीन स्पेशल ट्रेन, फिर भी भीड़ कम नहीं**

धनबाद से सुबह 11 बजे पहली, दोपहर एक बजे दूसरी और रात 11 बजे तीसरी स्पेशल ट्रेन खुली। पहली स्पेशल ट्रेन में अपेक्षाकृत धनबाद से कम यात्री चढ़े थे। लेकिन दिन के 11 बजे और रात 11 वाली ट्रेन में यात्रियों की भीड़ उमड़ी। यहां तक की हावड़ा जाने वाली कोलफील्ड एक्सप्रेस को भी प्रयागराज भेजा गया। धनबाद स्टेशन पर वीआईपी गेट से यात्रियों को बाहर निकाला जा रहा है। वीआईपी गेट के पास ही पंडाल बना कर यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया बनाया गया है। ट्रेनों के समय पर भीड़ भाड़ होने की स्थिति में यात्री सीधे प्लेटफार्म पर नहीं जा सके, इसके लिए यह व्यवस्था की गई है। यात्रियों को होल्डिंग एरिया में ही रोक दिया जा रहा है। ट्रेन आने पर कतार में यात्रियों को प्लेटफार्म पर भेजने का इंतजाम किया गया है. लेकिन कभी-कभी यह सब टूट जा रहा है। यह बात भी सच है कि कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों की संख्या की वजह से नियमित ट्रेनों का समय पालन पुरी तरह से चौपट हो गया है।

**18-18 घंटे देरी से पहुंच रही राजधानी एक्सप्रेस**

मंगलवार की सुबह आने वाली नई दिल्ली -हावड़ा राजधानी और नई दिल्ली - सियालदह राजधानी एक्सप्रेस 18-18 घंटे की देरी से धनबाद पहुंची। अजमेर सियालदह एक्सप्रेस 14 घंटे और बीकानेर हावड़ा एक्सप्रेस 19 घंटे की देरी से धनबाद पहुंची। रेल मैनेजमेंट को अचानक ट्रेंनों को रद्द करना पड़ जा रहा है। अभी तक यही देखा गया था कि भीड़ भाड़ वाले इलाके में जाने पर बच्चों के पॉकेट में घर का पता और मोबाइल नंबर लिख कर पुर्जा में लोग डाल देते थे। बच्चों को मोबाइल का नंबर याद करा देते थे, लेकिन मंगलवार को धनबाद स्टेशन पर एक ऐसा दृश्य दिखा, जो कुंभ जाने वाले यात्रियों के के जुनून को बतला रहा था। दरअसल, धनबाद शहर का एक परिवार अपने बच्चों के हाथों पर मेहंदी से मोबाइल नंबर लिख दिया था. वह परिवार ट्रेन से कुंभ जाने की धनबाद रेलवे स्टेशन पर प्रतीक्षा कर रहा था।

## असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कैंसर जागरूकता स्क्रीनिंग सह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा धनबाद प्रखंड के दामोदरपुर पंचायत में कैंसर जागरूकता स्क्रीनिंग एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय को कैंसर के प्रति जागरूक करना और उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान करना था।असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस शिविर में असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों की एक टीम




ने समुदाय आधारित मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत कैंसर की प्रारंभिक पहचान, इलाज के तरीके और निवारण उपायों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। शिविर में उपस्थित नागरिकों का विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन और अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शामिल थे।इस शिविर में भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित हुए और सभी ने इस पहल की सराहना की। आयोजन में शामिल असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के स्वास्थ्य टीम ने बताया कि समय पर कैंसर का निदान और उपचार जीवन को बचा सकता है। इस शिविर में सभी ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और कैंसर के प्रति जागरूक हुए।

## डीएवी मॉडल स्कूल में चल रही तीन दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई धनबाद में 17 फरवरी से चल रही तीन दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला का आयोजन आज संपन्न हुआ। यह कार्यशाला माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक हिन्दी, संस्कृत एवं वाणिज्य संकाय में डीएवी पब्लिक स्कूल्स जोन-ई के विभिन्न विषयवार शिक्षकों की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं संवर्द्धन हेतु डीएवी सीएमसी दिल्ली के तत्वावधान एवं प्रशिक्षण समन्वयक और क्लस्टर प्रमुख श्रीमती प्रज्ञा सिंह सह प्रिंसिपल डीएवी बिष्टुपुर, जमशेदपुर के मार्गदर्शन और नेतृत्व में पूरा हुआ।कार्यशाला की सफलता मेजबान स्कूल की नवनवोन्मेषशालिनी एवं अनुशासन प्रिय प्रायार्या महुआ सिंह की देख-रेख एवं दिशा-निर्देशन में हुआ। कार्यशाला के दूसरे दिन प्रज्ञा सिंह एआरओ सह प्रिंसिपल डीएवी बिस्टुपुर ने सभी प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन किया एवं प्राचार्य रेखा कुमारी डीएवी चाईबासा ने आकर सभी का मार्गदर्शन किया। इसमें कुल 8 स्कूल डीएवी सीएफआरआई,डीएवी विष्टुपुर, डीएवी चाईबासा, डीएवी जामाडोबा, डीएवी नोआमुंडी, डीएवी महुदा, डीएवी बरोरा, डीएवी सिजुआ शामिल हुए। स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने कहा कि तीन दिवसीय कार्यशाला से शिक्षकगण लाभान्वित हुए होंगे तथा कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कक्षा कक्ष को खुशनुमा एवं पठन- पाठन योग्य माहौल बनाना है। साथ ही बच्चों को तनाव मुक्त रख, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना है, जो नयी शिक्षा नीति में विशेष रूप से आवश्यक तत्व हैं।

## मैथन में धड़ल्ले से चल रहा है अवैध कारोबार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मैथन थाना में जमकर चल रहा है अवैध कोयला, बालू, गौ तस्करी, ओवरलोडिंग, कोयला पासिंग, आलू और ना जाने क्या-क्या। ये सारा काला साम्राज्य मैथन थाना प्रभारी के संरक्षण में खुले आम चल रहा है। गौरतलब है की मैथन थाना क्षेत्र में ओवरलोडिंग पासिंग तो आम बात है। जिसमें मैथन थाना प्रभारी को प्रत्येक दिन अच्छी खासी रकम मुहैया कराई जाती है। ओवरलोडिंग में सब्जी गाड़ी, मछली गाड़ी, गौ तस्कर का गाड़ी, अवैध कोयला गाड़ी या फिर बालू गाड़ी, यह तमाम चीज मात्र एक ओवरलोडिंग पासिंग के द्वारा मैथन थाना फल फूल रहा है। इस पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। जिसमें अवैध माइनिंग के साथ-साथ कोयले भट्ठा में भी अवैध कोयला को खपाया जा रहा है। रात के अंधेरे में बड़मुड़ी क्षेत्र कोलावेरी से काला हीरा का अवैध कारोबार बिना रोक-टोक के जोर-शोर से फल फूल रहा है। यह सब मैथन थाना के प्रभारी की मिली भगत से संभव हो पा रहा है। सरकार की खजाने को कैसे लूटना है और कैसे अवैध व्यापारी को संरक्षण देना है कोई मैथन थाना प्रभारी से सीखे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

ई-निविदा सं.: C-710-TORI-A-GCT.

1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : टोरी-A-(TORI) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास। 2. टोरी स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत : ₹31,12,98,195/-, 3. ब्याने की राशि : ₹3,11,29,900/-, 4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई-निविदा बंद होने की तारीख 17.03.2025 को 15:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख 17.03.2025 को 15:30 बजे से। 5. वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in. ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/02140/डीएचएन/वा./टी/24-25/36


## प्रमोद सिंह हत्याकांड में संतोष सिंह, रणविजय सिंह सहित अन्य को जारी हुआ है नोटिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद के कोयला कारोबारी और यूपी के डॉन ब्रजेश सिंह के रिश्तेदार प्रमोद सिंह हत्याकांड में लोअर कोर्ट से बरी हुए आरोपियों की एक बार फिर परेशानी बढ़ सकती है। धनबाद की सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने 4 फरवरी 2022 को कांग्रेस के धनबाद जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, कांग्रेस नेता रणविजय सिंह सहित 6 लोगों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था। सीबीआई ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट गई। अपील याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने आरोपियों को नोटिस जारी किया है। जानकारी के अनुसार सीबीआई क्राइम ब्रांच, नई दिल्ली की ओर से दायर अपील याचिका पर हाईकोर्ट में 12 मार्च को सुनवाई होगी।

**सीबीआई की जांच आगे बढ़ी तो बदल गई पुलिस की एफआईआर**

बता दें कि प्रमोद सिंह के कथित मृत्यु पूर्व बयान के आधार पर पुलिस की ओर से पहले दावा किया गया था कि कोयला कारोबारी सुरेश सिंह, रणविजय सिंह और संतोष सिंह के सामने मृतक प्रमोद सिंह ने मृत्यु पूर्व बयान दिया था। जिसमें रामधीर सिंह, उनके भतीजे राजीव रंजन सिंह पर गोली मारने का आरोप लगाया गया था। प्रमोद सिंह के कथित मृत्यु पूर्व बयान के आधार पर रामधीर सिंह और उनके भतीजे राजीव रंजन सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।


**झारखंड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग**
**(समग्र शिक्षा अभियान)**
नया समाहरणालय भवन, ग्राउंड फ्लोर,बी.-002, हजारीबाग
E-Mail – ssa_hazaribagh@rediffmail.com

पत्रांक.........167............./ दिनांक-18.02.2025

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ज्ञापांक-902, दिनांक-10.07.2024 द्वारा कस्तुरबा गॉधी बालिका विद्यालय, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय हेतु खाद्य सामग्री, पोशाक, स्टेशनरी, उपस्कर, उपकरण, दैनिक उपयोग की वस्तुएँ एवं अन्य सामाग्रीयों के लिए प्रकाशित निविदा (PR No.- 329300) एवं इसी क्रम में ज्ञापांक-1135, दिनांक-31.08.2024 तथा ज्ञापांक-1144, दिनांक-03.09.2024 द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा (PR No.- 334616) को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
हजारीबाग।

PR 346798 (School Education and Literacy) 24-25 (D)


## धनबाद में पहली बार इंडिया थेरेपी सेंटर में विशेष सेवाओं की शुरुआत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** पहला कदम दिव्यांग बच्चों के विकास और उनकी विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इंडिया थेरेपी सेंटर जगजीवन नगर (डॉक्टर्स कॉलोनी, ब्रह्माकुमारी के सामने मंगलवार को एक नई पहल की गई। डॉ. शिप्रा कमल (डेवलपमेंट पीडियाट्रिशियन, रांची) हर महीने के तीसरे बुधवार को सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक अपनी सेवाएँ धनबाद में प्रदान करेंगी। यह पहल विशेष रूप से उन बच्चों के लिए की गई है जिन्हें विकास संबंधी चिकित्सा परामर्श की आवश्यकता होती है। प्रवक्ता ने बताया कि अब हमें बाहर जाने की ज़रूरत नहीं। हमारे ही शहर धनबाद में विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं, जो बच्चों की सभी आवश्यकताओं का ध्यान रखेंगे। इस विशेष अवसर पर, डॉ. शिप्रा कमल (डेवलपमेंट पीडियाट्रिशियन) और डॉ. दीपक कुमार (नियोनेटोलॉजिस्ट और पीडियाट्रिशियन) भी उपस्थित रहे। इस पहल को सफल बनाने में इंडिया थेरेपी सेंटर के निदेशक प्रतीक अग्रवाल और कौशल अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। इंडिया थेरेपी सेंटर ने आश्वासन दिया है कि बच्चों की हर ज़रूरत को पूरा करने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी। सबके सहयोग से यह पहल और भी सफल होगी।


**JAPIT**

**Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology**
(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand)
**Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand**
**Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com**

**NOTICE INVITING TENDER**

e-Tender Ref No.: JAP-IT/JIMMS-2.0/01/2025

Invitation of online bid through eProcurement portal i.e. https://jharkhandtenders.gov.in/ from reputed System Integrator (SI) for Upgradation and Operation & Maintenance of Jharkhand Integrated Mines and Minerals Management System (JIMMS) Application'.

The invitation of bid is open to all SI/SP who fulfilling the eligibility criteria as mentioned in this Request of Proposal (RFP) document and the bidder must also agree to terms and conditions mentioned under the RFP. Bidders are advised to study the RFP document and Terms & Conditions carefully and completely.

**Tender Schedule**

| SN | Item | Description |
|---|---|---|
| 1 | eTender Ref. No. | JAP-IT/JIMMS-2.0/01/2025 |
| 2 | Name of the Work | Selection of System Integrator (SI) "for ensuring continuity of Jharkhand Integrated Mines and Minerals Management System (JIMMS) application, Maintenance Up-gradation and Operation of JIMMS under Department of Mines and Geology, Government of Jharkhand |
| 3 | Name & address of the issuer of this tender and Address of Communication / Place of bid Submission / Opening of Bids / Contact / Address | The CEO, Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology (JAP-IT) Ground Floor, Engineers hostel 1, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi-834004. Tel: 0651-2401044 Email: ceo.japit@ Jharkhandmail.gov.in , japit_doit@rediffmail.com and |
| 4 | Date of issue of tender Document | 19/02/2025 |
| 5 | Date for sending Pre-Bid Query | 28/02/2025 |
| 6 | Pre-Bid Meeting | 03/03/2025 |
| 7 | Start Date for online Bid Submission | 06/03/2025 |
| 8 | Last Date for online Submission of Bids | 17/03/2025 |
| 9 | Date of Opening of Technical Bids (online) | 19/03/2025 |
| 10 | Date of Commercial Bid Opening | To be informed later |
| 11 | Cost of Tender Document (non-refundable) | **Rs. 10,000.00** (Rs. Ten thousand only) through online Mode (Netbanking/RTGS) |
| 12 | Earnest Money Deposit (EMD) | **Rs. 30,00,000.00** (Rs. Thirty Lakhs only) through online Mode (Netbanking/RTGS) |

- The online generated receipt of the Tender cost and EMD must be submitted with online bid documents.
- EMD amount will be refunded to bidder through on-line mode in the same bank account through which on-line EMD payment have been made during the tendering process.
- Bids shall be submitted online through eProcurement portal i.e. https://jharkhandtenders.gov.in
- JAP-IT will not be responsible for delay in online submission due to any reason. For this, bidder is requested to upload the complete bid well advance in time so as to avoid last hour technical issues like slow speed; choking of web site due to heavy load or any other unforeseen problems/technical glitch.
- The Authority reserves the right to accept/reject any or all the tender(s) received without assigning any reason thereof.

Sd/-
**Officer on Special Duty,**
**JAP-IT, Ranchi**

PR 346731 Information Technology (24-25)_D



**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची**
**Email Id- sreeranchi@gmail.com**

दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला– 22 फरवरी 2025

**रिक्ति सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के तत्वावधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, राँची द्वारा दिनांक 22.02.2025 को पूर्वाहन् 10:30 बजे से अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सर्कुलर रोड, राँची परिसर में रोजगार मेला – 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला में भाग ले रहे नियोजकों एवं रिक्तियों की विवरणी निम्नवत है:–

| Sl.No. | Name & Address of the Employers | Post | No of Vacancies | Qualification | Age | Salary | Experience | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Rani Hospital RANCHI. | Staff Nurse (Male & Female) | 06 | GNM | 18-30 Yrs. | 14000/- | 1 Yrs. Exp in NICU/PICU | Registered Nurses should only apply. Fresher too can be Considered. |
| | | Floor Manager | 02 | Graduate | 18-25 Yrs. | On performance only | 2-3 Yrs. exp. on floor in similar field. | – |
| 02. | The Waxpol Industries Ltd. RANCHI. | Research Chemist | 04 | B.sc (Chemistry) / M.sc (Chemistry) | 20 -30 Yrs. | As per Industry Norms (15000/- to 18000/-) | 2 Yrs. | Job Location- Butty & Tatisilwai |
| | | Electrician | 02 | ITI / Diploma | 20-30 Yrs. | As per Industry Norms | 2 Yrs. | |
| 03. | Premsons Motor Udyog Pvt. Ltd. HATMA, RANCHI | Field sales Executive | 15 | 12th pass / Graduate | 18-35 Yrs. | 15000/- to 20000/- fuel allowances + mobile allowances + performance based incentives | Automobile field Sales Exp. preferred | Two-wheeler with license required & four-wheeler driving preferred. |
| | | Sales Team Leader | 04 | Graduate | 30-40 Yrs. | 20000/- to 30000/- mobile allowances + performance based incentives | Automobile Sales Team leader Exp. preferred | Two-wheeler with license Four-wheeler Driving required. |
| | | Tele caller | 05 | Graduate | 18-30 Yrs. | 12000/- to 15000/- mobile allowances + performance based incentives | Tele Calling Experienced Required | Computer Knowledge is must |
| | Wo | workshop Manager | 03 | Diploma / B.Tech in Automobile or in Mech. Engineering | 30-45 Yrs. | 30000/- to 45000/- mobile allowances + performance based incentives | Workshop Manager Experienced in automobile required | Two-wheeler with License four-wheeler driving required |
| | | Trainer | 02 | Graduated / Diploma / B.Tech in Automobile or in Mechanical Engg. | 30-45 Yrs. | 25000/- to 35000/- mobile allowances + performance based incentives | Trainer Experienced in automobile required | Two-wheeler with License four - wheeler driving required |
| | | Delivery Coordinator | 01 | 12th pass / Graduate | 20-35 Yrs. | 12000/- to 15000/- mobile allowances + performance based incentives | Coordination Experienced required | Two-wheeler with license four - wheeler driving required |
| 04. | Shiva Protection Force Pvt. Ltd. HINOO, RANCHI. | Security Guard | 40 | 10th pass | 28-40 Yrs. | 12000/- to 20000/- | 2-5 Yrs. | Accommodation & Food Services |
| | | Security Supervisor | 20 | 10th pass / 12th pass | 35-40 Yrs. | 15000/- to 22000/- | 2-10 Yrs. | Accommodation & Food Services |
| 05. | Arohan Financial Services Ltd. | Customer Service Representative | 20 | Intermediate / Graduate | 18-28 Yrs. | 17000/- to 20000/- | Fresher / MFI Exp. | Job Location- Gumla, West Singhbhum & Chatra. |
| | | Receivable Executive | 10 | Intermediate / Graduate | 18-28 Yrs. | 17000/- to 20000/- | Fresher / MFI Exp. | |
| 06. | Ranchi Patient Care Services BARIATU, RANCHI. | Home Care Nurse | 40 | ANM / GNM/ GDA | 18-28 Yrs. | 8500/- to 11000/- | Fresher / 1 yrs. Exp. | Job Location – Ranchi. |
| 07. | Utkarsh Small Finance Bank RANCHI. | Trainee Credit Officer | 100 | 12th pass / Graduate | 18-32 Yrs. | 10506/- to 12506/- | Fresher / 6 month Exp. in BFSI | 32 liter fuel per month incentive up to Rs. 25000 /- per month PF ESIC Coverage Term Insurance of 10 lacs+1 lac accidental insurance. Yearly medical coverage of 2 lacs for self & family. |
| 08. | Rockdrill Infrastructure Pvt. Ltd. RANCHI. | Store Keeper | 01 | Graduation / Professional Degree | 18-25 Yrs. | 17000/- | 2-3 Yrs. | Good Knowledge of MS - Office / Excel / ERP (NWAY) Material Management Course. |
| 09. | Reeta Motors Pvt. Ltd. RANCHI. | HR Manager cum Trainer | 01 | Experienced / Professional | 18-45 Yrs. | 30000/- | 5 Yrs. | Job Location –Harmu Road Ranchi & Lohardaga |
| | | Sales Male DSE | 04 | Experienced / Automobile | 18-30 Yrs. | As per experience | 2 Yrs. | |
| | | Sales DSE Female | 02 | Experienced / Automobile | 18-30 Yrs. | As per experience | 2 Yrs. | |
| | | Service Manager | 01 | Experienced / Automobile | 18-40 Yrs. | As per experience | 2 Yrs. | |
| 10. | Ajmani Infrastructure and Project Private Ltd. RANCHI. | H.R | 02 | M.B.A / Graduation | 18-26 Yrs. | As per experience | 5 + Yrs. | – |
| | | Admin | 02 | Graduation | 18-25 Yrs. | As per experience | 3 + Yrs. | – |
| | | Accountant | 04 | Graduation | 18-25 Yrs. | As per experience | 3+Yrs.Exp. in Tally,GST,TDS return etc. | – |
| | | Graphic Designer | 02 | Graduation | 18-20 yrs. | As per experience | 2+Yrs. Exp in 3D Design Layout. | – |
| | | Supervisor | 03 | Under Graduation / 10th pass | 18-20 yrs. | As per experience | 3+Yrs. | – |
| | | Hanger Fitter | 20 | Under Graduation / 10th pass | 18-20 Yrs. | As per experience | 2+Yrs. | – |
| | | Master Tailor | 04 | Under Graduation/ | 18-20 Yrs. | As per experience | 2+Yrs. | – |
| | | Driver | 02 | Under Graduation / 10th pass | 18-22 Yrs. | As per experience | 3+Yrs. Exp. in Driver skill-Truck 207, 407 LMV | – |
| | | Labour Contractor | 05 | No Qualification | 18-20 Yrs. | As per experience | 2+Yrs. | – |
| 11. | M/s. Ranchi Security Pvt. Ltd. RANCHI. | Centre Manager | 04 | Graduation | 18 above | 20000/- to 30000/- | 5 Yrs. | Job Location – Ranchi, Gumla and Maharashtra. |
| | | Manager Operation | 02 | Graduation | 18 above | 18000/- to 22000/- | 5 Yrs. | |
| | | Project Manager | 02 | Graduation | 18 above | 30000/- to 40000/- | 6 Yrs. | |
| | | Computer Hardware Engineer | 02 | Graduation | 18 above | 15000/- to 20000/- | 5 Yrs. | |
| | | MIS Executive | 10 | Graduation | 18 above | 12000/- to 15000/- | 2 Yrs. | |
| | | Tele-Caller | 05 | Graduation | 18 above | 8000/- to 12000/- | 2 Yrs. | |
| | | Sewing machine Operator Trainer | 10 | 12th pass | 18 above | 12000/-to 15000/- | 1 Yrs. | |
| | | Driver | 05 | 12th pass | 18 above | 12000/- to 15000/- | 5 Yrs. | |
| | | Housekeeping Staff | 06 | 12th pass | 18 above | 5000/- to 8000/- | 1 Yrs. | |
| | | Cook | 06 | 12th pass | 18 above | 8000/- to 13000/- | 2 Yrs. | |
| | | Operator (Dhoot Transmission Pvt. Ltd.) | 100+ | 12th pass | 18 above | 12000/- to 15000/- | - | |
| 12. | Evergreen Services RANCHI. | Technical Assistant (Network) | 02 | B.E / B.Tech (computer Science) / IT / ECE /EEE) / M.C.A / M.sc (IT)/M.sc (Electronics) / M.sc(CS) from govt. Recognized university / Institutes. | 21 -50 Yrs. | 26300/- | 1 Yrs. | Job Location – JAP –IT Dhurwa, Ranchi. |
| 13. | Hotel Royalsion (unit of B.S Park Plaza) RANCHI. | F& B Manager | 01 | Degree / Diploma in Hotel Management | 18-40 Yrs. | 25000/- to 30000/- | 10 Yrs. | – |
| | | Housekeeping Manager | 01 | Degree / Diploma in Hotel Management | 18-40 Yrs. | 18000/- to 22000/- | 10 Yrs. | – |
| | | Steward | 10 | 12th pass / Diploma in Hotel Management | 18-20 Yrs. | 10000/- to 12000/- | 2 Yrs. | Fooding and Loding included. |
| | | Captain | 03 | Degree / Diploma in Hotel Management | 18-25 Yrs. | 14000/- to 16000/- | 5 Yrs. | Fooding and Loding included. |
| | | Room Attendant | 03 | 8th pass / 12th pass | 18-20 Yrs. | 8000/- to 10000/- | 3 Yrs. | Fooding and Loding included. |
| | | Accountant | 01 | B.com & Tally | 18-25 Yrs. | 15000/- to 17000/- | 3 Yrs. | Fooding and Loding included. |
| 14. | Virson Security Facility Services Pvt. Ltd. HARMU, RANCHI. | Security Guard | 75 | 10th pass | 18-45 Yrs. | 10000/- to 15000/- | No | Male Candidate |
| | | Field Officer | 25 | B.A | 21-45 Yrs. | 12000/- to 20000/- | Yes | Male Candidate |
| 15. | Garuda Power Pvt. Ltd. RANCHI. | Trainee Technician | 10 | ITI (Mechanical, Electrical, Fitter or MMV). | 18-35 Yrs. | As per Experience | Preferably fresher | – |
| 16. | LIC of India SUJATA CHOWK RANCHI. | Bima Sakhi | 158 | 10th pass / Graduation | 18-70 Yrs. | 7000 + Incentive | No | – |
| | | City Career Agent | 250 | 12th pass / Graduation | 18-40 Yrs. | 6000 + Incentive | No | – |
| | | Rural Career Agent | 159 | 10th pass / Graduation | 18-40 Yrs. | 6500 + Incentive | No | – |
| 17. | Bandhan Bank Ltd. RANCHI. | Relationship Executive-SBAL | 10 | 12th pass | 21-32 Yrs. | 13500/- | Fresher | – |
| | | Relationship Officer-BU | 10 | 12th pass | 21-32 Yrs. | 13500/- | Fresher | – |
| | | Operation Executive-BU | 05 | Graduation | 21-32 Yrs. | 13500/- | Fresher | – |
| 18. | Universal SompoGen. Insurance Co. Ltd. RANCHI. | Adviser | 100 | 10th pass | 18-35 Yrs. | As per company norms. | No | – |
| | | Interns | 01 | Graduation | 18-25 Yrs. | As per company norms. | No | – |
| 19. | Delhivery Ltd. RANCHI. | Delhivery Boy | 50 | 12th pass | 18-50 Yrs. | 12000/- to 18000/- | No | – |
| 20. | Rinchi Trust Hospital ITKI ROAD, RANCHI | Nurse | 30 | B.sc / GNM | 21-25 Yrs. | 18000/- | 2 Yrs. | Job Location- Ranchi, Pakur.. |
| | | GDA | 05 | 12th pass | 21-25 Yrs | 13000/- | 1 Yrs. | |
| | | Canteen Staff | 03 | 10th pass | 21-25 Yrs | 13000/- | 6 Month | |
| | | Marketing | 05 | Bachelor's in Marketing | 21-25 Yrs | 25000/- | 1-2 Yrs. | |
| | | Receptionist | 05 | Bachelor | 21-25 Yrs | 18000/- | 2-3 Yrs. | |
| | | Pharmacist | 03 | Diploma in pharmacy | 21-25 Yrs | 18000/- | 2-3 Yrs. | |
| | | Lab Technician | 03 | DMLT | 21-25 Yrs | 18000/- | 2 Yrs. | |
| | | Driver | 03 | 12th pass | 21-25 Yrs | 18000/- | 1 Yrs. | |
| | | Sweeper | 05 | 10th pass | 21-25 Yrs | 13000/- | 6 Month | |
| 21. | Distil Ventures India Ltd.(Tata Big Basket) LALPUR, RANCHI. | Delivery Boy | 50 | 10th pass | 18-35 Yrs. | Per Parcal delivery Rs. 35/- | Fresher | Job Location-Lalpur, Kadru & Bariatu. |
| 22. | Finxera India pvt. Ltd. CHANDIGARH. | Software Engineer | 10 | BE-IT & CS | 21-23 Yrs. | 3 LPA | No | Min 70% or 85 percentile |
| | | Graduate Engineer Trainee | 08 | BE-Mech. & Elect. | 21-23 Yrs. | 1.8 LPA | No | Min 60% or 70 percentile |
| | | Sales & Marketing Executive | 10 | MBA | 21-25 Yrs. | 1.5 LPA | 0 to 2 Yrs. | Excellent Communications Skills. |
| | | Customer Care Executive | 40 | Any | 21-25 Yrs. | 2 LPA | 0 to 2 Yrs. | Excellent Communications Skills. |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in / www.ncs.gov..in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। पूर्व से निबंधित उम्मीदवारों को पुनः निबंधन की आवश्यकता नहीं है। चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

रिक्ति की विस्तृत विवरणी **ranchi.nic.in** पर देखी जा सकती है।

PR 346759 Labour Employment and Traning (24-25)_D

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची

**तहरीक-ए-अमन सोसायटी द्वारा आयोजित कव्वाली सह मेला प्रोग्राम में मंत्रियों के होंगे जमावड़े**

## वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, डॉ. इरफान अंसारी, हफिजूल हसन व चमरा लिंडा को सोसायटी के पदाधिकारियों ने दी निमंत्रण, मंत्रियों ने शामिल होने की जताई सहमति





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड के पवित्र धरती से जन्म लेने वाले वीर सपूत राज्य और देश की जनता को आजादी दिलाने को लेकर अंग्रेजों से आखरी दम तक संघर्ष और लड़ाई लड़कर झारखंड प्रदेश के रामगढ़ जिले के चुटूपाली स्थित बरगद पेड़ पर अंग्रेजी हुकूमत से हार नहीं मानकर हंसते-हंसते अपने प्राणों की देशहित में आहुति देने वाले महान क्रांतिकारी शहीद शेख भिखारी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित हो इसे लेकर तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह द्वारा उनकी शान में एक शाम शहीदों के नाम पर मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम का आयोजन आगामी 25 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रोग्राम में हिंदुस्तान ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपनी खास पहचान बनाने वाले मुम्बई के मशहूर कव्वाल रईस अनीश साबरी और इंडियन आइडल विजेता मेवत महाराष्ट्र के सलमान अली शहीद शेख भिखारी की शान में अपनी बेहतर प्रस्तुति देंगे। यहां पर बता दें कि तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में धुर्वा मोड़ में आयोजित कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को सफल बनाने में हरदिल अजीज गरीबों के मसीहा सर्वधर्म को एकसूत्र में पिरोकर चलने वाले महान शख्सियत पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार के सार्थक प्रयास से उक्त प्रोग्राम को भव्य बनाने हेतु तहरीक-ए-अमन सोसायटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरी तरह से कमर कस ली है। इधर लोहरदगा अंजुमन ए इस्लामिया के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार व तहरीक-ए-अमन सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल उपाध्यक्ष साकिर अंसारी जियाउल अंसारी सह सचिव रेयाज अंसारी अकबर अंसारी कुर्से अंजुमन ए इस्लामिया के सेक्रेटरी हातिम अंसारी व नसीम अंसारी के द्वारा प्रोग्राम में शामिल होने हेतु झारखंड सरकार के चार मंत्रियों से मिलकर निमंत्रण पत्र सौंपा गया। यहां पर सोसायटी के पदाधिकारियों ने झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफिजूल हसन और अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से मुलाकात कर मुकाबला कव्वाली प्रोग्राम में शामिल होने हेतु निमंत्रण पत्र सौंपा गया। साथ ही कई अन्य मंत्री के आने की भी संभावना व्यक्त किया गया है। इस बीच सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि सभी मंत्रियों ने प्रोग्राम में शामिल होने की अपनी सहमति दे दी है। इधर सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रोग्राम में लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव व झारखंड प्रदेश के विभिन्न विस क्षेत्र के दर्जन भर विधायक भी शामिल होंगे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रोग्राम में झारखंड प्रदेश समेत देश के विभिन्न हिस्सों से पचासों हजार से अधिक लोगों के आगमन होने की संभावना है। सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रोग्राम को सफल बनाने हेतु इंतजामिया कमेटी का भी गठन किया गया है,जो अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निर्वहन करेंगे।

## ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान लोहरदगा द्वारा 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक श्री नितिन किशोर, डीएम जेएसएलपीस श्री बीपीन चंद्र और आरसेटी निदेशक सुरेश भगत के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र दिया गया। श्री किशोर ने कहा की बकरी पालन एक ऐसा स्वरोजगार है जिससे लोग अपनी आर्थिक स्थिति को और मजबूत एवं स्वावलंबी बना सकतें है, आज इस दौर में बकरी पालन की अपार सम्भावनाएँ व्यक्त की जा रही है,बस जरूरत उचित मार्गदर्शन में बकरी पालन करने की है। इस स्वरोजगार से समय-समय पर बकरियों का विक्रय कर अपना परिवारिक जरूरत को पूरा किया जा सकता है एवं जीवन स्तर को सशक्त एवं मजबूत किया जा सकता है। बकरी को बेचने में कभी भी कहीं भी कोई समस्या नहीं आती है। उन्होंने बैंक द्वारा हर संभव मदद दिलाने की बात भी कही। श्री विपिन ने कहा की बकरी पालन में शुरूआत का खर्च बहुत ही सामान्य होता है जिसे आर्थिक रूप से कमजोर तबका भी वहन कर सकता है। उन्होंने सभी को सीखे गए बातों को अपने बकरी पालन में अपनाने को कहा साथ ही सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की, आरसेटी निदेशक ने बकरी को गरीबों की गाय कहा, उन्होंने बैंक के बारे में विस्तृत जानकारियाँ दी साथ ही आरसेटी द्वारा दी जाने वाली निशुल्क प्रशिक्षण की जानकारियाँ भी दी। संस्थान के संकाय दीपक कुमार ने स्वरोजगार से संबंधित विस्तृत जानकारी दी मौके पर लोहरदगा जिला के 20 प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## बालाजी टीवीएस बाईक शो-रूम का कैरो पंचायत समिति सदस्या ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 19 फरवरी बुधवार को मुख्यालय कैरो स्थित डा0 अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप बालाजी टीवीएस बाईक शो-रूम का उद्घाटन कैरो पंचायत समिति सदस्या मधुलिका रानी एवं गणमान्य, बालाजी मोटर्स के कर्मियो के द्वारा सामूहिक रुप से फीता काटकर किया गया उद्घाटन। मौके पर मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य मधुलिका रानी ने कहा कि टी.वी.एस शोरूम खुल जाने से अब कैरो के लोगो को बहुत सुविधा हो जाएगी जिससे लोगो को अब बाइक खरीदने के लिए दूर नही जाना पड़ेगा। मौक़े पर बालाजी मोटर्स के सुनील अग्रवाल ने कहा कि यहाँ पर टी.वी.एस कंपनी के सभी बाइक जैसे अपाची, &I 100, स्कूटी में जुपिटर, ntorq आदि उचित मूल्य पर उपलब्ध है। साथ ही हमारे यहाँ फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है। मौके पर नाजिर आलम खान, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरद कुमार विद्यार्थी, ललित अग्रवाल, राजेश शर्मा, प्रदीप कुमार, सिंह साक्षी, फैजान प्रेमलाल, बादशाह, सुभाष विक्रम जमील अख्तर, समीद अंसारी, हारून राशिद, मंजन उरांव, अनवर अंसारी, ऐनुल अंसारी, बजरंग सोनी, जावेद अख्तर, राजेश सोनी, अनवर अंसारी, कयूम अंसारी, योगेश कुमार, खलील अंसारी इत्यादि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ उतका कैरो में चलाया गया सघन छापामारी अभियान, 04 पर कैरो थाना में मामला दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 18 फरवरी मंगलवार को विधुत विभाग के मैनेजिंग डायरेक्टर रांची के पत्रांक 30/एपीटी के अनुपालन के तहत मंगलवार को सहायक विधुत अभियंता विधुत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू मो0 जिशान के नेतृत्व में कैरो थाना क्षेत्र के कैरो उतका गांव में विधुत चोरी के खिलाफ चलाया गया सघन छापामारी अभियान। इस दौरान कैरो निवासी पवन ठाकुर पिता गोपाल ठाकुर क्षति पूर्ति राशि 11605/-रुपए, उतका निवासी कमल किशोर सिंह पिता स्व सुमन्त कुमार सिंह क्षतिपूर्ति राशि 19418/-रुपए,चंदन ठाकुर पिता स्व0 सुनील ठाकुर 11605/-रुपये,शम्भु सोनी पिता छेदी सोनी 11605/- रुपये को मुख्य एलटी लाईन मे टोका कर दुकान में अवैध रुप से बिजली ऊर्जा का उपयोग



करने का दोषी ठहराते हुए जुर्माना की राशि तय कर भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135/137 के तहत कैरो थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है। छापामारी दल में मानव दिवस कर्मी मजुल अंसारी,बैकुंठ शुक्ला,खुर्शीद आलम के साथ विद्युत प्रशाखा कुडु एवं कैरो थाना शसस्त्र बल उपस्थित थे।

## पंचायत समिति की बैठक में प्रखंड से संचालित विभिन्न विकास योजनाओं पर की गई समीक्षा



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 19 फरवरी बुधवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में कैरो प्रखंड प्रमुख श्री राम उराँव की अध्यक्षता में एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छ्न्दा भट्टाचार्य पंचायत समिति सदस्यों की उपास्थिति में प्रखंड से संचालित विकास योजनाओं पर की गई समीक्षा। बैठक में 15 वीं वित्त के तहत सड़क, पुल, पुलिया, नाली इत्यादि योजनाओं में धरातल पर निर्माण कार्य की समीक्षा की गई, एवं वैसी योजनाएँ जो चयनित की गई है और उसपर निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हूई है उसे शीघ्र प्रारम्भ करने की बात कही गई। बैठक में 02 पंचायतों को जोड़ने अथवा लाभान्वित होने वाले योजनाओं का भी चयन करने पर चर्चा की गई, साथ ही पुर्ण किये गये योजनाओं को शीघ्र अभिलेख बन्द करने की भी बैठक में चर्चा की गई। उक्त बैठक में गुड़ि पंचायत समिति सदूस्य अंगनु भगत, हनहट से जितेन्द्र भगत, नरौली से सुखमणि देवी, गजनी से मीणा कुमारी, सुनीता लकड़ा, कैरो से मधुलिका रानी, प्रखंड समन्यवक संजीव कुमार, प्रभारी पंचायतीराज पदाधिकारी अधीश खाखा इत्यादि बैठक में उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों और ग्रामीणों का आंख जांच किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित समदायिक स्वस्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ.शशिकांत कुमार द्वारा जिला के सुदूर पहाड़ी क्षेत्र दुंदरु ग्राम में स्कूली बच्चे बच्चियों और ग्रामीणों का आंख जांच किया गया। आंख जांच के दौरान आंख लाल होना, आंख से पानी गिरना, धुंधलापन दिखाई देना, आंख में खुजली होने सहित अन्य सभी तरह का बीमारियों का जांच किया गया। वही डॉ.शशिकांत कुमार ने आंख जांच करने के उपरांत बताया कि अधिकांश बीमारी विटामिन की कमी से आंख में बीमारी होता है। हरा साग सब्जी, दूध, फल, अंडा और पपीता का सेवन करने से विटामिन की कमी को दूर किया जा सकता है। साथ ही जिन्हें चश्मा की जरूरत है वैसे लोगों को मुफ्त में चश्मा दिया जायेगा। वही जांच के पश्चात सभी लोगों को आई ड्रॉप दवा दिया गया। मौके पर जयनाथ उरांव, काजल कुमारी, शिवानी कुमारी, आदित्य उरांव, पवन उरांव, हरि उरांव, कमला उरांव, रामजीत उरांव समेत अन्य ग्रामीण महिला पुरुष व छात्र छात्राएं तथा शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## सांसद सुखदेव भगत ने वीर बुधू भगत जयंती समारोह को सफल बनाने के लिये सभी का किया आभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लरका आंदोलन के प्रणेता अमर शहीद भगत की जयंती समारोह मैंना बगीचा में भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित जतरा एवं विकास मेला में हजारों लोगों के साथ-साथ सैकड़ो खोड़हा दल के नृत्य मंडली ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत एवं आयोजन समिति के सदस्यगण, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंत्री श्रीमती दीपिका पांडे सिंह, राज्य समन्वय समिति के सदस्य राजेश ठाकुर, कृषि विपणन के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ, पूरे जिले एवं अन्य जिले से आए हुए पाहन पूजार, सभी खोड़हा दल के सदस्यगण, विकास मेला से संबंधित विभाग के पदाधिकारीगण, लोहरदगा अनुमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा, गुमला, रांची, जमशेदपुर जिला से आए हुए अतिथि गण, भरनो से नृत्य मंडली, उर्सलाइन विद्यालय के बच्चियां, उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ के नृत्यमंडली के साथ-साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार प्रकट करते हैं एवं अगले वर्ष होने वाले जयंती समारोह में इसी तरह का सहयोग का अपेक्षा रखते हैं।

## दो शब्द से बने खेल के महत्व को युवा समझ जाये, सफलता अवश्य मिलेगी : साजीद अहमद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** यूथ क्लब गितिलगढ़ के द्वारा आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बुधवार को गितिलगढ़ खेल मैदान में ओरमांझी टीम रांची और पंकज ब्रदर करकगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ओरमांझी की पूरी निर्धारित 8 ओवरों में 32 रन बनाई। जबाबी पारी खेलने उतरी पंकज ब्रदर ककरगढ़ की टीम 4 ओवर में ही मात्र एक विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लोहरदगा सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगु,विशिष्ट अतिथि युवा कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी व अन्य अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के द्वारा बुके देकर व पगड़ी पहनकर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगु ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें,खेल से मानसिक शारीरिक और बौद्धिक क्षमता का विकास होता है साथ ही साथ जीवन मे संघर्ष करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा लोहरदगा के लोकप्रिय सांसद माननीय सुखदेव भगत क्षेत्र में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने प्रोत्साहित करने,सही मार्गदर्शन देने का पूरा पूरा प्रयास करते रहते हैं। जिला युवा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी ने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नही है जरूरत है उन्हें सही मार्गदर्शन की। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमो ने भाग लिया था जिसमे विजेता, उपविजेता व तीसरे स्थान प्राप्त करने वाली टीम को मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगु, विशिष्ट अतिथि युवा कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी, शिव उराव एवं अतिथिओं द्वारा पुरस्कार के रूप में नकद, शील्ड, ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

## सांसद सुखदेव भगत शोकाकुल परिवारों से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट किये



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत बुधवार को किस्को प्रखंड के मेरले गांव पहुंचकर कुछ दिन पूर्व मेरले गांव के सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र भगत एवं महिला कांग्रेस के सोईनमत उरांव का निधन हो गया था उसके परिजनों से मिलकर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए सांसद ने कहा कि इस दुख के घड़ी में हुए वे शोकाकुल परिवारों के साथ खड़े हैं। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में अनमोल उरांव, मनोज सोन तिर्की भी शामिल थे।

## जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा को संयुक्त सचिव बनाये जाने पर कायस्थ समाज ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा को संयुक्त सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के पद पर पदस्थापना से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, लोहरदगा इकाई में हर्ष व्याप्त है। कायस्थ महासभा लोहरदगा के अध्यक्ष देवाशीष कर ने सीता पुष्पा को चित्रांश परिवार, लोहरदगा की ओर से बधाइयां एवं शुभकामना प्रदान की एवं उनके उन्नत प्रशासनिक सेवा भविष्य हेतु कामना व्यक्त की। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक गणेश लाल ने श्रीमती पुष्पा के नवपदस्थापना पर हर्ष और गर्व व्यक्त किया तथा कहा कि लोहरदगा में उनके कार्यकाल के दौरान उनका सान्निध्य बेहद आत्मीय एवं स्नेहपूर्ण रहा। उनके कार्य कुशलता एवं व्यवहार हमारे कर्तव्यों में हमेशा मार्गदर्शन करते रहेगी। इंस्पिरेशन कोचिंग के अश्विनी कुमार ने पुष्पा को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थापना हेतु बधाई दी और कहा कि गुड गवर्नेंस एवं डिजिटल शिक्षा के दौर में पुष्पा की प्रतिभा, लगन एवं कार्य शैली से झारखंड में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रचार-प्रसार में मदद मिलेगी एवं शिक्षा जगत लाभान्वित होगा। लोहरदगा कायस्थ महासभा के महामंत्री,दिलीप पटनायक ने कहा कि श्रीमती पुष्पा कायस्थ समाज के गौरव का प्रतीक है और हमारे समाज के सदस्यों के लिए प्रेरणाप्रद भी हैं। लोहरदगा में उनका कार्यकाल बेहद प्रसंसनीय, सराहनीय एवं प्रेरक रहा। अपने कार्यों के प्रति उनके कर्तव्य निष्ठा एवं समर्पण, संपूर्ण समाज के लिए गौरव एवं सम्मान की बात है। पूर्व पार्षद प्रतीक प्रकाश ने श्रीमती पुष्पा के स्कूली शिक्षा विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थापना पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि इससे संपूर्ण समाज को लाभ मिलेगा तथा कायस्थ समाज में प्रेरणा का संचार होगा। इसके अतिरिक्त सीता पुष्पा को उनकी पदोन्नति एवं नवपदस्थापना पर कायस्थ महासभा, लोहरदगा के कृष्णा प्रसाद, राकेश अखौरी, राकेश सिंहा, विकेश सिंहा, अरुण कुमार श्रीवास्तव, डॉ. प्रेम प्रकाश सहाय, नीरज सिंहा, ललन सिंहा, शशिकांत दास, विजय दास, प्रेम सिंहा, राकेश रंजन अंबस्था, अमर कुमार सिंहा, श्यामा प्रसाद, सुनील श्रीवास्तव, राम दास, भास्कर सिंहा, डॉ. एनके सिंहा, राज सिंहा, पुरुषोत्तम सिंहा, रवि सिंहा, अनुज कुमार सिंहा, नवीन कुमार सिंहा, सुशील पटनायक, राजेश सहाय,राजीव सिंहा इत्यादि ने बधाइयां दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की।

## कव्वाली सह मेला प्रोग्राम स्थल का एसडीपीओ व थाना प्रभारी ने लिया जायजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**किस्को-लोहरदगा :** शहीद शेख भिखारी की शान में आगामी 25 फरवरी को तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नवाडीह पंचायत के धुर्वा मोड़ में आयोजित होने वाले मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम स्थल का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा व किस्को थाना प्रभारी सुमन मिंज के द्वारा निरीक्षण कर बारीकी से वस्तु स्थिति का मुआयना किया गया। इस बीच एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के द्वारा आयोजित कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने और प्रोग्राम में किसी तरह की गड़बड़ी ना हो इसे लेकर लोहरदगा पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी।




एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि प्रोग्राम में खलल डालने और कानून को अपने हाथों में लेने वाले वैसे लोगों शरारती और असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रोग्राम को आपसी भाईचारा और अनेकता में एकता को बरकरार रखते हुए मनाएं, किसी तरह की कोई व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना की सूचना मिलने पर तत्काल इसकी सूचना स्थानीय थाना पुलिस और लोहरदगा पुलिस प्रशासन को दें, ताकि वैसे लोगों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जा सके। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि शहीद शेख भिखारी की याद में आयोजित होने वाले कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को सफल बनाने में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि प्रोग्राम को गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए मनाने में सभी वर्गों को अनेकता में एकता का परिचय देते हुए मनाने की जरूरत है। यहां पर बता दें कि तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में आयोजित कव्वाली सह मेला प्रोग्राम में 50 हजार से अधिक लोगों की भीड़ उमड़ने की संभावना और प्रोग्राम में शामिल होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने हेतु लोहरदगा पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकन्ना और एक्शन मोड में दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय है कि कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को सफल तरीके से संपन्न कराए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के द्वारा जिले के पुलिस पदाधिकारीगण और जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दी गई है।

चलते चलते एक नजर

## देश की प्रगति के लिए गांवों का विकास जरूरी: शिवराज सिंह

**नई दिल्ली** : केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन (एएआरडीओ) की कार्यकारी समिति के 77वें सत्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व बंधुत्व में विश्वास करने वाला देश है। हम सभी प्राणियों में सद्भाव एवं विश्व कल्याण की भावना रखते हैं। भारत वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करता है, यह हमें अपने घरों व अपने समुदाय, अपने देशों, अपने ब्रह्मांड से दूर जाने और पूरे ब्रह्मांड को एक परिवार के रूप में मानने के लिए कहता है। हमारे ऋषियों ने भी कहा है कि केवल हम ही नहीं बल्कि सब सुखी, निरोग व सबका मंगल हो और सबका कल्याण हो, इसी भाव को मोदी सरकार अपनी धरती पर उतारने की कोशिश कर रही है।ललित होटल में आयोजित सत्र में चौहान ने कहा कि दुनिया का बहुत बड़ा हिस्सा अभी भी गांवों में बसता है। भारत में भी बहुत बड़ा हिस्सा गांवों में ही बसता है। जब तक गांवों की प्रगति नहीं होगी तब तक किसी भी देश की प्रगति नहीं हो सकती। कार्यकारी समिति की बैठक का 77वां सत्र निश्चित रूप से आगामी मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के लिए आधार बनेगा, जब एएआरडीओ अपने विविध कार्यक्रमों का विश्लेषण करेगा। एक और महत्वाकांक्षी त्रिवर्षीय अवधि 2025-2027 पर विचार करेगा जिसमें एएआरडीओ के कार्यनीतिक ढांचे का व्यापक मध्यावधि मूल्यांकन और समीक्षा शामिल होगी।

## सूरजकुंड मेले में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन



**फरीदाबाद** : 38 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में मंगलवार की सांस्कृतिक संध्या प्रसिद्ध हास्य कलाकार गौरव गुप्ता और ख्याली के नाम रही। बड़ी चौपाल पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित दर्शक देर रात तक हंस-हंसकर लोटपोट होते रहे। हरियाणा पर्यटन निगम और कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा मेला परिसर में हर संध्या को शानदार बनाने के बेहतरीन व्यवस्था की गई है। हर संध्या पर प्रसिद्ध संगीतकारों या गीतकारों द्वारा अपनी आवाज के जादू से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया जा रहा है। दर्शकों को हर संध्या पर हिंदी, पंजाबी के साथ सूफीयाना गायकी खूब लभा रही है। इसी कड़ी में बड़ी चौपाल पर जब विख्यात हास्य कलाकार गौरव गुप्ता और ख्याली ने अपने अनोखे अंदाज में हंसना शुरू किया तो दर्शक देर रात तक हंस-हंस कर लोटपोट होते रहे। इससे पहले दोनों हास्य कलाकारों ने सूरजकुंड मेले में विश्व स्तर का बड़ा मंच देन के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा का धन्यवाद किया। स्टेंडअप कॉमेडियन से मशहूर गौरव गुप्ता ने दर्शकों के साथ बातचीत को भी अपने अनोखे अंदाज से हंसी-मजाक में बदल दिया। उनके द्वारा शुरू किए गए लव मैरिज के किस्से पर दर्शक हंस-हंस कर लोटपोट हो गए।

# गढ़वा में हुआ 351 कन्याओं का सामूहिक विवाह

प्रभात मंत्र संवाददाता





**गढ़वा** : कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी द्वारा जिला मुख्यालय गढ़वा के दानरो नदी छठ घाट पर बुधवार को 351 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो थे।

**विवाह यात्रा और आशीर्वाद** : विकास माली के आवास टंडवा से विवाह यात्रा निकली जो आशीर्वाद मैरिज हॉल पहुंची। संस्था के सचिव विकास कुमार माली समेत अन्य लोग बारात के साथ विवाह स्थल की ओर पैदल रवाना हुए। इस दौरान मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो स्वयं बारात में शामिल हुए और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

**मंत्री का संदेश:** पत्रकारों से बातचीत में मंत्री महतो ने कहा कि 351 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराना एक अत्यंत पुण्य कार्य है। उन्होंने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से दहेज प्रथा, बाल विवाह और भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने समाज से इस नेक पहल में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की।

**संस्था का संकल्प:** संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे खुशी भरा दिन है जब वे 351 बहनों की डोली सजाकर उनका विवाह करा सके। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ही यह भव्य आयोजन संभव हुआ और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**हिंदू-मुस्लिम रीति-रिवाजों से हुआ विवाह:** इस समारोह में हिंदू जोड़ों का विवाह हिंदू रीति-रिवाजों से तथा मुस्लिम जोड़ों का निकाह मुस्लिम परंपरा के अनुसार संपन्न कराया गया। इस पहल ने सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया जिसे लोगों ने खूब सराहा। जेएमएम नेत्री अंजली गुप्ता ने इस पहल को फिजूलखर्ची रोकने और सामाजिक समरसता बढ़ाने वाला कदम बताया। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना की और इसे एक अनुकरणीय कार्य बताया।

**इनकी रही उपस्थिति:** विवाह स्थल पर द्वार पूजा की रस्म पूरी कर वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कंचन जायसवाल, मेराल प्रमुख दीपमाला कुमारी, विभूति पांडेय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भारत को बनाएंगे जल सुरक्षित राष्ट्र : उप मुख्यमंत्री

**रायपुर** : उप मुख्यमंत्री अरुण साव बीते मंगलवार को राजस्थान के उदयपुर में आयोजित अखिल भारतीय राज्य जल मंत्रियों के द्वितीय सम्मेलन 2025 में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल जी के साथ सम्मिलित हुए। इसमें छत्तीसगढ़ के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप भी शामिल हुए।साव ने आज बुधवार को रायपुर निवास में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि, राजस्थान में विभिन्न राज्यों के जल संसाधन, जल विशेषज्ञों और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्रियों का एक सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न राज्यों के जल संसाधन मंत्री, स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री और जल विशेषज्ञों से जल संरक्षण और जल संवर्धन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

## चौबटिया उद्यान बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस केंद्र ने स्वीकृत किए 671.62 लाख

एजेंसी



**देहरादून** : उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय उद्यान, चौबटिया को केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर टैम्परेट फरूट की स्थापना के लिए 671.62 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। यह परियोजना मुख्य रूप से सेब, आड़ू, नाशपाती, प्लम और अखरोट जैसी शीतोष्ण फसलों के उन्नत उत्पादन पर केंद्रित होगी। परियोजना की मंजूरी पर प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया।कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि यह परियोजना इंडो-डच वर्किंग ग्रुप के सहयोग से संचालित होगी। इसमें नवीन कृषि तकनीकों को अपनाते हुए आधारभूत संरचना, ट्रेनिंग हॉस्टल, सिंचाई प्रणाली, पॉलीहाउस, सॉर्टिंग-ग्रेडिंग यूनिट, प्रदर्शन प्रखंड और कोल्ड रूम की स्थापना की जाएगी। राज्य सरकार मृदा परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना में सहयोग करेगी।कृषि मंत्री ने कहा कि यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस उत्तराखंड में शीतोष्ण फलों की उन्नत खेती, अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा देगा। इससे किसानों को नई तकनीकों और आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी मिलेगी, जिससे उत्पादन और आय में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि चौबटिया उद्यान पहले से ही अपनी बागवानी प्रयोगशालाओं और अनुसंधान कार्यों के लिए प्रसिद्ध है और अब सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनने से यह और विकसित होगा।

## छत्रपति शिवाजी की जयंती पर राहुल गांधी के श्रद्धांजलि देने पर भड़की भाजपा

एजेंसी



**मुंबई** : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बुधवार को सोशल मीडिया पर छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर श्रद्धांजलि देने के बाद महाराष्ट्र भाजपा आक्रामक हो गई है। भाजपा के नेताओं ने राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की है।भाजपा नेता प्रवीण दरेकर ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा भारतवर्ष के महापुरुषों का अपमान करते रहे हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने कई बार स्वातंर्त्यवीर सावरकर का अपमान किया है। उनकी मानसिकता हमेशा देश विरोधी रही है। राहुल गांधी को अपनी इस गलती के लिए तत्काल बिनाशर्त माफी मांगनी चाहिए, वर्ना भाजपा इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।मंत्री नीतेश नारायण राणे ने कहा कि राहुल गांधी ने महाराष्ट्र ही नहीं, देश के देवता के रूप में माने जाने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर इस तरह पोस्ट वायरल किया है। यह बहुत बड़ी गलती है, लेकिन राहुल गांधी से इससे हटकर किसी भी अच्छे विचारों की अपेक्षा नहीं की जा सकती। इसका कारण है कि वे हमेशा औरंगजेबी विचारों का समर्थन करते हैं। नीतेश राणे ने कहा कि राहुल गांधी को तत्काल माफी मांगना चाहिए, वर्ना महाराष्ट्र उन्हें करारा सबक दिए बिना चुप नहीं रहेगा।भाजपा विधायक अतुल भातखलकर ने कहा कि राहुल गांधी के विचारों की वजह से ही महाराष्ट्र में कांग्रेस का सफाया हो गया है। आज उन्होंने एक महापुरुष का अपमान किया है। भले ही गलती से उन्होंने यह पोस्ट किया है, लेकिन इसे तत्काल डिलिट करके वे आम जनता से मांगें, वर्ना हम उन पर कानूनी कार्रवाई करेंगे।

# कमजोर प्रदर्शन वाले स्कूलों का मेंटर स्कूल करेंगे सहयोग : कलेक्टर

एजेंसी





**बलौदाबाजार** : कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को 10वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में प्राचार्यों की ऑनलाइन बैठक ली। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में जिले का बेहतर प्रदर्शन के लिए कम समय में अधिक प्रयास करने प्राचार्यों को निर्देशित किया।उन्होंने प्री बोर्ड परीक्षा में जिन स्कूलों का प्रदर्शन कमजोर रहा उन स्कूलों की स्थिति बोर्ड परीक्षा में बेहतर करने के लिए अच्छे प्रदर्शन करने वाले स्कूल को मेंटर निर्धारित करने कहा और मेंटर स्कूल के शिक्षक कमजोर प्रदर्शन वाले स्कूलों आवश्यक सहयोग व छात्रों को मार्गदर्शन देने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने प्री बोर्ड परीक्षा में कमजोर प्रदर्शन के बावजूद बोर्ड परीक्षा की तैयारी में लापरवाही बरतने के कारण सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिमगा, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय औरेठी, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खपराडीह, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जांगड़ा, शासकीय बहु उद्देशीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा एवं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय करमदा के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने कहा कि, प्री बोर्ड परीक्षा में एक या दो विषय में फेल होने वाले विद्यार्थियों पर ज्यादा ध्यान देकर बोर्ड परीक्षा में पास होने लायक तैयारी कराएं। रिमेडियल क्लास में बच्चों की शंकाओ को दूर करें।

उन्होंने कहा कि प्राचार्यो के लिए कसौटी है कि अपने स्कूल में कितने छात्र बेहतर नंबर में पास हो रहे है और कितने फेल हो रहे हैं। बेहतर परिणाम लाने के लिए स्कूल स्तर पर रणनीति बनाएं, छात्रों को मोबाइल में चैट जीपीटी का उपयोग कर विषय से संबंधित तैयारी करने में सहयोग कर सकते हैं। बताया गया कि, प्री बोर्ड परीक्षा में सिमगा एवं भाटापारा विकासखंड के ज्यादातर स्कूलों का प्रदर्शन औसत रहा वहीं कसडोल एवं पलारी विकासखंड के स्कूलों का बेहतर परिणाम रहा। इस वर्ष 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा 1 मार्च 2025 से प्रारम्भ होने जा रहा है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित सहायक संचालक व जिला समन्वयक उपस्थित थे।

## दो दिवसीय हुजूर साहब मेला शुरू, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**जलपाईगुड़ी** : दो दिवसीय हुजूर साहब मेला जिले के हल्दीबाड़ी में शुरू हो गया है। भेदभाव के बिना इस मेले में बड़ी संख्या में मुस्लिम के साथ ही हिंदू भी शामिल हो रहे हैं। हालांकि बांग्लादेश में तनाव के कारण इस साल विशेष सतर्कता बरती जा रही है। हुजूर साहब मेले को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया है। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ ही निगरानी बढ़ाई गई है।बता दे कि हुजूर साहब मेला हर साल फाल्गुन माह की चार और पांच तारीख को आयोजित होता है। इस मेले में जाति और धर्म से परे लाखों लोग आते हैं। अगरबत्ती और मोमबत्तियां जलाकर हुजूर साहब से मन्नत मांगते है। इस साल भी मेला मंगलवार रात से शुरू हो चुका है। मेले में अलग-अलग हिस्सों से काफी लोग जुट रहे हैं। प्रशासन ने मेले को देखते हुए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। मेले के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की भी व्यवस्था की गई है।

# शिवाजी जयंती पर 4 हजार ठाणे वासी पदयात्रा में हुए शामिल

एजेंसी





**मुंबई** : छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती के अवसर पर ठाणे शहर से निकाली गई 6 किलोमीटर लंबी जय शिवाजी जय भारत पदयात्रा को ठाणे के नागरिकों के साथ-साथ सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूल और कॉलेज के छात्रों का अभूतपूर्व प्रतिसाद मिला। मार्च का पूरा क्षेत्र जय शिवाजी, जय भारत जैसे नारों से भरा हुआ था। इस पदयात्रा में चार हजार से अधिक स्कूल के छात्र ,छात्राओं और नागरिकों ने भाग लिया।इस अवसर पर ठाणे जिला कलेक्टर अशोक शिंगारे, मनपा आयुक्त सौरभ राव, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, निवासी उप कलेक्टर डॉ. संदीप माने, मनपा 2 के अपर आयुक्त प्रशांत रोडे, तथा उपायुक्त उमेश बिरारी, उपस्थित थे। यह पैदल मार्च भारत सरकार के ठाणे जिला कलेक्ट्रेट और ठाणे नगर निगम द्वारा आयोजित की गई थी। ठाणे शहर से सुबह 7.30 बजे यह पदयात्रा शिव समर्थ स्कूल के प्रांगण से शुरू हुई।वहां से, मारोतराव शिंदे तरण तालाब, दत्त मंदिर घाट, प्रभात सिनेमा सिग्नल, छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा, रंगो बापूजी गुप्ते चौक, टेंभिनाका, कोर्ट नाका, सेंट्रल मैदान, ठाणे जिला जेल, जीपीओ, सिविल अस्पताल, सिगनोंग, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर रोड, खोपट सिग्नल, अलमेडा चौक, नगर निगम मुख्यालय, पचपाखड़ी प्रशांत कॉर्नर, आराधना टॉकीज चौक पी.एन. मार्च गाडगिल चौक, तलावपाली से वापस शिव समर्थ स्कूल, पाटणगण में संपन्न हुआ।इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में सभी सरकारी प्रतिष्ठानों के अधिकारी/कर्मचारी, शैक्षणिक संस्थानों के छात्र, एनएसएस, सामाजिक संगठन और ट्रस्टों के लोग शामिल हुए।

# विद्यालय संचालन करना सर्वोत्तम कार्य : अविनाश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : इंडियन पब्लिक स्कूल कुंदरी के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के फायर ब्रिगेड नेता और संत मरियम विद्यालय के डायरेक्टर अविनाश देव शामिल हुए। उन्होंने मां सरस्वती के प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किए और कार्यक्रम का शुरुआत किए। विद्यालय के निदेशक ने पुष्पगुच्छ देकर अविनाश देव का स्वागत किए। विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़ कर एक गीत नृत्य पेश किया। बच्चों अभिभावकों को संबोधित करते हुए अविनाश देव ने कहा कि दुनिया में रोजगार के लिए बहुत कार्य है। किंतु जो विद्यालय संचालन करता है, निश्चित ही वह राष्ट्र को मजबूत करता है। आजादी के प्लैटिनम जुबली के बाद भी शिक्षा का स्तर प्लैटिनम के पार नहीं किया। ऐसे दूर द्रष्टा जो शिक्षा को माध्यम बना कर आगे बढ़ रहा है हम उसके हौसले को सलाम करते हैं। हम बार- बार दोहराते हैं कि एक स्कूल खुलने का मतलब होता है सौ जेल को बंद होना। सुदूर गांव में इंडियन पब्लिक स्कूल इस इलाके के लिए इबादत लिख रहा है। आप सब अभिभावक से गुजारिश है कि निश्चित हो कर अपने बच्चों को नामांकन कराएं। आगे के लिए हम आपके साथ खड़े हैं। कम रोटी खाकर आंचल के खूंट के पैसा से,चूल्हा चौकी के पैसा से,ठेला खोमचा के पैसा से अपने कलेजे के टुकड़े को जरूर पढ़ाएं। यही बच्चा एक दिन देश के तकदीर लिखेगा। इंडियन पब्लिक स्कूल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय परिवार को बहुत बहुत आभार।विशेषकर निदेशक दिलीप कुमार साहू,प्रिंसिपल अनुप्रिया, शिक्षक पूजा कुमारी,चंचल कुमारी, आकृति कुमारी, मोनम कुमारी, खुशी कुमारी,सौरव कुमारी,पूनम कुमारी,प्रेम कुमार,मो0 एहसान जी को शुक्रिया।

# मृतक भी नगर निगम का होल्डिंग बकायेदार

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची ।** रांची नगर निगम ने अपने राजस्व वसूली अभियान को तेज कर दिया है। करीब 73 सभी बड़े बाकायेदार है उनकी सूची तैयार करके उन्हें नोटिस भेजने की भी तैयारी शुरू कर दिया है। फिलहाल अभी नामों की सूची तैयार कर दिया है। लेकिन इस सूची में एक मृतक अनीस कुरैशी को भी शामिल कर दिया है। अनीस की मृत्यु 9 फरवरी2025 को हो गई है। निगम को इसकी जानकारी शायद नहीं दी गई है। बता दे कि रांची नगर निगम ने अपने राजस्व वसूली अभियान को और तेज करते हुए उन 73 बड़े बकाएदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है, जिन्होंने नगर निगम द्वारा कई बार दिए गए नोटिस के बावजूद अब तक अपना घृतिकर (होल्डिंग टैक्स) जमा नहीं किया है। इन बकाएदारों पर कुल 2.33 करोड़ की देनदारी है, जिससे नगर निगम को राजस्व हानि हो रही है और शहरी सेवाओं के सुचारू संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही है।

**पूर्व में दी गई थी चेतावनी, अब होगी कार्रवाई:** नगर निगम द्वारा पूर्व में 100 प्रमुख बकाएदारों को नोटिस जारी कर बकाया घृतिकर का भुगतान करने के निर्देश दिए गए थे। निगम के कर संग्रहकर्ताओं और अधिकृत एजेंसियों ने भी इन बकाएदारों से संपर्क कर उन्हें कर जमा करने के लिए प्रेरित किया, लेकिन अब तक 73 बकाएदारों ने कोई रुचि नहीं दिखाई। बकाएदारों की इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए 20 फरवरी 2025 को इन सभी 73 बकाएदारों को अंतिम नोटिस जारी किया जाएगा। यदि तीन कार्यदिवस के भीतर अर्थात 23 फरवरी 2025 तक बकाया कर का भुगतान नहीं किया जाता है, तो नगर निगम बाध्य होकर इन बकाएदारों की निम्नलिखित नागरिक सुविधाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर देगा:घर-घर कचरा संग्रहण सेवा , जलापूर्ति सहित अन्य म्युनिसिपल सेवाएं कानूनी प्रावधानों के तहत की जा रही है कार्रवाई यह कार्रवाई झारखंड नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम, 2021 की धारा 11 (14) (6) के तहत की जा रही है। इस अधिनियम के अंतर्गत नगर निगम को यह अधिकार प्राप्त है कि वह नागरिक सुविधाओं को स्थायी या अस्थायी रूप से निलंबित कर सकता है, यदि संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था के द्वारा नगर निगम के बकाये कर का भुगतान नहीं किया जाता है।

**प्रशासक की अपील- समय रहते करें कर भुगतान:** सभी करदाताओं से अपील है कि वे इस अंतिम चेतावनी को गंभीरता से लें और निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने बकाए करों का भुगतान करें। अन्यथा, नगर निगम मजबूर होकर उनकी नागरिक सुविधाओं को रोकने के लिए विवश होगा। रांची नगर निगम सभी नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। समय पर कर भुगतान से शहर की विकास योजनाओं को सुदृढ़ किया जा सकता है। अतः सभी बकाएदार निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना कर भुगतान करें और नागरिक सेवाओं में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचें।

**बकाएदारों की सूची में शामिल प्रमुख नाम:** मेसर्स बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर थ्रू सेक्रेटरी, मोदस्सर, हुसैन, दानिश, शिला देवी पोद्दार, मंजुला देवी,मैसर्स चिकित्सक संघ डॉक्टर क्लब, छोटानागपुर पब्लिक स्कूल. थ्रू द सेक्रेटरी सुखनाथ , बिनोद प्रकाश सिंह, जय प्रकाश सिंह, एमआर. ओम. प्रकाश सिंह एंड अदर्स,एसएमटी. सरोज देवी शर्मा,एमआर. सुबोध कुमार प्रसाद,.मेसर्स बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेसरा,.शत्रुघन सिंह,मेसर्स सेक्रेटरी छोटानागपुर डायोसेसन ट्रस्ट एसोसिएट,शेओ शंकर सबू, एमआर. उमा शंकर साबू,एमआर. एकबाल हसन, बिरसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ट्रस्ट बिट्ट अपनी अध्यक्ष वंदना कुमारी के माध्यम से,राजेश कुमार अग्रवाल,लेस्स यंग मेन्स क्रिश्चियन एसोसिएशन धुर्वा, गजेंद्र चौधरी, ईयार अहमद मोजिबी, अंशु सहाय, ऑक्यूपियर चंद्रकांता देवी,एमआर. विकास मैत्री सोसायटी,कैलाश कुमार केशरी,हरिहर सिंह मुंडा,जावेद अख्तर, सुमन शर्मा, रमेश कुमार खेमकाकिशन लाल चौधरी, चंद्र कला देवी, अनूप कुमार वाधवा, एमआर. राजेंदर प्रसाद, एमआर. सहदेव प्रसाद एमआर, बलदेव प्रसाद एंड अदर्स, एम/एस एस.पी.जी. मिशन, ब्लाइंड स्कूल,.मेसर्स बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेसरा,एमआर. एमडी बदरुद्दीन,एमआर. फिल्मों टोप्पो, कृष्णा प्रकाश, कांति पन्ना,एमडी शमीम, एमआर. प्रकाश रंजन श्रीवास्तव, अधिभोगी रामेश्वर प्रसाद साहू, एमआरएस. कौशल्या देवी,बेलुगा, तुसिहार कांति रॉय, इंद्रजीत रॉय, रामरतन गोपे,शोएब अख्तर,बीरेंद्र कुमार,नरेश कुमार, सुनील कुमार तिवारी, एमआर. कन्हैया लाल मंदानी, राज देवी राजगढ़िया, अश्वनी कुमार रगरहिया,सूर्य कुमार प्रसाद,एम/एस एस.पी.जी. मिशन, एल.पी. स्कूल, मोहन प्रसाद एवं अन्य,रिपुंजय प्रसाद सिंह,मोहम्मद ओवैस कुरैशी, अनीश कुरैशी,नीलू वर्मा, मेसर्स ब्रज किशोर पब्लिक,शैक्षिक सोसायटी ट्रस्टी,प्रेम शंकर, मोजाहिद सुफियान इत्यादि शामिल हैं।

